RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 44
नई दिल्ली, शुक्रवार, 16 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





विराट कोहली जानते हैं, कब आक्रामक होना है
स्पोर्ट्स-12


# संसद में गूंजा जजों की नियुक्ति का विवाद

## कानून मंत्री किरन रिजीजू ने फिर साधा सुप्रीम कोर्ट पर निशाना, कहा-जजों की नियुक्ति में सरकार की बहुत सीमित भूमिका

● कहा-देश की विभिन्न अदालतों में लंबित मामलों की संख्या पांच करोड़ के करीब पहुंची

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



संसद में बोलते केंद्रीय मंत्री किरन रिजीजू

**सुप्रीम** कोर्ट और सरकार के बीच जारी विवाद बृहस्पतिवार को और बढ़ गया जब केंद्रीय कानून मंत्री किरन रिजीजू ने जजों की नियुक्ति में सरकार की 'सीमित भूमिका' पर सवाल उठाया और इस बात पर जोर दिया कि यह संविधान की भावना के अनुकूल नहीं है। रिजीजू ने संसद को बताया कि उच्च न्यायपालिका में रिक्तियां और नियुक्तियां तब तक लंबित रहेंगी जब तक कि इसके लिए नए प्रणाली विकसित न हो जाए। उन्होंने कहा ' वर्तमान में सरकार के पास इन रिक्तियों (अदालतों में) को भरने के लिए अधिकार सीमित है।' उन्होंने कहा कि केंद्र कोलेजियम के द्वारा सुझाए गए नामों के अलावा अन्य पर विचार नहीं कर सकता। कई राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी, अखिलेश प्रसाद सिंह, एल हनुमतैया, जेबी माथेर तथा सैयद नसीर हुसैन (सभी कांग्रेस), शिवसेना की प्रियंका चतुर्वेदी, आप के राघव चड्ढा ने उच्च न्यायपालिका में नियुक्तियों में सरकार के हस्तक्षेप के कथित प्रयास से संबंधित चिंताओं पर स्थगन नोटिस दिया। नोटिस में अन्य मुद्दे भी जैसे सीबीआई, ईडी तथा अन्य सरकारी एजेंसियों के 'दुरुपयोग', किसानों के आंदोलन से उपजे हालात शामिल थे। ऊपरी सदन में रिजीजू का यह बयान सुप्रीम कोर्ट द्वारा उपराष्ट्रपति तथा राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया जताने के बाद आया है। धनखड़ ने अपने बयान में जजों की नियुक्तियों का संदर्भ लिया था और उसमें सरकार की हिस्सेदारी ज्यादा होने पर जोर दिया था। रीजीजू ने संसद में कहा कि देश की विभिन्न अदालतों में लंबित मामलों की संख्या पांच करोड़ की संख्या को छूने वाली है और सरकार ने इसमें कमी लाने के लिए कदम उठाए हैं लेकिन न्यायाधीशों की नियुक्ति के संबंध में उसके पास सीमित अधिकार हैं। रीजीजू ने पूरक सवालों का जवाब देते हुए कहा कि देश की विभिन्न अदालतों में बड़ी संख्या में मामलों के लंबित होने से आम लोगों पर पड़ने वाले असर को समझा जा सकता है। उन्होंने अदालतों में बड़ी संख्या में मामलों के लंबित होने पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों की संख्या अधिक होने का एक अहम कारण न्यायाधीशों की संख्या भी है। उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों के रिक्त पदों को भरने के लिए केंद्र के पास बहुत अधिकार नहीं हैं और उसे इसके लिए कॉलेजियम द्वारा सुझाए गए नामों पर ही विचार करना होता है और सरकार नए नाम नहीं खोज सकती है। उन्होंने कहा कि 2015 में संसद के दोनों सदनों ने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) विधेयक को सर्वसम्मति से मंजूरी दी थी और उसे दो-तिहाई राज्यों ने भी मंजूरी दी थी। उन्होंने कहा कि देश संविधान से और लोगों की भावना से चलता है और देश की संप्रभुता लोगों के पास है।

रीजीजू ने कहा कि लेकिन उच्चतम न्यायालय ने संबंधित कानून को रद्द कर दिया। उन्होंने कहा कि उस कानून को रद्द करने वाली पीठ में शामिल न्यायाधीशों के साथ ही कई अन्य सेवानिवृत्त न्यायाधीशों एवं न्यायविदों ने भी कहा है कि कानून रद्द करने का वह फैसला सही नहीं था। उन्होंने कहा कि देश संविधान से और लोगों की भावना से चलता है। उन्होंने कहा कि सरकार पूरी ताकत एवं पूरी योजना के साथ कदम उठाए हैं ताकि लंबित मामलों की संख्या में कमी आ सके। न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया का जिक्र करते हुए विधि मंत्री ने कहा कि इसमें सरकार हस्तक्षेप नहीं करती लेकिन कॉलेजियम को नियुक्ति के लिए नाम भेजते समय देश की विविधता का भी ख्याल रखना चाहिए। न्यायपालिका (शेष पेज 8)

# 43 पुलिसकर्मी गैर इरादतन हत्या के दोषी

● दस सिख यात्रियों के एनकाउंटर का मामला
● कोर्ट ने 31 वर्ष पहले पीलीभीत में हुई कथित मुठभेड़ पर सात-सात साल की सजा सुनाई

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**वर्ष** 1991 में पीलीभीत में 10 सिख यात्रियों को उग्रवादी बताकर इनकाउंटर करने के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने 43 पुलिसकर्मियों को गैरइरादतन हत्या का दोषी करार दिया है और इन्हें सात-सात साल की सजा सुनाई है। इनमें 32 पुलिसवाले जेल में हैं जबकि 11 जमानत पर रिहा है। पीठ ने इन्हें हिरासत में लेने का आदेश दिया है। चार अप्रैल 2016 को सीबीआई की विशेष अदालत ने इन पुलिसकर्मियों को हत्या का दोषी करार दिया था और उम्र कैद की सजा सुनाई थी। पीठ ने विशेष अदालत के इस फैसले को निरस्त कर दिया है।

जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस सरोज यादव की पीठ ने यह आदेश मुल्जिम पुलिसकर्मी देवेंद्र पांडेय व अन्य की ओर से उम्र कैद की सजा के खिलाफ दाखिल अपीलों को आंशिक तौर पर मंजूर करते हुए दिया है। इन अपीलार्थी पुलिसकर्मियों का तर्क था कि एनकाउंटर में मारे गए मृतकों में कई का लंबा आपराधिक इतिहास था। वो खालिस्तान लिब्रेशन फ्रंट नामक आतंकी संगठन के सदस्य भी थे। मृतकों में बलजीत सिंह उर्फ पप्पू, जसवंत सिंह, हरमिंदर सिंह उर्फ मिंटा, सुरजन सिंह उर्फ बिट्टू व लखविंदर सिंह के खिलाफ हत्या, लूट व टाडा आदि के मामले दर्ज थे। पीठ ने अपने 179 पन्ने के निर्णय में कहा है कि सभी मृतकों का आपराधिक इतिहास नहीं था। ऐसे में आतंकियों के साथ निर्दोषों को भी मार देना स्वीकार्य नहीं किया जा सकता। इस मामले में अपीलार्थी पुलिसकर्मियों और मृतकों के बीच कोई दुश्मनी नहीं थी। अपीलार्थी सरकारी सेवक थे और उनका उद्देश्य कानून व्यवस्था बनाए रखने का था। फिर भी इसमें कोई संदेह नहीं है कि अपीलार्थियों ने अपनी शक्तियों का आवश्यकता से अधिक इस्तेमाल किया लेकिन उन्होंने यह इस विश्वास के साथ किया कि वो अपने विधिपूर्ण और आवश्यक दायित्व का निर्वहन कर रहे थे। इन परिस्थितियों में अपीलार्थी पुलिसकर्मियों को आईपीसी की धारा 302 में नहीं बल्कि सिर्फ धारा 304 में दोषी करार दिया जा सकता है।

### यह है मामलाः-

**12** जुलाई 1991 की सुबह सिख तीर्थ यात्रियों से भरी बस इटावा से पीलीभीत के लिए रवाना हुई। इनमें से 11 सिख यात्रियों को नीचे उतार लिया गया। चार सिख यात्रियों को पीलीभीत के थाना बिलसंडा के फगुनाई घाटए चार सिख यात्रियों को थाना नोरिया के घमेला कुंआ जबकि दो सिख यात्रियों को थाना पूरनपुर के पत्ताबोझी इलाके में इनकाउंटर में मार दिया गया। 11वें सिख यात्री का आज तक पता नहीं चल सका है। अपीलार्थियों की ओर से दलील दी गई कि मारे गए 10 लोगों में बलजीत सिंह उर्फ पप्पू, जसवंत सिंह उर्फ ब्लिजी, हरमिंदर सिंह उर्फ मिंटा तथा सुरजान सिंह उर्फ बिट्टू खालिस्तान लिब्रेशन फ्रंट के आतंकी थे।

उन पर हत्या, डकैती, अपहरण व पुलिस पर हमले जैसे जघन्य अपराध के मामले भी दर्ज थे। इन दोषी पुलिसकर्मियों में रमेश चंद्र भारती, वीरपाल सिंह, नत्थु सिंह, सुगम चंद, कलेक्टर सिंह, कुंवर पाल सिंह, श्याम बाबू, बनवारी लाल, दिनेश सिंह, सुनील कुमार दीक्षित, अरविंद सिंह, राम नगीना, विजय कुमार सिंह, उदय पाल सिंह, मुन्ना खान, दुर्विजय सिंह पुत्र टोडी लाल, गयाराम, रजिस्टर सिंह, दुर्विजय सिंह पुत्र दिलाराम, हरपाल सिंह, रामचंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, ज्ञान गिरी, लखन सिंह, नाजिम खान, नारायन दास, कृष्णवीर, करन सिंह, राकेश सिंह, नेमचंद्र, शमशेर अहमद व शैलेन्द्र सिंह फिलहाल जेल में हैं। जबकि देवेन्द्र पांडेय, मोहम्मद अनीस, वीरेंद्र सिंह, एमपी विमल, आरके राघव, सुरजीत सिंह, राशिद हुसैन, सैयद आले रजा रिजवी, सत्यपाल सिंह, हरपाल सिंह व सुभाष चंद्र जमानत पर हैं।

# आईजीआई एयरपोर्ट पर अतिरिक्त कर्मी होंगे तैनात

● भीड़भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सीआईएसएफ के 1,400 अतिरिक्त कर्मियों को भेजा जाएगा
● सीआईएसएफ के 1400 अतिरिक्त कर्मी तैनात करने को दी गई मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**इंदिरा** गांधी अंतरराष्ट्री हवाई अड्डा पर आजकल यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भीड़ को नियंत्रण करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अतिरिक्त 1400 कर्मियों को तैनात करने की मंजूरी दे दी है। पहले से यहां पर 5,000 से अधिक कर्मी तैनात है।

यात्रियों की सुरक्षा जांच में तेजी सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार ने यह फैसला किया है। छुट्टियों के मौसम के कारण आईजीआई पर काफी भीड़ देखने को मिल रही है। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को नागरिक उड्डयन मंत्रालय, नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस), आव्रजन ब्यूरो व अन्य हिताधारकों की एक बैठक हुई।

यह बैठक विशेष रूप से दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु समेत बड़े हवाई अड्डों पर भीड़भाड़ कम करने के लिए किए गए उपायों की समीक्षा के लिए बुलाई गई थी। बैठक के दौरान बताया गया कि सीआईएसएफ के 1,400 अतिरिक्त जवान जल्द ही इंदिरा गांधी (शेष पेज 8)

# गाजियाबाद में रील बना रहे दंपति समेत तीन ट्रेन से कटे

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**सोशल** मीडिया पर रील बनाने की दीवानगी अब जानलेवा बन गई है। खतरनाक वीडियो बनाने के चक्कर में गाजियाबाद के मसूरी में रेलवे ट्रैक पर पद्मावत एक्सप्रेस से कटकर पति-पत्नी और एक युवक ने अपनी जान गंवा दी। ट्रेन के लोको पायलट ने स्टेशन को दी लिखित सूचना में बताया कि दो युवक और एक युवती ट्रेन की पटरी पर खड़े थे। वे मोबाइल के फ्लैश लाइट से वीडियो शूट कर रहे थे। पायलट ने कई बार हॉर्न भी दिया, लेकिन उन्हें सुनाई नहीं दिया। वे रेलवे ट्रैक पर ही खड़े रहे जिससे तीनों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि तीनों के शव के टुकड़े ट्रैक पर 100 मीटर की दूरी तक बिखरे मिले। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे के बारे में जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर आरसी पंत ने बताया कि बुधवार रात करीब 9 बजे कल्लूगढ़ी फाटक और डासना स्टेशन के बीच में (शेष पेज 8)

# जो शराब पिएगा, वो मरेगाः नीतीश

● जहरीली दारू पीकर मरने वालों की संख्या 26 हुई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/पटना

**बिहार में जहरीली** शराब से मरने वालों की संख्या 26 पर पहुंचने और राज्य सरकार की शराबबंदी नीति को लेकर हो रहे चौतरफा हमलों के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बृहस्पतिवार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि लोग जहरीली शराब पिएंगे, तो वे मरेंगे। पूर्ण शराबबंदी लागू कर चुके बिहार के सारण जिले में कथित रूप से जहरीली शराब पीने से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बृहस्पतिवार को बढ़कर 26 हो गई। वहीं सारण जिले में हुई इस घटना की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। इस मामले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने उस रुख पर कायम रहे कि शराबबंदी मेरी व्यक्तिगत इच्छा से लागू नहीं की गई, बल्कि राज्य की महिलाओं के अनुरोध पर इसे लागू किया गया। साथ ही उन्होंने कहा, जो पिएगा वो मरेगा। सारण जिला मजिस्ट्रेट राजेश मीणा ने बताया कि बुधवार रात मृतक संख्या 21 थी, जो आज बढ़कर 26 हो गई। सारण के सिविल सर्जन एवं चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने बताया (शेष पेज 8)



पटना विधानभवन में नीतीश के विरुद्ध प्रदर्शन करते भाजपा विधायक

## भाजपा सांसदों ने केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग की

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बृहस्पतिवार को बिहार जहरीली शराब कांड का उल्लेख करते हुए भारतीय जनता पार्टी के कुछ सदस्यों ने केंद्र से राज्य की कानून व्यवस्था पर ध्यान देने के लिए हस्तक्षेप की मांग की और केंद्रीय दल भेजकर रिपोर्ट मंगाने का अनुरोध भी किया। भाजपा के संजय जायसवाल ने शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाते हुए आरोप लगाया कि बिहार में जहरीली शराब की बिक्री और इससे लोगों की मौत राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य के मुख्यमंत्री इसका संज्ञान नहीं लेते, बल्कि इसके विपरीत वह कहते हैं कि जो शराब पीएगा, वह मरेगा। जायसवाल ने (शेष पेज 8)

# ब्रिटिश सुप्रीम कोर्ट में अपील नहीं कर पाएगा नीरव मोदी

● हाईकोर्ट ने प्रत्यर्पण के आदेश के खिलाफ अपील की अनुमति देने से किया इनकार, लंदन के वैंडसवोर्थ जेल में बंद है भगोड़ा हीरा सौदागर

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/लंदन



**भगोड़े** हीरा व्यापारी नीरव मोदी को बृहस्पतिवार को उसके प्रत्यर्पण के खिलाफ कानूनी लड़ाई में तब एक और झटका लगा जब लंदन स्थित हाईकोर्ट ने उसके प्रत्यर्पण आदेश के खिलाफ उसे ब्रिटेन के सुप्रीम कोर्ट में अपील करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया।

नीरव मोदी धोखाधड़ी और धनशोधन के आरोप में मुकदमे का सामना करने के लिए भारत में वांछित है। लंदन में रॉयल कोर्ट्स ऑफ जस्टिस में न्यायमूर्ति जेरेमी स्टुअर्ट-स्मिथ और न्यायमूर्ति रॉबर्ट जे ने फैसला सुनाया कि अपीलकर्ता (नीरव मोदी) की सुप्रीम कोर्ट में अपील करने की अनुमति के अनुरोध वाली अर्जी खारिज की जाती है।

यह फैसला 51 वर्षीय हीरा व्यापारी की अपील दायर करने की दाखिल अर्जी पर भारत सरकार की ओर से ब्रिटेन की क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस (सीपीएस) द्वारा जवाब दायर करने के करीब एक सप्ताह बाद आया। उच्च न्यायालय का नवीनतम आदेश नीरव मोदी को नवीनतम अर्जी के संबंध में 150,247.00 पाउंड की विधिक लागत का भुगतान करने का भी निर्देश दिया। पिछले महीने, 51 वर्षीय हीरा (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,799 | ↓ 878 |
| निफ्टी | 18,414 | ↓ 245 |
| सोना | 54,554 | ↓ 420 /10g |
| चांदी | 68,254 | ↓ 869 /kg |

## क्विक न्यूज

### जेईई मुख्य परीक्षा 24 से 31 जनवरी के बीच

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि अभियांत्रिकी प्रवेश परीक्षा जेईई मुख्य 24 से 31 जनवरी के बीच होगी तथा गणतंत्र दिवस उसका अपवाद होगा। परीक्षा का दूसरा सत्र अप्रैल में होगा। परीक्षा के लिए आवेदन 15 दिसंबर से 12 जनवरी तक जमा किए जा सकेंगे। एनटीए की वरिष्ठ निदेशक (परीक्षा) साधना पाराशर ने कहा, अकादमिक सत्र 2023-24 के लिए यह तय किया गया है कि जेईई (मुख्य)-2023 दो सत्रों में आयोजित किया जाएगा। पहला सत्र (जनवरी, 2023) और दूसरा सत्र (अप्रैल, 2023) होगा। यह परीक्षा 13 भाषाओं- अंग्रेजी, हिंदी, असमी, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, ओडिया, पंजाबी, तमिल, तेलुगू और उर्दू में होगी।

# गोधरा ट्रेन कांड के दोषी को सुप्रीम कोर्ट से जमानत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने वर्ष 2002 में गोधरा में ट्रेन कोच को जलाने के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे एक दोषी को बृहस्पतिवार को यह कहते हुए जमानत दे दी कि वह पिछले 17 वर्षों से जेल में है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ ने दोषी फारूक की तरफ से पेश वकील की इस दलील को स्वीकार कर लिया कि जेल में अब तक बिताई गई अवधि को ध्यान में रखते हुए उसे (फारूक को) जमानत दी जानी चाहिए।

वहीं, गुजरात सरकार की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह सबसे जघन्य अपराध था, जिसमें महिलाओं और बच्चों समेत 59 लोगों को जिंदा जला दिया गया था और दोषियों की याचिकाओं पर जल्द से जल्द सुनवाई किए जाने की जरूरत है। फारूक समेत कई अन्य लोगों को गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस के कोच पर पथराव करने का दोषी ठहराया गया था। मेहता ने जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि आमतौर पर पथराव मामूली प्रकृति का अपराध माना जाता है, लेकिन उक्त मामले में ट्रेन के कोच को अलग किया गया था और यह सुनिश्चित करने के लिए उस पर पथराव किया गया था कि यात्री बाहर न आ सकें।

उन्होंने आगे कहा कि इसके अलावा, दमकल कर्मियों पर भी पत्थर फेंके गए थे। मेहता ने कहा, उसने (जमानत मांग रहे दोषी) दूसरों को उकसाया, पत्थर बरसाए और यात्रियों को घायल किया। सामान्य परिस्थितियों में, पथराव करना कम अपराध हो सकता है... लेकिन यह मामला अलग है। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा, मामले के तथ्यों पर गौर फरमाते हुए फारूक द्वारा दायर की गई (शेष पेज 8)

# मेस्सी बनाम एमबाप्पे होगा मुकाबला

● विश्व कप फुटबाल के फाइनल में भिड़ेंगी अर्जेंटीना और फ्रांस की टीमें

**एपी।** अल खोर



लियोनेल मेस्सी



काइलियान एमबाप्पे

**आखिरी** मुकाबला लियोनेल मेस्सी बनाम काइलियान एमबाप्पे। फ्रांस और एमबाप्पे ने मोरक्को के ऐतिहासिक अश्वमेधी अभियान में नकेल कसते हुए एक बार फिर फुटबॉल के महासमर के खिताबी मुकाबले में जगह बना ली और दुनिया भर के फुटबॉलप्रेमियों को मिला एक ड्रीम फाइनल।

दर्शक दीर्घा में राष्ट्रपति एमैन्युअल मैकरोन की मौजूदगी में पिछले चैम्पियन फ्रांस ने पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचने वाली अफ्रीकी टीम मोरक्को को 2-0 से हराया। एमबाप्पे ने पांचवें मिनट में थियो हर्नांडिज और 79वें मिनट में सब्स्टीट्यूट रेंडल कोलो मुआनी के गोल में सूत्रधार की भूमिका निभाई। फ्रांस का सामना रविवार को अर्जेंटीना से होगा और उसकी नजरें 1962 में ब्राजील के बाद खिताब बचाने वाली पहली टीम बनने पर लगी होंगी। एमबाप्पे के पास 35 वर्ष के मेस्सी की टीम के खिलाफ चमत्कारिक प्रदर्शन करके फुटबॉल के महानतम खिलाड़ियों में अपना नाम दर्ज कराने का मौका होगा। एमबाप्पे 2018 में रूस में फ्रांस की खिताबी जीत के बाद फुटबॉल के सुपरस्टार बनकर उभरे थे। पिछले 15 साल से चले आ रहे मेस्सी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दबदबे को उन्होंने चुनौती दी थी।

उनके पास लगातार दो विश्व कप जीतने वाले पेले के करिश्मे को दोहराने का मौका होगा। कई मायनों में यह ड्रीम फाइनल है जिसमें फ्रांस पिछले 60 साल में लगातार दूसरी बार खिताब जीतने वाली पहली टीम बनना चाहेगी तो अर्जेंटीना मेस्सी को उनके आखिरी विश्व कप का तोहफा खिताब के रूप में देने को लालायित होगी। मध्यपूर्व में पहली बार हो रहे विश्व कप फाइनल में अरब की कोई टीम नहीं बची है।

अफ्रीका की टीम मोरक्को ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करके यूरोपीय महाशक्तियों स्पेन और पुर्तगाल को नॉकआउट चरण में हराया। इससे पहले क्रोएशिया और बेल्जियम जैसी टीमों के ग्रुप में शीर्ष रही थी। अपने प्रदर्शन से उसने दुनिया भर में करोड़ों फुटबॉल प्रेमियों के दिल जीते। फ्रांस के गोलकीपर हुगो लोरिस ने कहा, हमें अपनी पूरी ऊर्जा झोंकनी होगी उस टीम के खिलाफ जिसके पास मेस्सी जैसा लीजैंड है। मोरक्को के कोच वालिद रेग्रागुइ ने कहा, हम मोरक्को के लोगों के लिए निराश हैं। हम उनका सपना जीवित रखना चाहते थे। हम फाइनल में भी जा सकते थे लेकिन हमें (शेष पेज 8)

# ढाई लाख इनामी विकास लागरपुरिया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**हरियाणा** के गुरुग्राम में पिछले साल हुई करोड़ों रुपए की चोरी के कथित मुख्य साजिशकर्ता गैंगस्टर विकास लागरपुरिया को बृहस्पतिवार को दिल्ली-गुरुग्राम सीमा के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एसटीएफ के महानिरीक्षक बी सतीश बालन ने कहा कि लागरपुरिया दिल्ली से एक कैब में यात्रा कर रहा था, उसी दौरान उसे पकड़ लिया गया। विकास लागरपुरिया पर ढाई लाख रुपए का इनाम था। उन्होंने कहा कि एसटीएफ हरियाणा द्वारा दो लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था, जबकि दिल्ली पुलिस ने उस पर 50,000 रुपए का इनाम घोषित किया था। बी सतीश बालन ने कहा कि वांछित अपराधी लागरपुरिया को आज शहर की एक अदालत में पेश किया गया और उसे 10 दिन (शेष पेज 8)

# अपहरण कर रंगदारी में युवक के भाई से मांगा कुत्ता

## पिस्टल की नोक पर पीड़ित को कार में दबोचकर तीन युवक ले गए थे अलीगढ़

● सूचना मिलते ही पुलिस ने आरोपियों पर डाली दबिश, पीड़ित को बीच सड़क पर छोड़कर भागे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है, यहां एक कुत्ता पसंद आने पर युवक ने कुत्ते के मालिक के भाई का अपहरण लिया। उसे ग्रेटर नोएडा से स्कॉर्पियों में डालकर अलीगढ़ ले गए।

युवक के भाई से फिरौती के रूप में कुत्ता मांगने लगे। कुत्ते के मालिक ने भाई के अपहरण की सूचना पुलिस को दी। पुलिस के सक्रिय होते ही आरोपियों ने युवक को अलीगढ़ में बीच रास्ते में छोड़ दिया और मौके से फरार हो गए। मामला बीटा 2 थाना क्षेत्र के अल्फा 2 सेक्टर का है। यहां के निवासी राहुल ने बताया कि उसके भाई शुभम के पास एक रॉटविलर कुत्ता है। बुधवार शाम को शुभम अपने कुत्ते को घुमा रहा था तभी अलीगढ़ के रहने वाले तीन युवक विशाल, ललित और मोंटी अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी से आए और उसका कुत्ता पसंद आने की बात कहने लगे। राहुल ने बताया, तीनों ने शुभम से कहा कि हमें ये कुत्ता पसंद आ गया है इसलिए इसे हमें दे दो। अपना कुत्ता देने से इन्कार किया तो आरोपी युवक बहस करने लगे और कुत्ते को किसी भी कीमत पर ले जाने की जिद पर अड़ गए। भाई की लोगों से बहस होती देखकर मैं भी मौके पर पहुंच गया और बीच.बचाव की कोशिश करने लगा। राहुल के मुताबिक जब इस बात का मैंने विरोध किया तो तीनों ने अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी ये पिस्टल निकालकर उसके बल पर मुझे बिठा लिया और मेरे भाई शुभम को धमकी देते हुए निकल गए। उसके बाद आरोपियों ने मेरे भाई शुभम को कॉल की और कहा कि अब अगर अपने भाई को वापस लेना है तो उस कुत्ते को हमें दे दो। इस दौरान रास्ते में आरोपियों ने गाली.गलौज भी की और राहुल का अपहरण करके अलीगढ़ तक ले गए।



फोन पर बातचीत के दौरान रोड वीलर कुत्ता लाने की जिद पर अड़े रहे। इसके बाद राहुल को बंधक बनाकर अलीगढ़ ले जाकर पीटा। आरोपी बार-बार एक ही बात कहते रहे कि उस कुत्ते को तो लेकर ही रहेंगे। शुभम ने भी कुत्ता देने से इन्कार करते हुए भाई के अपहरण की जानकारी बीटा 2 पुलिस को दी। इसकी जानकारी शुभम ने फोन करके आरोपियों को भी दे दी। इसके बाद पुलिस के डर से आरोपियों ने राहुल को अलीगढ़ में बीच सड़क पर छोड़ दिया। रात करीब 2 बजे वहां से चला राहुल सुबह ग्रेटर नोएडा पहुंच गया और इसके बाद इस बीटा 2 पुलिस में तीन लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत दी। शिकायत के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

बीटा 2 टू थाना प्रभारी अंजनी सिंह ने बताया कि एक युवक के अपहरण का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत के आधार पर तीनों आरोपियों पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है, फरार चल रहे तीनों युवकों की तलाश की जा रही है जल्द ही उनको गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

फिलहाल तीनों की लोकेशन अलीगढ़ में ही मिल रही है। जल्द ही उन्हें पकड़ा जाएगा। पुलिस ने इस बाबत कई टीमें गठित की है।



मॉडर्न बैरक का उद्घाटन करती पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह व अन्य अधिकारी।

# पुलिस कर्मियों को मिले तीन मॉडर्न बैरक

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा पुलिस के रहने और मॉडर्न सुविधाओं से लैस 3 पुलिस बैरक का शुभारंभ गुरुवार को पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने किया। ये बैरक थाना सेक्टर.20 थाना परिसर में बनाए गए है। जिसमें 58 पुलिस कर्मियों के रहने की व्यवस्था है। इसके अलावा अन्य थानों में भी बैरक का निर्माण किया जाना है। इन सभी के लिए अलग से 600 करोड़ रुपए आवंटित किए गए है।

ये बैरक मॉडर्न सुविधाओं से लैस है जिनमें पुलिसकर्मियों के आराम के साथ.साथ मनोरंजन, शौचालय, मैस, एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं भी है। जिससे पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य व व्यवहार में बढ़ोतरी होगी। और वे बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। साथ ही उनकी क्षमता भी बढ़ेगी। उनके द्वारा बैरक बनाने में सहयोग करने वाली संस्था जेनपैक्ट का भी आभार व्यक्त किया गया। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने कहा कि वर्तमान में लगातार पुलिसकर्मियों की भर्तियां की जा रही है।

शासन की सभी पुलिसकर्मियों हेतु मूलभूत सुविधाएं, संसाधन उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। जिसके लिए शासन द्वारा अलग से 600 करोड़ रुपए का बजट भी आवंटित किया गया है। पुलिस कमिश्नर द्वारा सभी थाना प्रभारियों को भी निर्देशित किया गया है की वह अपने.अपने थानों से जरूरतमंद सुविधाओं व कमियों के संबंध में प्रस्ताव भेजे।

जिससे शासन द्वारा जल्द से जल्द प्रस्तावित कराकर पुलिसकर्मियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके। इस मौके पर जेनपैक्ट संस्था की वाइस चेयरपर्सन विदया श्रीनिवासन, अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था रवि शंकर छवि, डीसीपी नोएडा हरीश चंदर, एडीसीपी नोएडा आशुतोष द्विवेदी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# महिला कांस्टेबल के साथ बदमाशों ने की लूटपाट पुलिस आयुक्त ने किया थाना प्रभारी को निलंबित

● एसएचओ पर मामला दबाने का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने जेवर क्षेत्र के रबूपुरा थाना प्रभारी विवेक श्रीवास्तव को निलंबित कर नए थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार को जिम्मेदारी दी है।

पुलिस कमिश्नर की ओर से सुधीर कुमार को जल्द से जल्द थाने की कमान सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। इससे पहले सुधीर कुमार चुनाव सेल में तैनात थे। दरअसल बता दें, ग्रेटर नोएडा में एक महिला पुलिसकर्मी के साथ बीती रात को लूट हुई थी। इस मामले में पुराने थानाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव लीपापोती कर रहे थे। मामले को खुद संज्ञान में लेते हुए पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने एक्शन लिया। लक्ष्मी सिंह ने तत्काल प्रभाव से रबूपुरा थाना एसएचओ को सस्पेंड कर दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात को रबूपुरा कोतवाली में स्थित एक महिला पुलिसकर्मी ड्यूटी पर जा रही थी। उसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने महिला पुलिसकर्मी के साथ बदतमीजी की और मोबाइल को लूट लिया। जांच में पता चला है कि इस वारदात के बाद भी रबूपुरा कोतवाली में कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई। बल्कि, रबूपुरा कोतवाली प्रभारी विवेक श्रीवास्तव ने इस मामले को रफा.दफा करने का प्रयास किया।

बात करते हुए थाना प्रभारी ने कहा था कि एक शराबी ने महिला पुलिसकर्मी का मोबाइल छीन कर झाड़ियों में फेंक दिया। पुलिस ने इस मामले को लूट नहीं बताया, लेकिन असर में जांच के दौरान पता चला कि यह लूट है। इसलिए थाना प्रभारी को सस्पेंड किया गया है। इस मामले में पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के आदेश पर डीसीपी ग्रेटर नोएडा ने एसीपी से पूरी रिपोर्ट मांगी है।

# डीएम सहित 3 अधिकारियों ने गोद लिए टीबी ग्रस्त छह बच्चे

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

टीबी से ग्रसित छोटे बच्चों को स्वस्थ बनाने के लिए डीएम की अध्यक्षता में निरूक्षय दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर डीएम सहित तीन अधिकारियों ने टीबी ग्रस्त छह बच्चों को गोद लिया।

दरअसल डीएम आरके सिंह जीडीए में बैठते हैं इसलिए कार्यक्रम जीडीए ऑफिस में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डीएम एवं वीसी आरके सिंह, सीएमओ भवतोष शंखधर और एसीएमओ ने दो.दो टीबी ग्रस्त बच्चे गोद लिए। जिन बच्चों को गोद लिया गया है उन्हें सप्ताह में दो दिन पौष्टिक किट दी जाती है। इस कार्यक्रम में भी डीएम ने बच्चों को पुष्टाहार किट दी। इस मौके पर जिला क्षय रोग नियंत्रण विभाग के अधिकारी डीएम सक्सेना और विभाग के कार्यक्रम अधिकारी संजय यादव आदि मौजूद रहे। नेशनल हेल्थ सर्वे के मुताबिक गाजियाबाद जिले में भी टीबी का रोग बढ़ रहा है।

गाजियाबाद में कई छोटे बच्चे इस बीमारी से ग्रसित पाए गए हैं। अब ऐसे बच्चों को हेल्दी बनाने के लिए हेल्थ विभाग स्पेशल अभियान चल रहा है जिसके तहत टीबी ग्रस्त बच्चों को गोद दिया जाता है।

# यमुना प्राधिकरण ने भू-माफिया से 250 करोड़ रुपये की जमीन मुक्त कराई

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

यमुना विकास प्राधिकरण ने भू-माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। यमुना प्राधिकरण के अलीगढ़ जनपद के टप्पल में अवैध रूप से कॉलोनिया काटी जा रही थी। जिसको लेकर प्राधिकरण ने वहां पर बुलडोजर चलाया। प्राधिकरण ने 550 बीघे जमीन को कब्जा मुक्त कराया। साथ ही 50 भू माफियाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कब्जा मुक्त कराई गई जमीन की कीमत 250 करोड़ बताई जा रही है।

ओएसडी शैलेंद्र कुमार सिंह ने परियोजना विभाग के अधिकारियों तथा भूलेख विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर अवैध निर्माण करने वाले भूमाफियाओं के द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई की। वहां पर बने अवैध अतिक्रमण को बुलडोजर की मदद से हटाया गया। इस दौरान प्राधिकरण की टीम के साथ प्रशासनिक व पुलिस के अधिकारी भी मौजूद रहे। प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण करने वाले 50 बड़े भूमाफियाओं पर टप्पल थाने में मुकदमा दर्ज कराया। यमुना प्राधिकरण की सीईओ मोनिका रानी ने बताया कि यमुना प्राधिकरण का अलीगढ़ के टप्पल में अधिसूचित क्षेत्र है। जो अर्बन क्षेत्र में आता है। वहां पर भू माफियाओं ने अवैध रूप से कॉलोनी काटकर प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में अतिक्रमण किया हुआ था। जिसको लेकर काफी दिनों से शिकायतें प्राप्त हो रही थी।



बुधवार को प्राधिकरण के अधिकारी अतिक्रमण हटाओ दस्ते के साथ टप्पल पहुंचे। वहां पर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को साथ लेकर अधिसूचित क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण को ध्वस्त कराया। साथ ही अतिक्रमण करने वाले 50 भू-माफियाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

सीईओ मोनिका रानी ने बताया कि अलीगढ़ के टप्पल में प्राधिकरण ने बुधवार की कार्रवाई के दौरान 550 बीघे जमीन से अवैध अतिक्रमण हटाकर जमीन को मुक्त कराया। इस जमीन की कीमत 250 करोड़ बताई जा रही है।

### सेक्टर-दो में चला बुल्डोजर, आवंटित भूखंडों पर अतिक्रमण हटाया

**नोएडा।** सेक्टर दो के 8 आवटियों को अब अपने प्लॉट पर जल्द पजेशन मिल सकेगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने आवंटियों के प्लॉट पर अवैध कब्जे को बृहस्पतिवार को हटा दिया। पतवाड़ी गांव स्थित इन भूखंडों पर चार बुल्डोजरों से दो घंटे तक कार्रवाई चली। प्राधिकरण ने करीब 12 हजार वर्ग मीटर जमीन को अपने कब्जे में ले लिया है।

## संक्षिप्त समाचार



चोरी के मामले की जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

### जेनरेटर के कीमती पार्ट चोरी करने वाले गिरफ्तार

**नोएडा।** जेनरेटर के कीमती पार्ट की चोरी करने वाले गिरोह के सात सदस्यों को नोएडा पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया और उनके पास से 24 नवंबर को चोरी हुए लाखों रुपए मूल्य का सामान, अवैध हथियार एवं वाहन बरामद किए हैं। अपर पुलिस उपायुक्त आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि सेक्टर 126 थाना क्षेत्र के सेक्टर 126 में स्थित विंडसर टावर से अज्ञात चोरों ने 24 नवंबर को वहां लगे जेनरेटर से लाखों रुपए मूल्य के कीमती उपकरण चोरी कर लिए थे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में शिवाकांत शुक्ला ने थाने में मामला दर्ज करवाया था। अपर उपायुक्त ने बताया कि मामले की जांच कर रही पुलिस ने बृहस्पतिवार को इस घटना में शामिल मनीष उर्फ वाहिद, हरीश, दीपक, जाकिर, बिलाल व चोरी के पार्ट्स खरीदने वाले संजय कुमार मंडल, सच्चिदानंद गुप्ता सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

### बार एसोसिएशन का चुनाव 22 दिसंबर को होगा

**नोएडा।** जिला न्यायालय के दीवानी एवं फौजदारी बार एशोसिएशन का चुनाव 22 दिसंबर को होगा। इसी दिन परिणाम भी घोषित किया जाएगा। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन ने चुनाव की घोषणा कर दी है। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन अधिवक्ता ऋषि पाल नागर ने बताया, बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए 17 और 19 दिसंबर को नामांकन किए जाएंगे। इसके बाद 19 दिसंबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। उसी दिन नाम वापसी की प्रक्रिया होगी। उन्होंने बताया कि मतदान के लिए 19 दिसंबर को प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी। 22 दिसंबर को सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। नागर ने बताया कि मतदान के बाद उसी दिन वोटों की गिनती की जाएगी तथा परिणाम घोषित किए जाएंगे।

### अगवा किशोरी बरामद, आरोपी हिरासत में

**नोएडा।** पुलिस ने ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र से लापता हुई एक किशोरी को बरामद कर लिया है और किशोरी को अगवा करने वाले आरोपी को भी हिरासत में ले लिया है। सेक्टर 63 के थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र से किशोरी कुछ दिन पूर्व लापता हो गई थी। मामले की जांच कर रही पुलिस ने बृहस्पतिवार को किशोरी को सेक्टर 59 मेट्रो स्टेशन के पास से बरामद कर लिया। उन्होंने बताया कि किशोरी को अगवा करने वाले आरोपी को भी हिरासत में लिया गया है। पूछताछ के दौरान उसने किशोरी से बलात्कार करने की बात स्वीकार की है। पुलिस किशोरी का डॉक्टरी परीक्षण करवा रही है। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### राष्ट्रीय जेंडर अभियान का आगाज

**नोएडा।** महिलाओं के विरुद्ध लिंग आधारित हिंसा की रोकथाम को लेकर महिला उन्नति संस्था के द्वारा जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। यह 11 दिवसीय राष्ट्रीय जेंडर अभियान 15 दिसंबर से 25 दिसंबर तक आयोजित होगा। इसका शुभारंभ गुरुवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट के चौगानपुर स्थित एमआरएम पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा जागरूकता मार्च निकालकर किया गया। महिला उन्नति संस्था द्वारा महिलाओं को जागरूक करने के लिए लगातार सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी कड़ी में महिलाओं के विरुद्ध लिंग आधारित हिंसा की रोकथाम को लेकर राष्ट्रीय जेंडर अभियान चलाया जा रहा है। इसका आज से शुभारंभ किया गया। अभियान का शुभारंभ संगीता चहार उपनिरीक्षक थाना.ईकोटेक तीन और स्कूली छात्रा रोशनी के हाथों रिबन काटकर कराया गया।

# मुरादनगर से लोनी का रास्ता और हुआ आसान

● 19 करोड़ रुपये की लागत से दो लेन की बनाई गई सड़क

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मुरादनगर से लोनी या दिल्ली जाने वाले हल्के वाहनों के लिए अब मुरादनगर से टीला मोड़ तक पाइप लाइन रोड की टूटी सड़क का निर्माण दिया गया है। करीब 19 करोड़ रुपये खर्च कर अब इसे दो लेन कर दिया गया है। यह रोड पहले केवल साढ़े पांच मीटर चौड़ी थी।

सडक के आस-पास बसे गांव के लोग इसे प्रयोग करते हैं। इसे लेकर कई बार स्थानीय किसानों ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया था। उनका कहना था कि जब कोई ट्रैक्टर आदि वहां से सामान लेकर जाता है तो बगल में इतनी भी जगह नहीं बचती है कि दूसरा वाहन निकल सके। इस तरह की तमाम समस्याओं को दूर करने के लिए डीएम आरके सिंह की ओर से एक पत्र जल निगम को लिखा गया था। जल निगम ही इस सडक का रखरखाव करता है। जल निगम ने इसके लिए दिल्ली जल बोर्ड से पैसे की मांग की थी। दिल्ली जल बोर्ड ने इस सड़क के चौड़ीकरण करने और नए सिरे से बनाने के लिए 19 करोड़ रुपये की मांग की थी। जल निगम का कहना है कि दिसंबर महीने तक इस सडक को बनाने का कार्य पूरा करने का टारगेट दिया गया था।

मुरादनगर से टीला मोड़ लोनी रोड तक इस सड़क को करीब 19 किलोमीटर तक बनाने का कार्य पूरा कर दिया गया है। इसके आगे दिल्ली के बॉर्डर तक इस सड़क को ठीक करने का कार्य इसी महीने पूरा हो जाएगा। इस सड़क के बन जाने से अब मुरादनगर से दिल्ली या लोनी जाने वाले वाहन चालकों को गाजियाबाद का चक्कर काटने की जरूरत नहीं है।

### कंपनी बनाकर करोड़ों की ठगी करने वाला गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने वांछित आरोपी मयंक अग्रवाल को कानपुर से गिरफ्तार किया है। मयंक ने अपने साथियों के साथ मिलकर बायर्स को ऑफिस और दुकानों के नाम पर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी की। इसके बाद फरार हो गया।

मयंक ने बताया 2014 में प्रोपलेरिटी ग्रुप आफ कंपनीज व एचएसएल साफ्टवेयर प्रालि से जुड़े सतेन्द्र सिंह तोमर, अतुल, संदीप कौशिक, संजय, सौरभ, अवनिंदर, शशिकान्त, विनीता के साथ मिलकर ग्राहकों के साथ ऑफिस, वर्चुअल स्पेस, दुकानों के नाम पर धोखाधडी कर करोड़ों का धन अर्जित किया गया।

# पुलिस से मुठभेड़ के बाद रेप का आरोपी गिरफ्तार

● आरोपी के कब्जे से एक देसी पिस्तौल और गोला बारूद बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

बृहस्पतिवार सुबह पुलिस के साथ मुठभेड़ में घायल बलात्कार के संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा कि मुठभेड़ के बाद घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। व्यक्ति पर चार साल की बच्ची से बलात्कार का आरोप है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) साद मिया खान ने कहा, बुधवार को फेज 2 पुलिस थाना में एक मामला दर्ज किया गया था जिसमें एक व्यक्ति ने आरोप लगाया था कि पड़ोस में रहने वाले प्रमोद दास ने उसकी चार साल की बेटी से बलात्कार किया है। घटना के बाद संदिग्ध फरार हो गया था। पुलिस अधिकारियों को बृहस्पतिवार सुबह सेक्टर 83 मेट्रो स्टेशन के पास संदिग्ध की संभावित गतिविधि के बारे में एक गुप्त सूचना मिली। खान ने कहा, जब संदिग्ध को पुलिस की टीम ने घेर लिया, तो उसने टीम पर गोलियां चलाकर भागने की कोशिश की। पुलिस की जवाबी गोलीबारी में वह घायल हो गया, जिसके बाद उसे पकड़ लिया गया। अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने उसके कब्जे से एक देसी पिस्तौल और कुछ गोला-बारूद बरामद किए और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गई।

पुलिस ने कहा कि व्यक्ति की पहचान मूल रूप से बिहार निवासी प्रमोद दास के रूप में हुई है। उस पर बुधवार को भारती दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया। मुठभेड़ के बाद उसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम और आईपीसी की धारा 307 (हत्या का प्रयास) के तहत भी मामला दर्ज किया गया है।



मुठभेड़ के बाद घायल आरोपी को ले जाते पुलिसकर्मी।

# ग्रेटर नोएडा में प्राधिकरण ने शुरू कराया थैला बैंक

● सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने एक माह में 40 थैला बैंक खोलने का लक्ष्य दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से गुरुवार को दो और थैला बैंक शुरू कराया गया। ये थैला बैंक स्टेलर वन और अरिहंत अंबर सोसाइटी में शुरू किए गए हैं।

इनको मिलाकर प्राधिकरण अब तक 12 ताला बैंक शुरू करा चुका है। सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने एक माह में ग्रेटर नोएडा में 40 थैला बैंक खोलने का लक्ष्य दिया है। स्वच्छता मुहिम को आगे बढ़ाते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने पॉलीथिन का इस्तेमाल रोकने के लिए अलग-अलग जगहों पर थैला बैंक शुरू कराने का बीड़ा उठाया है। सीईओ ने बीते 3 दिसंबर को रेल बिहार में थैला बैंक खोलने के अभियान का शुभारंभ किया था और अब तक 12 थैला बैंक शुरू किए जा चुके हैं। गुरुवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर 1 स्थित स्टेलर वन और अरिहंत अंबर सोसाइटी में खुले थैला बैंक भी इनमें शामिल हैं। अगर आप बाजार जाते समय थैला ले जाना भूल गए तो आप इन थैला बैंक से थैला ले सकते हैं। इस्तेमाल करने के बाद थैला वापस करना होगा।



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग के ओएसडी रजनीकांत ने थैला बैंक का शुभारंभ किया। दोनों थैला बैंक पर 100-100 थैला रखे गए हैं। इस अवसर पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, फीडबैक फउंडेशन और ईएंडवाई की संयुक्त टीम ने निवासियों को कूड़े के उचित प्रबंधन के बारे में बताया। टीम ने सोसाइटी के निवासियों को 4 तरह के डस्टबिन के इस्तेमाल की भी जानकारी दी।

हरे डस्टबिन में गीला कूड़ा, नीले डस्टबिन में सूखा कूड़ा, काले डस्टबिन में खतरनाक घरेलू कूड़ा और लाल डस्टबिन में सेनेटरी कूड़ा रखने के लिए जागरूक किया। निवासियों को सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की शपथ दिलाई गई। प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा शर्मा ने ग्रेटर नोएडा के निवासियों से अपील की है कि न तो खुद प्लास्टिक का इस्तेमाल करें और न ही अपने आसपास किसी को प्लास्टिक का उपयोग करने दें।

# सर नहीं बोलने पर छात्र के साथ रैगिंग, मारपीट में तोड़ी हड्डी

● पुलिस से की शिकायत, लगाया आरोप- नहीं हो रही कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा के एक कॉलेज में छात्र को रैगिंग के नाम प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है।

कॉलेज में एक जूनियर छात्र के साथ ग्रेजुएशन के फाइनल ईयर के छात्रों ने रैगिंग की। आरोप है असाइनमेंट नहीं बनाने और सर नहीं बोलने पर प्रताड़ित किया गया। मामला जेएसएस कॉलेज का है, जहां थर्ड ईयर के सीनियर छात्रों ने उनका कहना नहीं मानने पर जूनियर छात्र के साथ रैगिंग की। असाइनमेंट नहीं करने पर छात्र को इस कदर पीटा गया कि उसके कंधे की हड्डी के पांच टुकड़े हो गए। पीड़ित छात्र ने सेक्टर-58 थाने में मुकदमा दर्ज कराया। छात्र का कहना है कि मुकदमा लिखने के पांच दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। डर के कारण पीड़ित छात्र ने उसी कालेज में दोबारा जाने से इनकार कर दिया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# हड्डियां श्रद्धा की, पिता के डीएनए से मिलान

## सीएफएसएल रिपोर्ट से खुलासा, पॉलीग्राफ रिपोर्ट पुलिस को सौंपी जांच में होगी मददगार



विशेष आयुक्त सागर प्रीत हुड्डा



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

श्रद्धा वालकर हत्याकांड में बड़ा खुलासा हुआ है। महरौली और गुरुग्राम के जंगलों से मिलीं हड्डियां श्रद्धा की ही थी। सीएफएसएल रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि जंगलों से मिली हड्डियों का डीएनए श्रद्धा के पिता से मिल गया है। इस बीच आफताब के पॉलिग्राफी टेस्ट की रिपोर्ट भी दिल्ली पुलिस को मिल गई है। इस हत्याकांड की जांच कर रहे अधिकारियों का कहना है कि बरामद की गई हड्डियां जांच में मददगार साबित हो सकती हैं।

विशेष आयुक्त सागर प्रीत हुड्डा ने कहा श्रद्धा हत्याकांड मामले में दिल्ली पुलिस को डीएनए संबंधित जांच की रिपोर्ट और पॉलीग्राफ जांच की रिपोर्ट मिल गई है। दो रिपोर्ट मामले की जांच के लिहाज से काफी मददगार साबित होगा। हालांकि इस मामले में हम दो अन्य रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं, जिसमें की नार्को टेस्ट की रिपोर्ट सबसे अधिक महत्वपूर्ण है।

इसके अलावा वारदात में इस्तेमाल हथियार की रिपोर्ट का भी इंतजार है। हुड्डा ने बताया कि जल्द ही पुलिस टीम श्रद्धा की उन हड्डियों को पोस्टमार्टम के लिए भेजेगी, जिनका उसके पिता के डीएनए से मिलान हुआ है। श्रद्धा के शव वाली हड्डियों का पोस्टमार्टम दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में होगा, जबकि डीएनए टेस्ट से संबंधित जांच पड़ताल के लिए पुलिस टीम ने सीबीआई की फोरेंसिक जांच लैब की मदद ली थी।

हालांकि अब तक यह नहीं पता चल सका है कि छतरपुर में आफताब पूनावाला के फ्लैट से मिले ब्लड सैंपल और हड्डियां श्रद्धा के ही हैं या नहीं। उठकर जंगलों मेंजाकर फेंक देता था। इस मामले में आरोपित आफताब अमीन पूनावाला पर आरोप है कि उसने अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की हत्या कर उसके शव के साथ दरिंदगी की हदें पार की।

आरोप है कि आफताब ने श्रद्धा की हत्या के बाद उसके शव के करीब 35 टुकड़े कर फ्रिज में रखे और महीनों तक उन्हें अलग-अलग जगहों पर रात दो बजे ठिकाने लगाता था। पूनावाला ने पुलिस की पूछताछ में यह कबूल किया है कि उसने ही श्रद्धा की हत्या की थी। उसने अपने कबूलनामे में ही बताया था कि झगड़े के बाद श्रद्धा की हत्या कर दी थी और उसके 35 टुकड़े कर दिए थे। इन टुकड़ों को वह हर रात 2 बजे ठिकाने लगाता था। आफताब ने मई में इस घटना को अंजाम दिया था, जिसका खुलासा नवंबर में हुआ था। आफताब न्यायिक हिरासत में है।

### पुलिस का पक्ष रखेंगे विशेष लोक अभियोजक

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने श्रद्धा वालकर हत्याकांड में दो विशेष लोक अभियोजकों की नियुक्ति संबंधी दिल्ली पुलिस के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मामले में अधिवक्ताओं मधुकर पांडे और अमित प्रसाद मामले में विशेष लोक अभियोजक के रूप में दिल्ली पुलिस का प्रतिनिधित्व करेंगे। एक अधिकारी ने बताया कि एलजी ने प्राथमिकी संख्या 659, 10 नवंबर, आईपीसी की धारा 365/302/201 के तहत महरौली पुलिस थाने में दर्ज मामले में निचली अदालत में राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए विशेष लोक अभियोजकों की नियुक्ति के लिए दिल्ली पुलिस के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

# दिल्ली पुलिस और महिला आयोग ने ई-कॉमर्स कंपनियों को भेजा नोटिस

एसिड बिक्री मामला



- दोनों कंपनियों से 20 दिसंबर तक विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट मांगी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने पश्चिम दिल्ली में छात्रा पर तेजाब हमले के सिलसिले में तेजाब की बिक्री को लेकर दो ई-कॉमर्स कंपनियों को बृहस्पतिवार को नोटिस जारी किया। वहीं इसी मामले में दिल्ली पुलिस ने फ्लिपकार्ट को नोटिस जारी किया है। पुलिस ने इस मामले मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

मुख्य आरोपी के एक ई-कॉमर्स पोर्टल के जरिए तेजाब खरीदने की बात सामने आई है। फ्लिपकार्ट की तरफ से इस मामले पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

महिला आयोग ने तेजाब की ऑनलाइन बिक्री को चिंता का एक गंभीर विषय बताते हुए दोनों कंपनियों से 20 दिसंबर तक विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। गौरतलब है कि पश्चिमी दिल्ली के उत्तम नगर में बुधवार सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकली 17 वर्षीय छात्रा पर मोटरसाइकिल सवार दो नकाबपोश लोगों ने कथित तौर पर तेजाब फेंक दिया, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़िता का बर्न आईसीयू में भर्ती है, जिसमें झुलसे लोगों की गहन चिकित्सा देखभाल की जाती है। हमले को लेकर आक्रोश फैलने के बाद अनेक लोगों ने प्रतिबंध के बावजूद बाजारों में तेजाब उपलब्ध होने पर सवाल उठाए थे। तीन लोगों- मुख्य आरोपी सचिन अरोड़ा और उसके दो दोस्तों हर्षित अग्रवाल (19) व वीरेंद्र सिंह (22)- को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हमने फ्लिपकार्ट को नोटिस जारी करके अरोड़ा की तरफ से दिए गए ऑर्डर के बारे में जानकारी मांगी है।

विशेष पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) सागर प्रीत हुड्डा ने बुधवार को कहा था कि हमले में इस्तेमाल तेजाब एक ई-कॉमर्स पोर्टल के माध्यम से खरीदा गया था और मुख्य आरोपी सचिन अरोड़ा ने ई-वॉलेट के माध्यम से भुगतान किया था। पुलिस ने एक बयान में कहा कि तकनीकी साक्ष्य के आधार पर यह पाया गया कि तेजाब फ्लिपकार्ट से खरीदा गया था। इससे पहले दिन में, दिल्ली महिला आयोग ने भी अमेजन और फ्लिपकार्ट को अपने प्लेटफॉर्म पर तेजाब बेचने पर नोटिस जारी किया था। हुड्डा ने कहा कि पूछताछ में पता चला है कि अरोड़ा और पीड़िता सितंबर तक दोस्त थे, लेकिन उनकी दोस्ती टूट गई और आरोपी ने उस पर हमला कर दिया। वह लड़की के पड़ोस में रहता था।

# प्रदूषण नियंत्रण उपायों पर आदेश देने में देरी, उपराज्यपाल हुए नाराज

- वायु प्रदूषण को कम करने के लिए आदेश अक्टूबर में मुख्य सचिव द्वारा जारी किया जाना था



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने प्रदूषण नियंत्रण उपायों पर एक आदेश जारी करने में दिल्ली सरकार की ओर से कथित देरी पर नाराजगी व्यक्त की और निर्देश दिया कि इसे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बताया जाए।

शहर में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए महत्वपूर्ण आदेश अक्टूबर में मुख्य सचिव द्वारा जारी किया जाना चाहिए था, लेकिन अभी तक जारी नहीं किया गया है। उपराज्यपाल ने इसे घोर लापरवाही करार दिया है। उपराज्यपाल कार्यालय के सूत्रों ने दावा किया कि दिल्ली सरकार की ओर से चूक इस वजह से हुई कि पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने करीब एक महीने तक इस तरह के आदेश जारी करने से जुड़ी फाइल पर हस्ताक्षर नहीं किए।

मुख्य सचिव ने उच्चतम न्यायालय के नवंबर 2019 के आदेश और पांच अगस्त 2022 के वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के एक आदेश के अनुपालन में 22 अक्टूबर को राय को मंजूरी के लिए फाइल भेजी थी। गत 17 नवंबर को मंत्री की टिप्पणी के बिना फाइल मुख्य सचिव को वापस कर दी गई थी। बाद में, मुख्य सचिव ने उपराज्यपाल को फाइल भेजी और इसे मंजूरी दे दी गई।

सूत्रों ने बताया कि फाइल को मंजूरी देते हुए उपराज्यपाल ने इस मामले में दिल्ली सरकार की घोर लापरवाही पर निराशा और नाखुशी जताई और कहा कि इसे मुख्यमंत्री और पर्यावरण मंत्री तक पहुंचाया जाए। काफी विलंब के बाद आदेश के अब जारी होने की उम्मीद है।

मुख्य सचिव द्वारा जारी आदेश से विभागों के लिए यह अनिवार्य होगा कि वे निर्माण और विध्वंस के प्रबंधन, अपशिष्ट और धूल नियंत्रण, प्रदूषण हॉटस्पॉट पर पानी के छिड़काव, सड़कों की मरम्मत और उद्योगों को बंद करने समेत अन्य उपाय सुनिश्चित करने को लेकर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करें।

# छह जनवरी को होगा महापौर का चुनाव

## एलजी ने निगम आयुक्त के प्रस्ताव को दी मंजूरी, पहले साल महिला पार्षद होगी मेयर, कार्यकाल होगा तीन महीने का



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली नगर निगम के महापौर और उप महापौर पद के चुनाव की तारीख तय कर दी है। एमसीडी के सदन की पहली बैठक छह जनवरी को होगी। सदन की स्थायी समिति के छह सदस्य भी इसी दिन चुने जाएंगे। एमसीडी चुनाव में आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन को देखते हुए सदन में उसका पलड़ा भारी है। अगर कोई उलटफेर नहीं हुआ तो मेयर आप का बनना तय है। उसका कार्यकाल तीन महीने का ही होगा।

दिल्ली नगर निगम के आयुक्त ने नए सदन की पहली बैठक बुलाने के लिए सोमवार को दिल्ली सरकार को फाइल भेजी थी। एमसीडी अब उपराज्यपाल के अधीन आने के कारण केजरीवाल सरकार ने फाइल उनके पास भेज दी। उपराज्यपाल सचिवालय ने सदन की बैठक आयोजित करने की मंजूरी दे दी। उन्होंने सदन की बैठक करने की तिथि छह जनवरी तय की है। इस बैठक में नवनिर्वाचित पार्षदों को शपथ दिलाई जाएगी। एलजी नवनिर्वाचित पार्षद को पीठासीन अधिकारी नियुक्त करेंगे। इनको राजस्व विभाग के मध्य जिले के जिलाधीश शपथ दिलाएंगे। इसके बाद पीठासीन अधिकारी सभी पार्षदों को बारी-बारी से शपथ दिलाएंगे। शपथ ग्रहण के बाद महापौर का चुनाव होगा। नवनिर्वाचित महापौर कार्यभार संभालने के बाद सबसे पहले उपमहापौर का चुनाव कराएंगे। साथ ही स्थायी समिति के छह सदस्यों का भी चुनाव होगा।

उपराज्यपाल से इजाजत मिलने के बाद एमसीडी ने सदन की पहली बैठक की तैयारी शुरू कर दी है। निगम सचिवालय अब महापौर, उपमहापौर व स्थायी समिति के छह सदस्यों के चुनाव की अधिसूचना जारी करेगा। सूत्रों के अनुसार 26 दिसंबर से नामांकन पत्र दाखिल कराने की प्रक्रिया शुरू होगी। 30 दिसंबर तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। एमसीडी के सदन का कार्यकाल पांच साल का होता है। डीएमसी एक्ट के तहत पहले साल महिला पार्षद को महापौर चुने जाने का प्रावधान है, जबकि उपमहापौर के मामले में कोई नियम नहीं है। वहीं, दूसरे साल महापौर पद पर कोई भी पार्षद चुना जा सकता है, जबकि तीसरे साल मेयर पद अनुसूचित जाति के पार्षदों के लिए आरक्षित है। चौथे व पांचवें साल महापौर पद किसी भी वर्ग के लिए आरक्षित नहीं है।

एमसीडी की सबसे अधिकार वाली स्थायी समिति के अध्यक्ष पर आरक्षण का प्रावधान नहीं है। एमसीडी के सदन की बैठक छह जनवरी को होने पर उस दिन चुने जाने वाले महापौर का कार्यकाल मात्र तीन महीने का ही होगा।

दरअसल डीएमसी एक्ट की धारा दो (67) के अनुसार एमसीडी का अप्रैल की पहली तारीख से वर्ष शुरू होता है। इस तरह 31 मार्च को वर्ष समाप्त हो जाता है। लिहाजा अप्रैल में दूसरे महापौर का चुनाव होगा।

इस तरह छह जनवरी को चुने जाने वाले महापौर का कार्यकाल तीन महीने में ही 31 मार्च को समाप्त हो जाएगा, जबकि महापौर के कार्यकाल की अवधि एक साल होती है। सदन की बैठक अप्रैल माह से पहले होने का खामियाजा महिला पार्षदों को भुगतना पड़ेगा, क्योंकि उनके लिए पहले वर्ष महापौर का पद आरक्षित है।

अगले चार साल के दौरान महिला पार्षद को महापौर पद का उम्मीदवार बनाने का मामला राजनीतिक दलों पर निर्भर रहेगा।

### निर्दलीय भी लड़ सकता है चुनाव

*महापौर व उप महापौर चुनाव के लिए निर्दलीय समेत 250 चुने हुए पार्षदों में से कोई भी नामांकन कर सकता है। उसे प्रस्तावक के तौर पर दो पार्षदों की आवश्यकता होगी। दो प्रस्तावकों के साथ कोई भी पार्षद महापौर पद के लिए निगम सचिव कार्यालय में नामांकन पत्र जमा करा सकता है। इसके लिए कोई जमानत राशि या अन्य किसी शर्त की आवश्यकता नहीं होती है। नामांकन करने वाला सदस्य चुनाव वाले दिन तक मतदान शुरू होने से कुछ क्षण पहले तक नामांकन वापस ले सकता है।*

# भाजपा ने किया दावा, एमसीडी की सरकार और विधानसभा के प्रति जवाबदेही नहीं

- दिल्ली नगर निगम एक्ट में संशोधन के बाद निगम अब केन्द्र सरकार यानि उपराज्यपाल के अधीन है : कपूर



प्रवीण शंकर कपूर


**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भाजपा ने दावा किया है कि दिल्ली नगर निगम, दिल्ली सरकार व विधानसभा के प्रति जवाबदेही नहीं है। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि ऐसा लगता है कि आम आदमी पार्टी के विधायक अब अपनी ही पार्टी के निगम पार्षदों का भी उसी तरह विरोध करने की तैयारी कर रहे हैं जिस तरह कुछ समय पूर्व तक भाजपा के निगम पार्षदों का विरोध कर रहे थे।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा है कि विधायक सौरभ भारद्वाज की यह घोषणा कि उन्होंने विधानसभा की निगम समिति में निगम अधिकारियों को बुलाया और यह तय किया कि विधानसभा की समिति के सदस्य एवं निगम अधिकारी 19 दिसम्बर से विभिन्न शहरों की अच्छी सफाई व्यवस्था को समझने के लिये स्टडी टूर पर जायेंगे। यह घोषणा साफ दर्शाती है कि भारद्वाज एवं उनके सहयोगी विधायकों की निगम कार्यों में हस्तक्षेप की मंशा है और वह नवगठित नगर निगम में अपने ही पार्षदों जिनका बहुमत है से भी टकराव करेंगे। कपूर ने कहा है कि दिल्ली नगर निगम एक्ट में संशोधन के बाद एमसीडी अब केन्द्र सरकार यानि उपराज्यपाल के अधीन है और अत: उसकी दिल्ली सरकार अथवा विधानसभा के प्रति कोई जवाबदेही नहीं है। कपूर ने ट्वीट कर उपराज्यपाल से अनुरोध किया है कि वह निगम अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दें कि वह अब दिल्ली सरकार या विधानसभा की किसी भी समिति के प्रति जवाबदेह नहीं हैं।

# मोदी सरकार में शिक्षा सुधार पर विशेष जोर: अश्विनी चौबे

- केंद्र सरकार ने पिछले आठ वर्षों में उठाए विशेष कदम



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पिछले आठ वर्षों में शिक्षा के सभी आयामों में विशेष सुधार पर जोर दिया गया, जिसके परिणाम दिखाई देने लगे हैं। यह दावा बृहस्पतिवार को केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने किया।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार हुआ है। केंद्र की सर्वोच्च प्राथमिकता शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना है। इस दिशा में सरकार ने पूरे पिछले 8 वर्षों में शिक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। चौबे ने कहा कि 34 साल बाद पेश की गई नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शिक्षा को एक गतिशील प्रक्रिया बनाती है। यह शिक्षा नीति सतत विकास के लिए 2030 एजेंडा के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारतीय विश्वविद्यालयों की संख्या 2014 में 12 से बढ़कर 2023 में 41 हो गई।


### मोहल्ला क्लीनिकों के डॉक्टरों को तीन माह से वेतन नहीं: भाजपा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी जिस मोहल्ला क्लीनिक को विश्वस्तरी बताती है उसका पूरा ढांचा चरमरा गया है। अगस्त के बाद से मोहल्ला क्लीनिकों के डॉक्टर्स और अन्य स्टाफ को वेतन नहीं दिया गया।

पिछले दो महीनों से सभी टेस्ट बंद पड़े हैं और दवाइयों का भी अभाव है। प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आरोप लगाया है कि दुनियाभर में आम आदमी पार्टी जिस मोहल्ला क्लीनिक को वर्ल्ड क्लास बताती है, उसका पूरा ढांचा चरमरा गया है। डॉक्टर्स समेत अन्य कर्मचारियों को पिछले तीन महीने से वेतन नहीं दिया गया। इतना ही नहीं 520 में से 70 से ज्यादा मोहल्ला क्लीनिक बंद हो गए हैं और बाकी बंद होने के कगार पर हैं।

# स्कूली छात्रों के लिए रोबोटिक्स प्रतियोगिता आज से

## छात्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा देना दिल्ली सरकार का मकसद



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

इन दिनों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका हर क्षेत्र में बढ़ती जा रही है। कोविड-19 महामारी के बाद शिक्षा के क्षेत्र में काफी बदलाव आए हैं। छात्रों और शिक्षकों समेत सभी लोगों ने प्रौद्योगिकी पर अपने भरोसे को मजबूत किया है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी में सीखने और शिक्षण दोनों को अनुकूलित करने की शक्ति है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी से शिक्षा क्षेत्र के विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। इसी के मद्देनजर दिल्ली सरकार सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा देने के मकसद से अनूठी रोबोटिक्स प्रतियोगिता शुक्रवार से शुरू कर रही है। शिक्षा निदेशालय ने इस संबंध में एक परिपत्र जारी किया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक ऐसी तकनीक है, जिसमें एक कंप्यूटर अपने प्रोग्राम में दिए जा रहे निर्देशों को समझने के बाद उन्हें संरक्षित करता है और उनके आधार पर भविष्य की जरूरतों को समझते हुए निर्णय लेता है या फिर उसके अनुसार काम करता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिये अब मशीनों के बीच संवाद करना भी मुमकिन हो गया है। असल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने रोबोटिक्स की दुनिया को पूरी तरह से बदल कर रख दिया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से छात्रों को काफी फायदा हो रहा है।

इसके तहत छात्र-छात्राओं को नई-नई तकनीक जानने व समझने का मौका मिलेगा। इस बात को ध्यान में रखते हुए शिक्षा निदेशाल सूरजमल विहार स्थित बी. आर. आंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस में इसकी शुरुआत की जाएगी। प्रतियोगिता में दिल्ली के सभी स्कूलों के छात्र हिस्सा ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता का मकसद स्कूली छात्रों के बीच रोबोटिक्स को लेकर जानकारी बढ़ाना है। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह का शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट के माध्यम से सभी सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में लाइव स्ट्रीमिंग दिल्ली सरकार छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सीखने के अधिक अवसर देने की कोशिश कर रही है।

शिक्षा निदेशालय के परिपत्र के अनुसार, 16 दिसंबर को सूरजमल विहार स्थित बी. आर. आंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस में इसकी शुरुआत की जाएगी।

इस प्रतियोगिता का मकसद स्कूली छात्रों के बीच रोबोटिक्स को लेकर जानकारी बढ़ाना है।

हिमाचल विस सत्र के बाद होगा मंत्रिमंडल का गठनः सुक्खू

# कांग्रेस अध्यक्ष से मिले मुख्यमंत्री व विधायक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बृहस्पतिवार को कहा कि विधानसभा सत्र के बाद मंत्रिमंडल का गठन किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि विधानसभा का सत्र जल्द बुलाया जाएगा।

सुक्खू ने राज्य के नवनिर्वाचित कांग्रेस विधायकों के साथ बृहस्पतिवार को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से उनके आवास पर मुलाकात की। मुख्यमंत्री सुक्खू ने खड़गे से ऐसे समय मुलाकात की है जब मंत्रिमंडल के गठन को लेकर पार्टी में मंथन चल रहा है। खड़गे से मुलाकात के बाद सुक्खू ने संवाददाताओं से कहा कि हिमाचल में मंत्रिमंडल का गठन जल्द होगा और आप लोगों को इस बारे में सूचित कर दिया जाएगा।

विधानसभा सत्र के बाद मंत्रिमंडल का गठन होगा। सूत्रों के अनुसार, विधायकों के साथ मुलाकात के दौरान खड़गे ने उनसे कहा कि वो एकजुट रहें और पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं की सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित की जाए। खड़गे ने यह भी कहा कि विधायक जमीनी स्तर पर जुड़े रहें और पूरी निष्ठा के साथ हिमाचल प्रदेश के लोगों की सेवा करें। कांग्रेस अध्यक्ष ने राज्य के पार्टी नेतृत्व से कहा कि सरकार में सभी रिक्तियों को भरा जाए और बोर्डों और निगमों में जल्द नियुक्तियां की जाएं। खड़गे के साथ मुख्यमंत्री और विधायकों की मुलाकात के दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और कांग्रेस के राज्य प्रभारी राजीव शुक्ला भी मौजूद थे। सुक्खू और उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने गत रविवार को शपथ ग्रहण की थी।



खड़गे को गुलदस्ता भेंट करते सीएम सुक्खू, साथ में प्रतिभा।

# दुबई से लौटे गैंगस्टर लगरपुरिया को दबोचा तो बोला, मैं तो दीपक हूं...

## एसटीएफ के समक्ष ढाई घंटे में गैंगस्टर विकास ने बताई हकीकत

## दुबई से आकर अपने गांव लगरपुर (झज्जर) जा रहा था गैंगस्टर विकास



एसटीएफ गुरुग्राम की गिरफ्त में दुबई से भारत आया गैंगस्टर विकास लगरपुरिया।


विकास लगरपुरिया।

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**आखिरकार** गैंगस्टर विकास लगरपुरिया गुरुग्राम एसआईटी के हत्थे चढ़ ही गया। हालांकि उसे पकड़ने के बाद पुलिस को ढाई घंटे का समय विकास लगरपुरिया साबित करने में लगे। ऐसा इसलिए कि दुबई से दिल्ली एयरपोर्ट आने के बाद झज्जर जिला स्थित अपने गांव लगरपुर जा रहे विकास को जब गुरुग्राम एसटीएफ ने गिरफ्तार किया तो उसने अपनी पहचान छिपाकर कहा कि वह तो दीपक है। यह उसने काल्पनिक नाम बताया।

बता दें कि विकास लगरपुरिया गैंगस्टर भारत से भागकर लंबे समय से दुबई में रह रहा था। गुरुग्राम पुलिस उसे दुबई से भारत लाने के लिए काफी मशक्कत भी कर रही थी। अब वह जब भारत आया तो एसटीएफ की टीम ने उसे दबोच लिया। बात करें उसे मोस्टवांटेड होने की।

गुरुग्राम के खेड़कीदौला थाना क्षेत्र स्थित एक सोसायटी में बने फ्लैट से 21 अगस्त 2021 को 30 करोड़ रुपये की चोरी हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में 50 लाख रुपये चोरी का केस दर्ज किया था। इस चोरी का मास्टरमाइंड विकास लगरपुरिया ही था। उसने इस चोरी में अपने गांव के ही दिल्ली पुलिस में एएसआई विकास गुलिया को साथ लिया। साथ ही गुरुग्राम में उस समय गुरुग्राम में तैनात आईपीएस अधिकारी धीरज सेतिया की भी इस मामले में संलिप्तता पाई गई।

चोरी में नाम सामने आने के बाद धीरज सेतिया भी भूमिगत हो गए थे। काफी समय बाद उन्हें अग्रिम जमानत मिली। सरकार ने इस मामले की जांच एसटीएफ को सौंपी। एसटीएफ अब तक इस केस में दो डॉक्टर समेत 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनसे करीब 3 करोड़ रुपये की रिकवरी भी हो चुकी है। विकास लगरपुरिया पिछले 7 साल से फरार चल रहा था। उस पर ढाई लाख रुपये का ईनाम भी रखा हुआ था।

### एयरपोर्ट से अपने गांव लगरपुर जाते समय दबोचा

**गुरुग्राम** में चोरी के मास्टरमाइंड विकास लगरपुरिया को एसटीएफ ने गुरुवार को उस समय गिरफ्तार किया, जब वह दुबई से दिल्ली एयरपोर्ट आने के बाद अपने गांव लगरपुर जा रहा था। हरियाणा एसटीएफ गुरुग्राम की टीम दुबई सरकार से संपर्क साधे हुए थी। सारे इनपुट मिलने पर आरोपी विकास लगरपुरिया को एसटीएफ ने दबोच लिया। विकास लगरपुरिया पर करीब ढाई लाख रुपए का इनाम भी पुलिस ने रखा हुआ था।

### गलत नाम बताकर चकमा देने का किया प्रयास

**आरोपी** विकास लगरपुरिया को एसटीएफ ने गिरफ्तार भले ही कर लिया तो लेकिन पुलिस से उसकी पहचान दिलाने में यानी विकास साबित करने में ढाई घंटे लग गए। जब उसे एसटीएफ ने पकड़ा तो उसने विकास लगरपुरिया होने से इंकार करते हुए अपना नाम दीपक बताया। इस तरह से उसने अपने बचाव के लिए पुलिस को चकमा देने का प्रयास किया। पूरी जानकारी के साथ एसटीएफ ने उसकी बातों पर विश्वास नहीं किया। उससे ढाई घंटे तक कड़ी पूछताछ की गई, तब उसे बताया कि वही विकास लगरपुरिया है।

### आईपीएस धीरज सेतिया का हो चुका है पॉलीग्राफ

**एसटीएफ** हरियाणा के डीआईजी सतीश बालन के मुताबिक एसटीएफ को यह बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। वहीं इस केस में संलिप्त आईपीएस धीरज सेतिया का 5 दिन पहले पॉलीग्राफ टैस्ट भी करवाया गया है। जिसकी रिपोर्ट का इंतजार है। आरोपी विकास लगरपुरिया पर दिल्ली गुरुग्राम समेत अन्य जिलों व राज्यों में दो दर्जन से ज्यादा केस दर्ज है। इनमें गुरुग्राम में हुई हाई प्रोफाइल चोरी का मामला, पानीपत से अवैध दस्तावेज बनाने का और गुरुग्राम कोर्ट से भगोड़ा घोषित होने का मामला जांच के लिए एसटीएफके पास था।

## संक्षिप्त समाचार

### रंगमंच के क्षेत्र में विकास शर्मा को मिला गुरु उत्कृष्ट अवार्ड 2022


विकास शर्मा को अवार्ड भेंट करते अतिथि।

**गुरुग्राम।** प्रदेश में कला और संस्कृति के विस्तार के लिए प्रदेश के कलाकार अपने-अपने क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे हैं, ऐसे में कलाकारों की सराहना करते हुए विभिन्न संस्थाएं न केवल कलाकारों को सम्मान देकर प्रोत्साहित करती हैं। ऐसा ही सम्मान पिछले 13 वर्षों से निरंतर रंगमंच के क्षेत्र में कार्य कर रहे युवा रंगकर्मी विकास शर्मा को गुरु फांउडेशन रोहतक द्वारा गुरु उत्कृष्ट अवार्ड 2022 दिया गया है। दिया गया है। यह सम्मान कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा के निदेशक महाबीर कौशिक, हरियाणा कला परिषद के निदेशक संजय भसीन, एमिटी विश्वविद्यालय के कुलपति पीबी शर्मा तथा अतिरिक्त निदेशक महाबीर गुड्डू के द्वारा दिया गया। यह जानकारी देते हुए न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप के अध्यक्ष नीरज सेठी ने बताया कि विकास शर्मा वर्ष 2009 से रंगमंच से जुड़े हैं तथा न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप के नाटकों का लेखन व निर्देशन कर रंगमंच को विस्तार दे रहे हैं। विकास शर्मा द्वारा 13 वर्षों में 100 से अधिक नाटकों का मंचन हरियाणा के विभिन्न जिलों के साथ-साथ उदयपुर, दिल्ली, पटियाला, भटिण्डा, चण्डीगढ़ जैसे शहरों में भी किया जा चुका है। द लास्ट डिसीजन, पंचलाईट, पार्क, चीफ की दावत, हाय रे लैला, अमानत एक शहीद की, संध्या छाया जैसे विभिन्न नाटकों के माध्यम से विकास शर्मा ने प्रदेश के कलाकारों को मंच प्रदान किया है। इसके अलावा बंजर व 48 कोस इत्यादि फिल्मों में भी अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं। गुरु उत्कृष्ट अवार्ड 2022 मिलने पर न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप के कलाकार शिवकुमार किरमिच, नरेश सागवाल, पारुल कौशिक, गौरव दीपक जांगड़ा, साजन कालड़ा, मनीष डोगरा, चंचल शर्मा, राजीव कुमार, तुषार कुमार, सुग्रीव मेहरा, साहिल खान, निकिता शर्मा, ज्योति बांकुरा, महक माल्यान, पार्थ शर्मा, आकाशदीप आदि ने विकास शर्मा को बधाई दी।

### जेवर के पूर्व विधायक के पौत्र के खाते से साइबर ठगी


नोएडा के जेवर क्षेत्र में ऑनलाइन ठगी होने पर पुलिस में ग्रामीणों के साथ शिकायत करते भाजपा युवा नेता मनजीत सिंह।

**नोएडा।** जेवर विधानसभा में भाजपा नेता के खाते से 20 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली गई। दो बार में यह रकम उनके बैंक खाते से साइबर ठगों ने निकाली। इससे पहले उनके भाई के खाते से भी रकम निकाली गई थी। पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत देकर साइबर ठगों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार जेवर विधानसभा में भाजपा युवा नेता एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य गौतमबुद्ध नगर एवं जेवर के प्रथम विधायक ठाकुर छत्रपाल सिंह के पौत्र मनजीत सिंह के बैंक खाते पर साइबर ठगों ने सेंधमारी कर डाली। ऑनलाइन ठगी होते ही भाजपा युवा नेता मनजीत कुछ ग्रामीणों, किसान यूनियन कृषक शक्ति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरीश छोकर के साथ ग्रामीण बैंक पहुंचे। उसके बाद कोतवाली जेवर में जाकर तहरीर दी। भाजपा नेता मनजीत सिंह ने कहा कि अगर इन ठगों का जल्द से जल्द खुलासा नहीं हुआ तो वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपनी समस्या की शिकायत करेंगे। वे प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के पास भी इस शिकायत को भेजेंगे। उन्होंने बताया कि जेवर एयरपोर्ट मुआवजे का क्षेत्र है। यहां साइबर ठग दिन प्रतिदिन इन वारदातों को अंजाम देते हैं। जिससे सैकड़ों अशिक्षित किसानों का भारी मात्रा में आर्थिक नुकसान हो रहा है। वे जल्द ही पुलिस कमिश्नर के समक्ष भी यह शिकायत रखेंगे। भाजपा नेता मनजीत सिंह ने इसे बैंक और ठगों की मिलीभगत बताया। उनकी शिकायत पर पुलिस प्रशासन और बैंक मैनेजर ने जिम्मेदारी लेते हुए कुछ समय मांगा है। मनजीत सिंह का कहना है कि साथ उनकी निकाली गई राशि को वापस कराने की भी जिम्मेदारी ली है।

### टक्कर से घायल गार्ड की अस्पताल में हुई मौत

**सोहना।** ड्यूटी के दौरान वाहन की टक्कर से घायल हुआ गार्ड ने दिल्ली के अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। राजस्थान का जिला भरतपुर का गांव चौरावत निवासी विजय सिंह ने भोंडसी पुलिस को बताया कि उसका भाई शिवलाल अलीपुर में स्थित सिग्नेचर सोसायटी में गार्ड की नौकरी करता था। मंगलवार को उसका भाई ड्यूटी पर तैनात था। ड्यूटी के दौरान तेज रफ्तार से एक वाहन उसकी तरफआया और उसे टक्कर मारते हुए घायल कर दिया और उसका अज्ञात चालक अपने वाहन को लेकर मौके से भाग गया। शिवलाल को उपचार के उद्देश्य से अन्य लोगों ने दिल्ली के अस्पताल में दाखिल कराया दिया था। जिसकी सूचना उन्हें दिल्ली के अस्पताल में शिवलाल को दाखिल कराने के बाद दी गई।

# गुरुग्राम में आज से खेलो हरियाणा गेम्स का आगाज

## सेक्टर-38 स्थित ताऊ देवी लाल स्टेडियम में केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह करेंगे शुरुआत

प्रवीण शर्मा। गुरुग्राम




**खेल** एवं युवा कार्यक्रम विभाग, हरियाणा द्वारा 16 से 18 दिसंबर तक गुरुग्राम के सेक्टर-38 स्थित ताऊ देवीलाल खेल परिसर में खेलो हरियाणा गेम्स का आयोजन किया जा रहा है। खेलो हरियाणा गेम्स का उद्घाटन सुबह 11 बजे केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह करेंगे।

जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी संधू बाला ने बताया कि खेलो हरियाणा गेम्स को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। खेलो हरियाणा गेम्स में लड़कों के लिए खांडसा रोड स्थित डीएवी स्कूल के खेल मैदान फुटबॉल में प्रतिस्पर्धा करवाई जाएगी। इसी प्रकार लड़कियों की प्रतियोगिता सेक्टर-38 स्थित ताऊ देवीलाल खेल परिसर के फुटबॉल खेल मैदान में होगी। आर्चरी व जुडो के खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धा सिविल लाइन स्थित नेहरू स्टेडियम में करवाई जाएगी।

# चोरी के एक केस में दो चोर पकड़े तो 11 केसों का हुआ खुलासा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


पुलिस गिरफ्त में स्कूटी चोर।

**एक** स्कूटी चोरी के केस में जब पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए दो चोरों को गिरफ़्तार करने में सफलता हासिल की। इन दो चोरों से चोरी की 11 वारदातों का खुलासा हो गया। आरोपियों के ठिकाने से 7 स्कूटी और एक मास्टर चाबी बरामद की गई है। चोरों से स्कूटी चोरी पर ज्यादा नजर रहती थी। यहां के सेक्टर-37 स्थित पुलिस थाना में हरी नगर निवासी हरिओम नामक व्यक्ति द्वारा शिकायत दी गई कि उसने अपने मकान के बाहर रात को स्कूटी खड़ी की थी। जब सुबह उठकर देखा तो वहां पर उनकी स्कूटी नहीं मिली। आसपास देखने पर भी उन्हें कहीं स्कूटी नजर नहीं आई। रात के समय कोई व्यक्ति उनकी स्कूटी चोरी करके ले गया। शिकायत के आधार पर पुलिस थाना सेक्टर-37 में चोरी का केस दर्ज किया गया और स्कूटी चोरों की तलाश शुरू की गई। स्कूटी चोरी के मामले में अपराध शाखा सेक्टर-10 ने गुप्त सूत्रों के आधार पर 24 घंटे से कम समय में हीमगिरी चौक से पुलिस ने दो व्यक्तियों को काबू करने में सफलता प्राप्त की। जिनकी पहचान साहिल व गौरव उर्फ गोलू के रूप में हुई। शुरुआती पूछताछ में दोनों आरोपियों ने वाहन चोरी की वारदात में शामिल होना कबूल किया है। उनके कब्जे से चोरी की 7 स्कूटी व एक मास्टर चाबी भी बरामद हुई। पूछताछ में उन्होंने कई मामलों की जानकारी दी। इस तरह से पुलिस ने 11 मामले सुलझा दिए।

# निर्यातकों की भागीदारी बढ़ाने को मनोहर सरकार निर्यातकों के द्वार


औद्योगिक संस्थाओं और निर्यातकों के साथ कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि।

**गुरुग्राम।** मनोहर सरकार निर्यातकों के द्वार। यानी हरियाणा में निर्यातकों की भागीदारी बढ़ाने को सरकार हर स्तर पर उनकी मदद को तैयार है। वे हरियाणा में अपने उद्योगों के बढ़ाएं। इसी उद्देश्य से हरियाणा एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल विदेश सहयोग विभाग हरियाणा सरकार की ओर से एक विशेष अभियान शुरू किया गया। जिसका पहला कार्यक्रम गुरुवार को गुरुग्राम में हुआ।

कार्यक्रम का शुभारम्भ विदेश सहयोग विभाग हरियाणा सरकार में सचिव और महानिदेशक अनंत प्रकाश पांडे ने किया। कार्यक्रम में हरियाणा एक्स्पोर्ट प्रमोशन काउंसिल के चेयरमैन अनुराग बख्शी मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे। कार्यक्रम में जिले की सभी प्रमुख औद्योगिक संस्थाओं और उनसे जुड़े निर्यातकों ने भाग लिया। अनंत प्रकाश पांडे ने विदेश सहयोग विभाग की गतिविधियों की जानकारी दी और बताया कि प्रदेश में निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हाल ही में विदेश सहयोग विभाग के अंतर्गत हरियाणा एक्सपोर्ट प्रमोशन काउन्सिल का गठन किया गया है। सभी जिलों में निर्यात प्रोत्साहन और आईईसी पंजीकरण अभियान की योजना बनाई गई है।

**50 फीसदी से ज्यादा संग्रह करता है**

**गुरुग्रामः** अनुराग बख्शी ने कहा कि गुरुग्राम प्रदेश के कुल राजस्व का 50 फीसदी से ज्यादा संग्रह करता है। प्रदेश का एक तिहाई निर्यात गुरुग्राम से होता है। यह जिला देश की आईटी कैपिटल है। बक्शी ने कहा कि ये गर्व की बात है कि हरियाणा देश के कुल भूभाग का केवल 1.34 फीसद है।

# दुष्यंत प्रताप सिंह द्वारा निर्देशित फिल्म त्राहिमाम सिनेमाघरों में रिलीज, पंकज बेरी अर्शी खान मुख्य भूमिका में

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**हाल** ही में भारतीय सिनेमाघरों में फिल्म त्राहिमाम रिलीज की गई. फिल्म की मुख्य भूमिका में अर्शी खान, पंकज बेरी, मुस्ताक खान, आदि ईरानी, राजू खेर, रमित ठाकुर इत्यादि बॉलीवुड कलाकार दिखाई दे रहे हैं. फिल्म का निर्देशन बॉलीवुड डायरेक्टर दुष्यंत प्रताप सिंह द्वारा किया गया है। फिल्म को ऑडियंस का सपोर्ट मिल रहा है। सिनेमाघरों से लौट रहे दर्शकों से बातचीत में अधिकांश दर्शकों ने फिल्म की तारीफ की है।

प्रोड्यूसर सुमेन्द्र तिवारी ने बताया कि फिल्म त्राहिमाम की सफलता का श्रेय फिल्म के डायरेक्टर दुष्यंत प्रताप सिंह को जाता है. मीडिया से बातचीत में दुष्यंत प्रताप सिंह ने बताया कि फिल्म के सभी कलाकारों और पूरी टीम द्वारा कड़ी मेहनत की गई।फिल्म की कहानी राजस्थान के धौलपुर जिले से संबंधित है। जहां एक और फिल्म में अपराधिक मामलों को दिखाया जाता है, वहीं दूसरी ओर राजनीति और राजनीति के षड्यंत्र फिल्म को और भी मजबूत बनाते हैं। फिल्म का सबसे अहम किरदार निभा रही Arshi khan फिल्म trahimam में चंपा के अवतार में दिखाई दी। जो इस फिल्म में गांव की महिला के रूप में दिखाई दे रही है। कई बार बलात्कार के बाद चंपा का पति अपनी पत्नी के लिए इंसाफ की गुहार लगाता नजर आ रहा है।

# गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार पूर्व सैनिक की मौत

**सोहना।** भोंडसी-दमदमा मार्ग पर बाइक सवार पूर्व सैनिक की गाड़ी की टक्कर लगने से मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

भोंडसी थाना का गांव सहजावास निवासी विनित कुमार ने बताया कि उसका पिता चन्द्रपाल बुधवार की रात करीब 8 बजे अपनी ड्यूटी से वापस घर आ रहा था। भोंडसी-दमदमा मार्ग पर पीछे से आई तेज गति में गाड़ी की टक्कर उनकी बाइक में लगी। जिससे उसका पिता चन्द्रपाल बाइक समेत सडक से दूर जमीन पर जा गिरे। जिससे उनके शरीर और सिर में गंभीर चोटें लगी। जिन्हें तुरन्त सोहना के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। जहां डॉक्टरों ने चन्द्रपाल को मृत घोषित कर दिया।

# युवाओं में डायबिटीज के लगातार बढ़ रहे मामलों से लड़ने के लिए एक अभिनव और बेहतरीन तरीका

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक

**डायबिटीज** एक विश्वव्यापी आपातकाल के रूप में उभर रहा है। दुनिया भर में लगभग 53.7 करोड़ लोग इससे प्रभावित हैं। डायबिटीज रोग से दूसरे स्थान पर सबसे अधिक प्रभावित लोग (20-79 वर्ष) भारत में हैं, जिनकी आबादी 7.45 करोड़ है। हमारे देश में 60 वर्ष से कम उम्र में होने वाले मृत्यु में 2.8 प्रतिशत के लिए डायबिटीज जिम्मेदार था। ये आंकड़े चिंताजनक है। इसका उपचार नहीं किए जाने पर जटिलताएं हो सकती हैं। इनमें हृदय संबंधी समस्याएं, स्ट्रोक और तंत्रिका/आंख/किडनी की क्षति आदि शामिल हैं। डायबिटीज के शिकार लोगों में शरीर इंसुलिन का पर्याप्त उत्पादन नहीं करता है या उत्पन्न होने वाले इंसुलिन का प्रभावकारी रूप से उपयोग करने में असमर्थ होता है।

**युवा और मध्यम आयु वर्ग के लोगों को प्रभावित करता है :** डायबिटीज (टी2डीएम) कम उम्र में रोग का हमला होने के कारण जटिलताओं का ख़तरा काफी बढ़ जाता है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आईसीएमआर) द्वारा युवावस्था में डायबिटीज की शुरुआत वाले लोगों के लिए संकलित आंकड़ों से पुष्टि होती है कि युवाओं में 21 वर्ष की उम्र के आस-पास टी2डीएम का निदान होता है और इसके साथ अक्सर नर्व (स्नायु तंत्रिका) या आँख की क्षति जुड़ी होती है। टी2डीएम के शीघ्र आक्रमण से प्रभावित व्यक्तियों में से करीब 80-92 फीसद लोग मोटापे के शिकार हैं। इस बढ़ती महामारी को नियंत्रित करने का प्रथम चरण होगा डायबिटीज के लिए व्यापक जांच की सुलभता जिससे कि 'अप्रकट' डायबिटीज और ज्यादा जोखिम वाली आबादी का निदान सुनिश्चित हो चूंकि टी2डीएम से जुड़े अनेक कारकों को ठीक किया जा सकता है, इसलिए एकदम शुरुआत ही में निवारक उपाय करना आगे चल कर फायदेमंद साबित हो सकता है।

**बेहतर नियंत्रण को आसान बनाने वाले उपाय :** जिनका वजन सामान्य से अधिक है या जिनमें डायबिटीज होने का खतरा अधिक है, उन लोगों में टी2डीएम की शुरुआत को जीवन शैली में बदलाव करके रोका या विलंबित किया जा सकता है। इसके उपायों में शारीरिक गतिविधि, वजन में कमी और स्वास्थ्यकर आहार शामिल शामिल करना चाहिए। टी2डीएमसे पीड़ित लोगों में नियंत्रण हासिल करने के लिए मेटफॉर्मिन के साथ जीवन शैली में बदलाव आरम्भ किया जाता है। अगर ग्लूकोज का लक्षित स्तर हासिल नहीं हो रहा है, तो रहन-सहन और आहार नियम में सल्फोनाइलूरिएज या थिएजोलीडाईनेडियोन्स जैसी औषधियों को शामिल किया जा सकता है। लेकिन उनके साइड इफेक्ट्स के रूप में अक्सर हाइपोग्लाईसीमिया (सामान्य से नीच ग्लूकोस लेवल) और वजन में वृद्धि हो जाती है जिससे इन औषधियों का प्रभाव घट जाता है।

**मौखिक सेमाग्लूटाइड के साथ डायबिटीज (टी2डीएम) का नियंत्रण :** प्रभावकारिता के साथ-साथ सुविधा के लिए अब 15 वर्षों के अनुसंधान और विकास के बाद जीएलपी-1 आरए सेमाग्लूटाइड ओरल फॉर्म में उपलब्ध है। ओरल सेमाग्लूटाइड हमारी आबादी में डायबिटीज-रोधी अन्य उपचार के साथ या बगैर जीवनशैली के लिए एक मूल्यवान वृद्धि है क्योंकि यह अनेक मोर्चों पर डायबिटीज पर चोट करती है और ब्लड ग्लूकोज पर नियंत्रण और शरीर के वजन में (5 किलोग्राम तक) कमी, दोनों लाभ प्रदान करती है। यह समग्र रूप से हृदयधमनीय खतरों को कम करती है जिससे रोगी के परिणाम बेहतर हो सकते हैं। अनेक श्रेणियों में रोगियों पर अनेक परीक्षणों में ओरल सेमाग्लूटाइड के फायदों का अध्ययन किया गया है। अध्ययनों में अन्य दवाओं की तुलना में ओरल सेमाग्लूटाइड के अनुकूल प्रभाव ज्यादा पाए गए।

*लेखक - डॉ राजेश राजपूत, पूर्व वरिष्ठ प्रोफेसर और हेड - एंडोक्राइनोलॉजी, पीजीआईएमएस, रोहतक और हेड - एंडोक्राइनोलॉजी, कैनोस सुपर स्पेश्यलिटी हॉस्पिटल, रोहतक।*

# एम स्टॉक के लांच के 8 महीने में एक लाख से अधिक सशुल्क खातों के साथ, सबसे तेजऑनलाइन रिटेल ब्रोकिंग प्लेटफार्मों में एक बना

## डायरेक्टर और चीफ बिजनेस आफिसर अरुण चौधरी ने कहा

पायनियर समाचार सेवा। गुरूग्राम

**मिराए** एसेट इंटरनेशनल फाइनेशियल सर्विसेस ग्रुप ने आज अपने ऑनलाइन रिटेल स्टॉक ब्रोकिंग प्लेटफॉर्म एम.स्टॉक पर एक लाख से अधिक पेड अकाउंट्स की घोषणा की है। एम स्टॉक जीरो-ब्रोकरेज और नो कमीशन मॉडल के साथ अप्रैल 2022 में लांच किया गया। इसमें एक साथ कई ट्रेडिंग और निवेश जैसे कई उत्पादों की सर्विसेस ग्राहकों को मिलती है।

एम स्टॉक ने अपने ग्राहकों के बेस में 60 प्रतिशत की बढ़त हासिल की है। पिछले महीने की तुलना में नवंबर 2022 में उनके प्लेटफॉर्म पर 73 प्रतिशत सक्रित ग्राहक है। दूसरी ओर जहां इंडस्ट्री में सक्रिय निवेशकों की संख्या में जून 2022 में निरंतर गिरावट देखने को मिल रही है। आर्थिक अनिश्चितता के साथ एक साल में रिटर्न जैसे कई कारणों से रिटेल ग्राहकों की भागीदारी और उत्साह को कम किया है। इसके अलावा प्लेटफॉर्म पर अब तक 2.9 करोड़ से अधिक ट्रेडस से कुल कारोबार 40,000 करोड़ रुपये को पार कर गया है और औसतन 5 लाख से अधिक ट्रेड एक दिन में हो रहे है।

एम स्टॉक मार्जिन ट्रेडिंग सुविधा (ई मार्जिन ) से अपने ग्राहकों को 7.99 से 9.49 प्रतिशत प्रतिवर्ष तक की अत्यधिक प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों पर देता है। ई मार्जिन के साथ बड़ी सफलता भी देखी है।

केवल 92 दिनों में 100 करोड़ रुपये से अधिक नेट बुक साइज (एम.स्टॉक फंडिंग) जमा की है। इस माइलस्टोन के बारे मिराए एसेट कैपिटल मार्केट्स (इंडिया) प्रा.लिमिटेड के डायरेक्टर और चीफ बिजनेस आफिसर अरुण चौधरी ने कहा कि एम स्टॉक में हम इतने कम समय में शानदार बढ़त को देखकर काफी रोमांचित है। हमने ऐसे प्रोडक्ट पर शुरुआत से फोकस किया जो हमारे ग्राहकों के लिए फायदेमंद साबित हो। हमारे पैरेंट्स ग्रुप मिराए एसेट की ग्लोबल विशेषज्ञता और मार्गदर्शन की मदद से हम एक लाख सशुल्क ग्राहकों की संख्या को पार करने में कामयाब रहे है। इसे सभी के साथ साझा करना बिल्कुल अद्भुत है। एम.स्टॉक यूनिक और सिमलेस ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म को जीरो ब्रोकरेज और नो-कमीशन मॉडल के साथ जोड़ा गया है, जिसने इसे अनुभवी व्यापारियों और निवेशकों दोनों के लिए एक आकर्षक प्रस्ताव बना दिया है।

# मेडिक्स ग्लोबल और एमपॉवर ने भारत में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी भ्रांतियों को कम करने के लिए सहयोग किया

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ



**मानसिक** स्वास्थ्य समस्याएं दुनिया भर में लगातार बढ़ रही हैं और ये तेजी से वैश्विक महामारी का रूप ले रही हैं। वैश्विक स्वास्थ्य प्रबंधन कंपनी, मेडिक्स ने आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट की एक पहल एवं भारत में मानसिक स्वास्थ्य क्षेत्र में अग्रणी, एमपावर के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी की है। मेडिक्स 300 से अधिक इन-हाउस चिकित्सकों की टीम और दुनिया के 4,500 से अधिक अग्रणी स्पेशलिस्ट्स के वैश्विक गुणवत्ता मान्यता-प्राप्त नेटवर्क के साथ लाखों ग्राहकों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को प्रभावी तरीके से पूरा करता है और एमपावर के पास 600 से अधिक अनुभवी मानसिक स्वास्थ्य प्रोफेशनल्स की मजबूत क्षमता है जिसने वैज्ञानिक दृष्टि से प्रामाणिक, विश्वस्तरीय हस्तक्षेप तकनीकें उपलब्ध कराकर 121 मिलियन से अधिक लोगों की जिंदगी को सकारात्मक रूप में प्रभावित किया है।

इस महत्वपूर्ण साझेदारी के अंतर्गत, मेडिक्स इंडिया एमपॉवर की मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को अपने विभिन्न देखभाल कार्यक्रमों में शामिल करेगा, अपने ग्राहकों और भागीदारों को उपलब्ध कराएगा। जिनमें प्रमुख बीमाकर्ता, कॉर्पोरेट नियोक्ता और अन्य हितधारक शामिल हैं, और एमपावर क्लीनिक एवं वर्चुअल मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ कराएगा। इस साझेदारी के माध्यम से एमपावर ज्ञान और सेवा भागीदार के रूप में मानसिक स्वास्थ्य क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता के साथ मानसिक स्वास्थ्य सहायता चाहने वाले रोगियों को विभिन्न प्रामाणिक मानसिक स्वास्थ्य समाधान और उपचार प्रदान करेगा, जबकि मेडिक्स गुणवत्ता सुनिश्चितता, लक्ष्य-निर्धारण रणनीतियों, नैदानिक तरीकों, डिजिटल मानसिक एवं शारीरिक आकलन और परिणामों के माप व विश्लेषण आदि के लिए अभिनव उपकरण में अपनी वैश्विक विशेषज्ञता का उपयोग करेगा और इस प्रकार, भारत में अब तक की मानसिक देखभाल के स्वरूप एवं मूल्यांकन को नया आकार प्रदान करेंगे।

एमपावर की संस्थापक और चेयरपर्सन, डॉ. नीरजा बिड़लाने इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए कहा, एमपावर हमेशा से भारत में मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी रहा है और यह साझेदारी इस क्षेत्र में एक बार फिर से भारत में एक चेंज मेकर के रूप में हमारी स्थिति को मजबूत करने के लिए बढ़ाया गया एक और कदम है। मनोवैज्ञानिक, शारीरिक और सामाजिक कारकों के बीच जटिल परस्पर क्रिया के कारण विभिन्न चिकित्सीय स्थितियों वाले लोगों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं आम हैं, इस प्रकार मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों ही संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण घटक हैं। इस सहयोग के जरिए एक ही मंच पर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का विकल्प चुनने की सुविधा प्रदान कर रोगियों को समग्र समाधान उपलब्ध कराया जा रहा है। हम आशा करते हैं कि इस तरह के सहयोग भारत में समग्र स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन में एक नए अध्याय की शुरुआत करेंगे और मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को समान महत्व प्रदान करते हुए आगे के शोध, जुड़ाव, पहुंच को प्रोत्साहन देंगे और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करेंगे।

मेडिक्स की प्रेसिडेंट और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सुश्री सिगल एट्ज़मन ने कहा, हमें एमपावर के साथ साझेदारी करने पर गर्व है, क्योंकि हम दोनों ही ब्रांडों के बीच मजबूत तालमेल देखते हैं, जिसका लोगों के सोचने, महसूस करने और कार्य करने के तरीके पर बहुत गंभीर प्रभाव है। हम युवा पीढ़ी को विभिन्न कारणों से बढ़ते दबावों का सामना करते हुए देख रहे हैं और अक्सर, सकारात्मक तरीके से इन चुनौतियों का सामना करने के लिए उनके पास साधनों की कमी होती है।

# फिर शहर में कचरे के साथ नवजात बच्चे को फेंका, मौत

## रातभर ठंड में पड़े रहने से बच्चे की हो गई मौत

कविता। फरीदाबाद

**विवाह** पूर्व अवैध संबंध अथवा गरीबी के कारण कई लोग अक्सर नवजात बच्चों को मरने के लिए सड़क पर फेंक देते हैं। इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सरकार की तरफ से कई योजनाएं भी शुरू की गई थी और अब तो अनचाहे गर्भ को नष्ट करने के लिए कानून भी बन चुका है, लेकिन फिर भी नवजात बच्चों को फेंका जा रहा है। बीती रात 17 नंबर चुंगी के पास नवादा गांव में बने माता के मंदिर के बाहर अज्ञात व्यक्ति ने एक नवजात बच्चे को कचरे की पॉलीथिन में अखबार में लपेटकर मरने के लिए फेंक दिया। रात भर सर्दी में पड़े रहने से उसकी मौत हो गई।



माता के मंदिर के बाहर लगी भीड़।



पॉलिथीन में पड़ा मृत बच्चा।

**यह था हाल :** नवादा गांव निवासी शीशपाल ने बताया कि मंदिर के निकट एक बच्चे का शव एक नीले रंग की पॉलीथिन में पड़ा था। बच्चे के शरीर पर नाल भी थी, जिसे देखकर लग रहा था कि बच्चे को जन्म के तुरंत बाद यहां छोड़ा गया है। देखने से लग रहा था कि बच्चे को जिंदा यहां बीती रात छोड़ा गया है और उसकी मौत सर्दी लगने से हुई है। उन्होंने पुलिस को सूचना दे दी।

**सिरे नहीं चढ़ी पालना योजना:** नवजात बच्चों का नालों और कूड़े के ढेर में फेंकने की अनेक घटनाएं हो चुकी हैं। कई बार तो कूड़े के ढेर पर पड़े नवजात बच्चों को कुत्ते नोंच कर मार चुके हैं। ऐसे नवजात बच्चों की जान बचाने के लिए सरकार ने कई साल पहले पालना योजना शुरू की थी। जिसके तहत बाल भवन में पालने भी लगाए गए थे। ताकि लोग बच्चों को फेंकने की बजाए यहां रख जाए। लेकिन जागरूकता के अभाव में यह योजना कामयाब नहीं हो पाई।

**नहीं होती कार्रवाई :** नवजात बच्चों को फेंकने वाले लोगों का पुलिस पता ही नहीं लगा पाती और यदि आरोपियों का पता लग भी जाए तो उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। ज्यादातर मामलों में पुलिस सिर्फ मुकदमा दर्ज कर अपना कर्तव्य पूरा कर लेती है। यदि पुलिस इन मामलों में गंभीरता से जांच कर कार्रवाई करें तो इस तरह की घटनाएं रूक सकती हैं। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विकास गोयल ने कहा कि ऐसे ज्यादातर मामलों में कारण अनचाही संतान ही होता है। क्योंकि लड़की के फैंकना तो आम है, लेकिन लड़के को इस तरह से मरने के लिए छोड़ना सोचने वाला विषय है।

# गलत प्रोपर्टी आइडी बनाने से परेशान निगम कर्मचारियों ने दी हड़ताल की चेतावनी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सम्पति** कर सर्वे एजेंसी के द्वारा किये गये सर्वे में भारी पैमाने पर गड़बड़-घोटाले से परेशान फरीदाबाद नगर निगम के कर्मचारियों ने संघर्ष की राह पकड़ ली है। इस सारे घोटाले की उच्च-स्तरीय जांच करवाने व पूरा सर्वे दोबारा करवाने की मांग हरियाणा सरकार से की है।

म्युनिसिपल कारपोरेशन ईम्पलाइज फैडरेशन, फरीदाबाद के बैनर तले निगम के कर्मचारियों ने आज गुरुवार को यहां निगम मुख्यालय पर इस मुद्दे को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे हड़ताल पर चले जायेंगे। फैडरेशन नेताओं ने अफसोस जाहिर करते हुए कहा कि गलत सर्वे के द्वारा प्रदेश के लाखों शहरी नागरिकों की परेशानी का कारण बनी जयपुर की याशी कन्सलटैंसी नामक सर्वे एजेंसी के विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने की बजाए शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता सार्वजनिक तौर से उक्त डिफाल्टर कम्पनी को क्लीन चिट दे रहे हैं और विभाग के मंत्री व विभाग के आला अधिकारी सर्वे एजेंसी के द्वारा किये गये गड़बड़ घोटाले को निगम कर्मचारियों को अत्यधिक टार्चर करके ठीक करने का दवाब बना रहे हैं, जिसे कर्मचारी हरगिज बर्दाश्त नहीं करेंगे और इस महाभ्रष्टाचार का सड़कों पर आकर जोरदार विरोध किया जायेगा। फैडरेशन ने राजनैतिक दलों, रेजिडेन्ट वैलफेयर एसोसिएशनों, औद्योगिक, सामाजिक, कर्मचारी, मजदूर व धार्मिक संगठनों और मीडिया वर्ग से भी इस घोटाले के विरोध में आवाज उठाने का आह्वान किया है। फैडरेशन प्रधान रमेश जागलान, वरिष्ठ उपप्रधान शाहाबीर खान, महासचिव दशरथ कुमार रेढ़ू, नगर निगम कार्यालय कर्मचारी यूनियन के प्रधान नरेश कुमार बैंसला, सचिव अमित शर्मा ने प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए सर्वे एजेंसी के द्वारा सर्वे की खामियों का विस्तार से खुलासा किया। उन्होंने बताया कि सर्वे डाटा में सम्पतियों का पता सही नहीं है, कालोनी नाम सही नहीं है, दो अलग-अलग मकानों की एक आईडी बना दी गई है, एक मकान की प्रयोग के अनुसार अलग-अलग आई.डी. बना दी है, अधिकतर यूनिटों में एरिया ठीक नहीं है, चाय व पान के खोखो, सरकारी जमीन पर बनी झुग्गियों, ग्रीन बैल्ट तक की आईडी बना दी गई है, एक आईडी के 30-30 तक आईडी बना दी गई हैं, यूएलबी पोर्टल पर पहले से बनी हुई लगभग 2.70 लाख पुरानी आईडी के साथ सर्वे एजेंसी के द्वारा किये गये सर्वे का सही मिलान (इन्टीग्रेशन) नहीं किये जाने के कारण सर्वे से पहले की 2.70 लाख यूनिटों का ठीकठाक सम्पति कर डाटा भी डिस्टर्ब हो गया है। जिसके कारण कर जमा नहीं हो पा रहा है, एनआईटी फरीदाबाद स्थित दशहरा ग्राउंड बस स्टैंड की तीन आईडी बना दी गई हैं।



नगर निगम में प्रदर्शन कर रोष प्रकट करते कर्मचारी।

बहुत सारी ईकाईयों की आईडी बनी ही नहीं है। इसके इलावा और भी बहुत सारी अनियमिततायें सर्वे एजेंसी के द्वारा बरती गई हैं। उन्होंने निकाय मंत्री के इस दावे को कि सर्वे एजेंसी ने बहुत अच्छा काम किया है इसे सच्चाई से कोसों दूर बताया। प्रदर्शन को अन्य के इलावा कर्मी नेता सुरजीत नागर, धीर सिंह, अतर सिंह भड़ाना, प्रमोद कुमार रोहिल्ला, कर्म चंद बघेल, शशी अधाना, रामकिशन फफूंदा, लाला राम नरवत, विजय कुमार शर्मा व सुखपाल सिंह आदि ने भी संबोधित किया।

# सरकारी नौकरी का लालच देकर महिला की किडनी ट्रांसप्लांट की

## महिला ने अस्पताल कर्मचारियों समेत छह लोगों पर लगाया आरोप

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**शहर** में रहने वाली एक महिला ने कुछ लोगों पर पति को सरकारी नौकरी दिलवाने का झांसा देकर उनकी किडनी किसी अन्य व्यक्ति को ट्रांसप्लांट करवाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने इस मामले शहर के क्यूआरजी अस्पताल के कुछ कर्मचारियों पर मामले में शामिल होने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत मिलने पर पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने एसीपी ओल्ड फरीदाबाद को मामले की जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिये हैं।

महिला की शिकायत पर, पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने एसीपी ओल्ड को जांच और कानूनी पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि महिला की शिकायत के अनुसार इस मामले में छह आरोपी शामिल हैं। जिसमें क्यूआरजी अस्पताल के कर्मचारी भी शामिल है। पुलिस द्वारा मामले में जांच की जा रही है और इसमें शामिल आरोपियों के खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि दो वर्ष पूर्व उसने पति की फेसबुक पर किडनी दान करने का विज्ञापन देखा था। जिस पर यूं ही नॉर्मली, महिला ने ओके कर दिया था। आरोपियों ने महिला से संपर्क किया था।

महिला ने आरोपियों को किडनी दान करने के लिए मना कर दिया था। लेकिन आरोपियों ने महिला के किडनी दान करने के बदले पति को सरकारी नौकरी दिलवाने का लालच दिया था। आरोपियों ने पीड़ित महिला के फर्जी कागजात अपनी पत्नी के नाम से बनवाए और अगस्त 2022 में क्यूआरजी अस्पताल के कर्मचारियों के साथ मिलकर महिला की किडनी ट्रांसप्लांट करवा दी।

महिला की शिकायत मिलने पर इस प्रकरण में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जांच एसीपी ओल्ड द्वारा की जा रही है।

# संक्षिप्त समाचार

## शराब ठेका हटाने के लिए सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन




**फरीदाबाद।** संजय कालोनी सेक्टर-22 गली नम्बर 69 नाले के पास रहने वाले लोगों ने सेक्टर-12 में पहुंच कर प्रदर्शन किया और उन्होंने सीएम के नाम का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि हमारे घर के पास एक शराब का ठेका खुला हुआ है, जोकि रिहायशी क्षेत्र के अंदर पड़ता है और जहां पर आये दिन लड़ाई दंगे होते रहते हैं। इससे सभी कालोनी वासियों का रहना मुश्किल हो गया है। शराब के ठेके के कारण आयेदिन लोगों कि लड़ाई होती रहती है। ठेके के पास कुछ लोग मीट आदि कि दुकानें भी लगाते है, जहां पर अवैध रूप से शराब पिलाने का काम भी होता है। इस सबको देखते हुए उन्होंने ठेके का स्थान बदलने का अनुरोध किया है। इसलिए ठेके को हटाने के लिए आदेश जारी करें या उसका स्थान बदलने के लिए कहा जाये।

## होमर्टन ग्रामर स्कूल में एसवीएचएएस परीक्षा 17 को

**फरीदाबाद।** स्वामी विवेकानंद होमर्टन एकेडमिक स्कॉलरशिप टेस्ट 17 दिसंबर को होमर्टन ग्रामर स्कूल, सेक्टर 21ए, फरीदाबाद में आयोजित किया जाएगा। छात्रवृत्ति मेधावी छात्रों को बिना किसी वित्तीय बोझ के अपने शैक्षणिक और कैरियर के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाएगी। मेधावी छात्रों को 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति देने के लिए होमर्टन ग्रामर स्कूल इस छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन कर रहा है। फरीदाबाद के कई छात्र परीक्षा के लिए पहले ही नामांकन कर चुके हैं। शिक्षा निदेशक सुसान कौर फरीदाबाद के छात्रों को इस अवसर का सर्वोत्तम उपयोग करने के लिए परीक्षा के लिए पंजीकरण कराने के लिए प्रोत्साहित करती हैं।

## एक्स-रे न होने के कारण परेशान हो रहे मरीज



बीके अस्पताल में एक्स-रे रूम से वापस जाते मरीज।

**फरीदाबाद।** बादशाह खान सिविल अस्पताल में एक्स-रे कक्ष में टाइल्स लगाने का कार्य शुरू किया गया है। जिसके कारण एक्स-रे करने पूरी तरह से बंद कर दिए गए हैं। ऐसे में यहां आने वाले मरीजों को वापस लौटाया जा रहा है। सोमवार तक एक्स-रे मशीन चालू होने की बात कहकर मरीजों को लौटाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक शहर के सबसे बड़े सिविल अस्पताल में एक्स-रे मशीन रूम में टाइल्स लगाने का कार्य किया जा रहा है। जिस कारण एक्स-रे मशीन बंद है। यहां आए दिन डेढ़ से दो सौ से अधिक एक्स-रे किए जाते हैं। लेकिन अब मरीजों को लौटाया जा रहा था। मौके पर मौजूद रेडियोलॉजिस्टों से इस बारे में जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि ओपीडी और वार्ड में दाखिल गंभीर रूप से बीमार मरीजों के भी एक्स-रे नहीं हो पा रहे हैं, क्योंकि काम के कारण धूल मिट्टी जमीं हुई है। ऐसे में सोमवार तक एक्स-रे मशीन बंद रहेगी।

## पहली बार जारी हुई फ़रीदाबाद के वकीलों की डायरेक्टरी



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद बार एसोसिएशन ने फरीदाबाद में रजिस्टर्ड सभी वकीलों की डाइरेक्टरी जारी की। जिसमें उनकी फोटो सहित पते व नंबर भी है। फरीदाबाद में पहली बार ऐसी डायरेक्टरी जारी हुई है। एडवोकेट ओपी शर्मा, पूर्व चेयरमैन पंजाब एंड हरियाणा बार कौंसिल की अध्यक्षता व बार के प्रधान एडवोकेट केपी तेवतिया व महासचिव संदीप पाराशर के सानिध्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें एसोसिएशन के उपप्रधान एडवोकेट दीपू सिंह रावत, संयुक्त सचिव एडवोकेट आशीष अरोड़ा सहित एसोसिएशन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। डायरेक्टरी जारी करते हुए एडवोकेट ओपी शर्मा ने जहां एक तरफ डायरेक्टरी जारी करने के लिए बार की तारीफ की और एडवोकेट संतराम शर्मा को डायरेक्टरी संकलन के लिए धन्यवाद दिया तो दूसरी तरफ उन्होंने कहा की इस से फरीदाबाद व उसके आस पास के क्षेत्रों में रह रहे नागरिकों को अपना वकील चुनने में सहायता मिलेगी। ओपी शर्मा ने फरीदाबाद के दो हॉस्पिट्स से पुराने व नये वकीलों व उनके परिवारों की सुविधा व कल्याण के लिए बार द्वारा बनवाये जा रहे मेडिकल प्रीविलेज कार्ड का भी जिक्र किया व जानकारी दी की इन कार्डों की पहली किस्त संभवत: इसी सप्ताह जारी कर दी जाएगी।

## एटीएम से छेड़छाड़ कर धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेंद्र कुमार की टीम ने बैंक फ्रॉड के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम शाहरुख है, जो फरीदाबाद के धौज गांव का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं के तहत सेक्टर 17 थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें आरोपी ने 2 महीने पहले सेक्टर 16 में स्थित फेडरल बैंक के एटीएम से धोखाधड़ी से 19000 रुपये निकाले थे। इस वारदात में एक अन्य आरोपी भी शामिल है। जिसकी तलाश की जा रही है और जिसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। क्राइम ब्रांच की टीम ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपी शाहरुख को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी बहुत ही शातिर किस्म का अपराधी है जो बैंक के साथ धोखाधड़ी की वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी एटीएम मशीन से जब पैसे निकलवाने जाते हैं तो पैसे निकालते समय ही वह एटीएम मशीन को पीछे से बंद कर देते हैं। जिससे मशीन से पैसे तो निकल जाते हैं परंतु एटीएम मशीन का बैंक के सर्वर से कनेक्शन कट होने की वजह से बैंक में यह पता नहीं चल पाता कि ग्राहक ने पैसे निकाले हैं या नहीं। आरोपी के कब्जे से धोखाधड़ी से निकाले गए पैसों में से रुपये 6000 बरामद किए गए।

## बुजुर्ग महिलाओं से आभूषण ठगने वाला आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 30 के प्रभारी सेठी मलिक की टीम ने महंगे आभूषण लेने की 100 से अधिक वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम शिवकुमार है, जो छान्यसा गांव का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू कर लिया। आरोपी इससे पहले भी इस प्रकार की कई वारदातों को अंजाम दे चुका है और कई बार जेल की हवा भी खा चुका है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी बहुत ही शातिर ठग है। आरोपी अपने स्कूटी से बाजार में भीड़ भाड़ वाली जगह पर घूमता रहता है और बुजुर्ग राहगीरों को अपना शिकार बनाने की कोशिश करता है। वह बातों ही बातों में उनसे इतना घुलमिल जाता है की वह बुजुर्गों के पहने हुए गहने तक उतरवा लेता है। आरोपी ने दिल्ली-एनसीआर में इस प्रकार की 100 से अधिक वारदातों को अंजाम दे रखा है।

# लैंक्सेस ने डाउ जोंस सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स में शीर्ष रैंक पर

## डीजेएसआई यूरोप में केमिकल्स श्रेणी में 100 में से 85 अंक पाकर कर पहले स्थान पर रही

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**स्पेश्यलिटी** केमिकल कंपनी लैंक्सेस ने सस्टेनेबिलिटी के मामले में एक बार फिर उच्च स्कोर हासिल किया है। लैंक्सेस डाउ जोंस सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स (डीजेएसआई) यूरोप में केमिकल्स श्रेणी में 100 में से 85 अंक हासिल कर पहले स्थान पर रही। डीजेएसआई वर्ल्ड में लैंक्सेस पिछले वर्ष की तरह दूसरे स्थान पर रही। समूह ने उत्पाद प्रबंधन, जल और मानव अधिकारों के क्षेत्रों में विशेष रूप से अच्छे परिणाम हासिल किए।

लैंक्सेस एजी के बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के सदस्य ह्यूबर्ट फिंक ने कहा, सतत, एकीकृत सोच और उसके मुताबिक किया जा रहा काम हमारे कॉरपोरेट लक्ष्यों का समर्थन करता है और इसलिए यह समूह के सभी स्तरों पर स्थापित है। हम डाउ जोन्स सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स में नए सिरे से हासिल शानदार रैंकिंग को अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि और प्रोत्साहन दोनों मानते हैं।

डाउ जोन्स सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स के लिए, कंपनियों का मूल्यांकन पर्यावरण, सामाजिक जिम्मेदारी और कॉरपोरेट प्रशासन के क्षेत्रों में किया जाता है। डीजेएसआई वर्ल्ड प्रति उद्योग मूल्यांकन की गई वैश्विक कंपनियों के शीर्ष 10 प्रतिशत को सूचीबद्ध करता है, जबकि डीजेएसआई यूरोप, यूरोप में मुख्यालय वाली शीर्ष 20 प्रतिशत कंपनियों को सूचीबद्ध करता है।

# पुरानी पेंशन बहाली की उठाई मांग

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** कर्मचारी महासंघ की एक अहम बैठक नहरपार के ग्रेटर डिविजिन कार्यालय पर हरियाणा कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महासचिव एवं हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड वर्कर्स यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील खटाना ने पुरानी पेंशन बहाली के लिए प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर अवगत कराया कि आज पूरे देश में कर्मचारियों की सबसे बड़ी मांग पुरानी पेंशन को बहाल करवाना है।

हरियाणा कर्मचारी महासंघ ने पत्र के माध्यम से हरियाणा सरकार के समक्ष प्रदेश के लाखों कर्मचारियों की मुख्य मांग पुरानी पेंशन को शीघ्र बहाल कर प्रदेश के लाखों कर्मचारियों देने की बात कही है। जिसमें हरियाणा कर्मचारी महसंघ के प्रदेश महासचिव सुनील खटाना ने बताया कि हरियाणा की सीमावर्ती राज्यों से लगते हुए राज्य राजस्थान में, पंजाब में और हिमाचल प्रदेश में पुरानी पेंशन को लागू करने की घोषणा कर दी है, कि ऐसे में निश्चित तौर पर हरियाणा का कर्मचारी भी यथाशीघ्र प्रदेश सरकार से पुरानी पेंशन जो की उसकी सेवानिवृत्ति पर मान सम्मान के साथ जीवन यापन का एकमात्र सहारा है।



उसे लागू कर प्रदेश के कर्मचारियों में अपना विश्वास कायम रखने का काम करें अन्यथा आने वाले समय में हरियाणा कर्मचारी महासंघ के बैनर के तले प्रदेश के सभी विभागों के कर्मचारी लामबंद होकर संघर्ष करने को मजबूर होंगे। प्रदेश सरकार के पास समय है और सरकार समय रहते कर्मचारी वर्ग को पुरानी पेंशन का अधिकार देकर कर्मचारी वर्ग में अपना विश्वास बनाने का कार्य करें। क्योंकि हरियाणा प्रदेश से लगते हुए लगभग सभी राज्यों ने पुरानी पेंशन को बहाल करने की घोषणा कर दी है, जबकि बात काम की करे तो हरियाणा प्रदेश का कर्मचारी पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा काम करके प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान करता हैं व सरकार की कार्यप्रणाली को निरंतर आगे बढ़ाने का काम करता है।

## कुलपति ने जतिन को राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी

**फरीदाबाद।** हाल ही में भोपाल में आयोजित 65वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में पदक जीतकर विवि का नाम रोशन करने वाले जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद के छात्र जतिन चौधरी ने कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर से मुलाकात की।

जतिन विवि के एमए (अंग्रेजी) का छात्र है। जिसने राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप की सीनियर कैटेगरी में 50 मीटर फ्री पिस्टल इवेंट में रजत पदक और 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक समेत दो पदक जीते। इस अवसर पर डीन (इंस्टीट्यूट) प्रो. संदीप ग्रोवर, संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह, डिप्टी डीन (छात्र कल्याण) डॉ. शिल्पा सेठी, डॉ. सोनिया, खेल अधिकारी डॉ. सुनीता कोक उपस्थित थीं।

# सरकारी भवनों पर सोलर पॉवर प्लांट लगेंगे : अपराजिता

## सोलर पॉवर प्लांट लगाने की 25 प्रतिशत राशि संबंधित संस्था द्वारा की जाएगी वहन

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**नवीन** एवं नवीकरणीय उर्जा विभाग व हरेडा के माध्यम से उर्जा संरक्षण एवं सौर उर्जा को बढ़ावा देने के लिए सभी सरकारी भवनों में ग्रिड कनेक्टेड सोलर पॉवर प्लांट लगाने की योजना है। अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा जिला की पंजीकृत अनुसूचित जाति व पिछड़े वर्ग की धर्मशालाओं में 75 प्रतिशत अनुदान पर ग्रिड कनेक्टेड सोलर पॉवर प्लांट लगाए जाएंगे। इसकी 25 प्रतिशत राशि संबंधित संस्था द्वारा वहन की जाएगी। इन धर्मशालाओं में बैटरी बैंक सहित अथवा बिना बैटरी बैंक के 5 किलोवाट तक के सोलर पॉवर प्लांट लगाए जाएंगे।



सेक्टर 12 स्थित लघु सचिवालय।

अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा यह योजना पहले आओ पहले पाओ के आधार पर चलाई की जा रही है। सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 1 मेगावाट के सोलर पॉवर प्लांट लगाए जाएंगे, जिस पर सरकार द्वारा लगभग 3.50 करोड़ रुपए का अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सरकारी एवं गैर सरकारी गुरूकुल, कामकाजी महिला छात्रावास, अनाथालय, वृद्धा आश्रमों, बालगृह, नारी निकेतन, प्राकृतिक चिकित्सालय, रैडक्रॉस संस्थान तथा धर्मार्थ संस्थानों पर 50 प्रतिशत अनुदान पर ग्रिड कनेक्टेड सोलर पॉवर प्लांट लगाए जाएंगे, जिसकी 50 प्रतिशत की राशि संबंधित संस्था द्वारा दी जाएगी। इन संस्थानों में बैटरी बैंक सहित 10 किलोवाट तक तथा बिना बैटरी बैंक के 50 किलोवाट तक के सोलर पॉवर प्लांट लगाए जाएंगे। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि इसके लिए इच्छुक सामाजिक संस्थाओं का निति आयोग के दर्पण पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए लघु सचिवालय फरीदाबाद में चौथे तल पर स्थित कमरा नंबर-403 में रविकांत शर्मा, सहायक परियोजना अधिकारी, कार्यालय अतिरिक्त उपायुक्त से संपर्क किया जा सकता है।

## एसआरएस स्कूल से बच्चे के अपहरण का मामला सुलझा

**फरीदाबाद।** छह दिसंबर को बीपीटीपी थाने में अपहरण की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। क्राइम ब्रांच 30 ने इस मामले में स्कूल स्टाफ से पूछताछ की तथा सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिसके आधार पर मामले में तीन व्यक्तियों पर शक जाहिर हुआ। मामले की जांच के दौरान सामने आया कि यह कोई अपहरण की कोशिश नहीं थी बल्कि एक गलतफहमी का नतीजा था।

मामला कुछ इस प्रकार है कि यक्षित और अक्षित दोनों छोटे बच्चे हैं जो एसआरएस स्कूल में पढ़ते हैं। यक्षित के पिता गौरव उस दिन किसी काम से बाहर गए हुए थे इसलिए उन्होंने अपने दोस्त अनुराग को उनके बेटे को स्कूल से लेकर आने के लिए कहा था। अनुराग ने अपने साथी यस और रोहित को गौरव के बेटे यक्षित को स्कूल से लेकर आने के लिए भेज दिया। यस और रोहित ने स्कूल में जाकर स्कूल टीचर को यक्षित को लाने के लिए कहा तो स्कूल टीचर ने अक्षित नाम सुना। स्कूल टीचर ने अक्षित के माता-पिता को फोन करके पूछा कि क्या आपने अपने बेटे को लेने के लिए किसी को भेजा है तो उन्होंने मना कर दिया।

## ईवीएम की जगह बेलेट पेपर के इस्तेमाल का वकीलों ने किया विरोध




सेक्टर 12 स्थित कोर्ट परिसर में नारेबाजी करते वकील।

**फरीदाबाद।** जिला बार एसोसिएशन वकीलों ने रोष प्रदर्शन किया। जिसमें चुनाव को ईवीएम से करने कि मांग की गई। अधिवक्ताओं का वोट काटकर वोट के अधिकार से वंचित किए जाने को लेकर विरोध किया गया।

वकीलों ने हाथों मे पट्टी काले वा बैनर लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया, इस प्रदर्शन में भारी संख्या में अधिवक्ताओं बढ़ चढ़कर विरोध किया। वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव चौधरी बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा के को-चेयरमैन सुरेंद्र शर्मा पूर्व मनोनीत सदस्य शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा कि 600 रुपये जमा करने के बाद भी वकीलों कि वोट काट दी गई। जबकि 600 रुपये शुल्क जमा करने के बाद किसी भी अधिवक्ता का वोट करने का अधिकार वर्तमान बॉडी को नहीं था। अधिवक्ताओं ने कहा कि अगर ईवीएम के स्थान पर वेलेट पेपर से चुनाव कराया जाता है तो चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान बॉबी रावत, जोगिंदर चौहान ने कहा कि आज तक चुनाव लगभग 5 साल से ईवीएम से होता आया है। उल्लेखनीय है कि बेलेट पेपर से चुनाव होने पर धांधली वा अदला बदली होने कि संभावना अधिक है। इस मौके वरिष्ठ अधिवक्ता ओपी यादव, धर्मवीर डागर, प्रदीप परमार, जोगिंदर नर्वत, कमल भाटी, रवि प्रकाश शर्मा, महेश नगर, सुखबीर चंदीला, भारत चंदीला, अनुज शर्मा, सर्वेश कौशिक, पवन पाराशर, वंदना सिंह आदि सैकड़ों वकील मौजूद थे।

# घातक शराबबंदी

## बिहार की त्रासदी

**बिहार** में जहरीली शराब के कारण 38 लोगों की मौत हुई है, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शराबबंदी की नीति पर जिद पकड़े हुए हैं जो बिहार में त्रासदी बन गई है। बिहार के मुख्यमंत्री हालिया प्रकरण पर बहुत गुस्सा हैं, लेकिन इस कारण नहीं कि मंगलवार शाम सारन जिले के दोयला गांव में देशी शराब पीने के कारण 38 लोगों की मौत हो गई। वे गुस्से से तब आगबबूला हो गए जब विधानसभा में विपक्ष ने उनकी सरकार द्वारा लागू शराबबंदी पर सवाल उठाए। शराब से मरने वालों की इस त्रासदी से विधानसभा में बवाल मच गया। भारतीय जनता पार्टी ने शराबबंदी की पूर्ण विफलता का दोषी राज्य सरकार को बता दिया और सत्तारूढ़ दल की सहयोगी कांग्रेस ने शराबबंदी की समीक्षा की मांग कर दी। गुस्से से भड़के नीतीश कुमार विपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा पर चीखने-चिल्लाने लगे और कहा, 'अरे तुम बोल रहे हो।' बिहार में वर्तमान समय में विचित्र स्थिति पैदा हो गई है। शराबबंदी पूरी तरह विफल हो गई है, लेकिन कुछ ही लोग इसके खिलाफ बोलने का साहस जुटा पा रहे हैं क्योंकि ऐसा करने पर उनको मदिरापान का समर्थक या इससे भी बुरे तरीके से 'शराब लॉबी' का मुहरा कहा जा सकता है। इस साल जनवरी में नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा में एक दर्जन से अधिक लोग मर गए थे। शराबबंदी के कारण अन्य त्रासदियां भी हुई हैं। मुख्यमंत्री ने 2016 में शराबबंदी कर दी थी, पर राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार बिहार में मदिरापान करने वालों की संख्या महाराष्ट्र से अधिक है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2019-20 के अनुसार बिहार में 15 साल से अधिक आयु वाले 15.5 प्रतिशत लोगों ने मदिरापान किया है। इसका कारण यह है कि राज्य में व्यापक भ्रष्टाचार है और व्यवस्था में शामिल काफी लोग कठोर नियमों का लाभ उठा कर पैसा कमा रहे हैं।



लेकिन समस्या की जड़ नीतिगत क्रियान्वयन न होकर शराबबंदी नीति की अपनी प्रकृति है। मदिरापान स्वास्थ्य, जेब व अक्सर पारिवारिक जीवन के लिए अच्छा नहीं होता है, पर बहुत से लोग शराब का उसी प्रकार सेवन करते हैं जैसे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होने के बावजूद 'जंक फूड' का प्रयोग होता है। सरकार का काम किसी ऐसी चीज पर प्रतिबंध लगाना नहीं है जिसे वह अनैतिक समझती हो, खासकर इसलिए कि हमारे देश में प्रशासनिक कमियां बहुत हैं। हमारे राजनीतिक आकाओं को यह याद रखना जरूरी है कि सरकार के मुख्य तत्व समुचित प्रशासन, कानून-व्यवस्था बनाए रखना, अर्थव्यवस्था का प्रबंधन तथा राष्ट्रीय सुरक्षा व विदेशी मामलों को सुचारु बनाए रखना है। बाकी सभी चीजें अतिरिक्त कार्य हैं। लेकिन दुर्भाग्य से अनेक राजनेता इन 'अतिरिक्त' चीजों पर ज्यादा ध्यान देते हैं जिसमें 'खैरात' से लेकर अनेक प्रकार की गौरव की भावनायें शामिल हैं। नीतीश कुमार 'पुलिसिंग' के बजाय 'नैतिक पुलिसिंग' पर ज्यादा जोर देते हैं। राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के रिकार्डों के अनुसार 2021 में बिहार भूमि विवाद संबंधी सर्वाधिक अपराधों के लिए कुख्यात रहा तथा पूरे देश में हत्याओं के मामलों में उसका दूसरा स्थान था। लेकिन कानून व्यवस्था में सुधार के बजाय नीतीश कुमार ने अपने ऊपर बिहार के लोगों की नैतिक प्रगति की जिम्मेदारी ले ली है। उन्होंने शराबबंदी के कारण पैदा अव्यवस्था पर सवाल उठाने वाले सभी लोगों को संदेह के दायरे में खड़ा कर दिया है। उन्होंने भाजपा विधायकों पर चीखते हुए कहा, 'शराबी हो गए हो तुम।' ऐसी टिप्पणियों के अनौचित्य के साथ ही ये भाषा का भयानक दुरुपयोग भी हैं। मदिरा का समुचित या अल्प मात्रा में उपभोग करने वाले सभी लोगों को 'शराबी' नहीं कहा जा सकता है। बहुत से लोग केवल सामाजिक समारोही अवसरों पर अल्प मात्रा में मदिरा का सेवन करते हैं। लेकिन कोई नीतीश का घोर विरोध नहीं कर सकता है क्योंकि भाजपा के लोगों को 'संस्कारी' माना जाता है और कांग्रेस सत्तारूढ़ दल की सहयोगी है। ऐसे में बिहार की जनता को शराबबंदी की विकृत नीति का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

# भारत में शौचालय सुधार अभियान

### सरकार द्वारा शुरू किया गया शौचालय-2 अभियान पेयजल सप्लाई व्यवस्था, सफाई व्यवस्थाओं, खेती व उद्योग के लिए भी सहायक है।



**गुंजन मेहता**
(लेखिका, कम्युनिटी एक्टिविस्ट हैं)



नए शहर या पर्यटन स्थल पर जाने के समय आपने सार्वजनिक शौचालय का आखिरी बार कब प्रयोग किया था? अक्सर देखा जाता है कि लोग सार्वजनिक शौचालयों के प्रयोग से बचते हैं क्योंकि अधिकांश मामलों में ये शौचालय पूरी तरह स्वच्छ नहीं होते हैं और लोगों को अस्वास्थ्यकर स्थितियों की चिन्ता होती है। लेकिन इस मुद्दे पर गंभीर विचार की जरूरत है कि नियमित सफाई के बावजूद सार्वजनिक शौचालय प्रयोग योग्य नहीं होते हैं। हालांकि, स्वच्छता कर्मी यह सुनिश्चित करते हैं कि वे सार्वजनिक शौचालयों को साफ रखें। आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय-एमओएचयूए ने 'विश्व शौचालय दिवस' के दिन 19 नवंबर को शौचालय-2 अभियान शुरू किया है। भूमिगत जल तोजे पानी का सबसे बड़ा स्रोत है। इससे पेयजल व्यवस्थाओं, सफाई व्यवस्थाओं, खेती, उद्योग व परिस्थितिकी तंत्रों को सहायता मिलती है। भूमिगत जल मानव अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण है।

विश्व शौचालय दिवस 2022 को वैश्विक अभियान 'अदृश्य को दृश्यमान बनाना' अभियान के साथ शुरू किया गया। मुख्यत: इसमें स्वच्छता के साथ ही भूमिगत जल के संरक्षण पर जोर दिया गया है। इस अभियान से पता लगाया गया कि कैसे अनुपयुक्त सफाई व्यवस्थाओं के कारण मानव मल से नदियां, झीलें व मृदा प्रदूषित होती हैं और भूमिगत जल संसाधन भी प्रदूषित हो जाते हैं। इस दिवस का मुख्य संदेश था कि सुरक्षित प्रबंधन वाली सफाई परियोजनायें भूमिगत जल को मानव मल प्रदूषण से मुक्त रखती हैं। इस साल विश्व शौचालय दिवस का फोकस 'सफाई संकट का भूमिगत जल पर प्रभाव' पर है।

इसे ध्यान में रखते हुए एमओएचयूए ने एक कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें एक लाख से कम जनसंख्या वाले क्षेत्रों में प्रयुक्त जल के प्रबंधन को प्राथमिकता में रखा गया। इसमें कल्पना की गई है कि शत प्रतिशत शहरी बस्तियां खुले में शौच से मुक्त होंगी तथा 50 प्रतिशत शहरी बस्तियां प्रदूषित जल का पुन: प्रयोग करेंगी। कार्यशाला की समाप्ति एक निश्चित रोडमैप से हुई जिसमें प्रयुक्त जल प्रबंधन क्रियान्वयन को गति देना शामिल था। सार्वजनिक शौचालयों को स्वच्छ रखने में नागरिक सहभागिता जरूरी है। सार्वजनिक शौचालयों को स्वच्छ रखना एक आदत है जिसके लिए सामूहिक प्रयास किए जाने चाहिए। इसे टिकाऊ बनाने के लिए भारत में एक 'जनान्दोलन' की आवश्यकता है। भारत में अधिकांश सार्वजनिक शौचालयों का प्रयोग बड़ी संख्या में लोग करते हैं।, ऐसे में उनको नियमित रूप से स्वच्छ रखना एक बड़ी समस्या है। सार्वजनिक शौचालयों में स्वच्छता सुनिश्चित करने से संक्रमण का खतरा घटता है, इसलिए हमें लोगों को अपना व्यवहार बदलने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। हमें लोगों को भारत में सफाई की वर्तमान स्थिति के प्रति जागरूक करना तथा उनको शिक्षित करना होगा कि वे कुछ सरल कदमों से स्थिति सुधारने में कैसे सहयोग कर सकते हैं। विस्तार से देखें तो नागरिक दो प्रकार से योगदान कर सकते हैं।

पहला, स्थानीय स्तर पर लोग व्यक्तिगत रूप से कुछ सरल कदम उठा सकते हैं, जैसे प्रयोग के बाद फ्लश करना, बाहर निकलने के पहले शौचालय सीट साफ करना, फ्लश करने के पहले सीट का ढक्कन बंद करना ताकि कीटाणु बाहर न आएं, फर्श गीला न करना, शौचालयों में टायलेट पेपर के अलावा और कुछ न फ्लश करना तथा सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से सैनिटरी वेस्ट का समुचित निस्तारण करना। यदि आप व्यक्ति के रूप में ये सरल कदम उठाते हैं तो निश्चित रूप से सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति सुधरेगी। दूसरा, नागरिक सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवी संगठनों और आरडब्लूए के साथ काम कर सार्वजनिक विश्रामालयों में स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता पैदा कर सकते हैं। स्थानीय स्वशासी संस्थाओं तथा नागरिकों के सामूहिक प्रयास से निश्चित रूप से अच्छे नतीजे मिलेंगे। हमें अपने भीतर जिम्मेदारी की भावना पैदा करने तथा नागरिकों को ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करना चहिए। हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि सार्वजनिक विश्रामालयों को प्रयोग के बाद छोड़ देना हमारा दायित्व है। इससे अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहे लोगों के प्रति सम्मान की भावना पैदा होगी। 'पिंक टायलेट' केवल एक खास रंग से रंगे होने के कारण ही महत्वपूर्ण नहीं हैं। केवल महिलाओं के लिए प्रयोग होने वाले ये शौचालय केवल निजता की सुरक्षा नहीं करते। ये शौचालय वेंडिंग मशीनों के माध्यम से 5 रुपये की सस्ती कीमत पर या कुछ मामलों में मुफ्त सेनिटरी पैड देते हैं। इसके अतिरिक्त इन शौचालयों में स्तनपान कराने का कमरा, चेंजिंग रूम तथा दिव्यांग-हितैषी शौचालय सीटें व प्रदूषण रोकने के लिए सेनिटरी नैपकिन डिस्पोजल इन्सीनरेटरों की सुविधा भी देते हैं। इस प्रकार पिंक टायलेट महिलाओं के स्वच्छता व्यवहारों के लिए सर्व-समावेशी सुविधायें देते हैं। भारत में सबसे पहले पिंक टायलेट राष्ट्रीय राजधानी में बनाए गए थे। इसके बाद कई राज्यों में इनका प्रयोग शुरू हुआ। 2019 में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के दिन अलीगढ़ में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत अलीगढ़ में एक एयरकंडीशन पिंक टायलेट का उद्घाटन किया गया था।

सुविधा शौचालय मुंबई की एक विशेष पहल हैं जिनको सार्वजनिक-निजी साझेदारी के अंतर्गत शुरू किया गया है। मुंबई में ये एक विशिष्ट उदाहरण बन गए हैं। इन सार्वजनिक शौचालयों का रखरखाव व संचालन समुदाय द्वारा उसके सहयोग से किया जाता है। शौचालयों के अलावा लोगों की पहुंच लांड्री, बाथरूम व पेयजल सुविधाओं तक एम मामूली फीस पर सुनिश्चित की जाती है। इन शौचालय में सेनिटरी नैपकिन, पैनिक बटन, सीसीटीवी कैमरों, आदि की सुविधा दी गई है। ये समुदाय की महिलाओं के रोजगार का साधन भी हैं। कर्नाटक की 'स्त्री' पहल की व्यापक प्रशंसा हुई है। कर्नाटक परिवहन निगम ने अपनी कबाड़ बसों को सुविधा-संपन्न शौचालयों में बदल दिया है। ये शौचालय महिलाओं के लिए लंबी बस यात्रायें सुगम बनाते हैं। शौचालयों में बदली बसों में तीन इंडियन टायलेट व दो वेस्टर्न टायलेट, एक इंसीनरेटर व सेनिटरी पैड वेंडिंग मशीन, छोटी चेंजिंग सुविधा, वाश बेसिन, सोलर सेंसर वाली लाइटें तथा सेल्फ-जेनरेटेड सोलर बिजली, आदि सुविधायें होती हैं। बस स्टाप पर सीवेज कनेक्शन दिए गए हैं तथा प्रयोगकर्ताओं से फीडबैक के लिए नोटबुक भी रखी जाती हैं। एमओएचयूए द्वारा शुरू शौचालय-2 अभियान में भारत में शौचालय प्रयोग के टिकाऊ व कारगर माडलों पर ध्यान दिया गया है। इसमें पांच थीम पर जनता द्वारा सार्वजनिक-सामुदायिक शौचालयों की सफाई व रखरखाव पर ध्यान दिया गया है। शौचालयों के लिए लोग, शौचालयों के लिए साझीदार, डिजाइन की चुनौती, शौचालयों की रेटिंग तथा हमारे विचार। 'शौचालयों के लिए लोग' के अंतर्गत शहरी स्थानीय निकाय सार्वजनिक शौचालयों तथा सामुदायिक विश्रामालयों को जन सहयोग से सुधारने पर ध्यान दे रहे हैं। 'शौचालयों के लिए साझीदार' के अंतर्गत संभावित साझीदारों को प्रेरित कर सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों का सुधार कराया जाएगा जिसके लिए वे एक बार वित्तीय समर्थन देंगे तथा उनका रखरखाव सुनिश्चित करेंगे।

'शौचालयों की रेटिंग' थीम के अंतर्गत प्रयोगकर्ताओं का फीडबैक खास किस्म के शौचालयों के लिए लिया जाएगा जहां सफाई की स्थितियों में सुधार हुआ हो। 'मेरे विचार' थीम के अंतर्गत नागरिकों से अपने शहर के सार्वजनिक शौचालयों के बारे में माईगवडाटइन पर सर्वे के माध्यम से राय ली जाएगी। इस फीडबैक को शहरों के स्थानीय अधिकारियों को भेजा जाएगा ताकि एक निश्चित समय के भीतर फीडबैक के आधार पर मिली कमियां दूर करने के लिए उपयुक्त कदम उठाए जा सकें।

स्वच्छ भारत मिशन शुरू करने के बाद स्वच्छता की एक समृद्ध विरासत तैयार हुई है जिसमें पहुंच, सुरक्षा, गरिमा, महत्वाकांक्षा व समावेशन शामिल हैं। सामूहिक अनुभव, जिम्मेदारी के साथ सीखना, स्वामित्व व गौरव तथा असाधारण विरासत हमेशा जनान्दोलन के माध्यम से आती है। शौचालय-2 भविष्य के शौचालय की नीव रखेगी तथा यह स्वच्छ, स्वास्थ्यवर्धक सार्वजनिक-सामुदायिक शौचालय उपलब्ध कराएगी। इनकी अद्यतन डिजाइन समुदाय व नागरिकों की महत्वाकांक्षाओं को ध्यान में रख कर बनाई जाएगी।

# हालिया चुनाव परिणामों के निहितार्थ

"हिमाचल की जीत से कांग्रेस को राहत मिली है, लेकिन असली परीक्षा 2024 के लिए विमर्श तैयार करने की होगी।"

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)



आगे क्या, अब जबकि गुजरात और हिमाचल प्रदेश के मतदाताओं ने चुनावों में अपना फैसला दे दिया है? प्रमुख दलों में से प्रत्येक को कुछ लाभ हुआ लेकिन कुछ नुकसान भी हुआ। उनके और विपक्ष के सामने तात्कालिक चुनौती 2024 के अंतिम चुनाव से पहले सही चीजें तय करने की है।

भारतीय जनता पार्टी ने गुजरात में शानदार जीत हासिल की और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के अलावा गुजरात में सात सीधे विधानसभा चुनाव जीतने वाली एकमात्र पार्टी है। सीपीआई (एम) ने 1977 से 2011 तक पश्चिम बंगाल पर शासन किया। नरेंद्र मोदी का गृह राज्य और भाजपा का गढ़ होने के नाते, गुजरात ने 2014 में देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद से विशेष महत्व रखा है। दांव बहुत बड़ा था क्योंकि गुजरात हारना मोदी के लिए सम्मान की कमी होती, लेकिन रिकॉर्ड जीत ने उनकी प्रतिष्ठा में इजाफा किया है।

प्रधानमंत्री मोदी की मुख्य चुनौती अब क्षेत्रीय क्षत्रपों को हराना होगी। कांग्रेस ने साबित कर दिया है कि वह परिदृश्य से गायब नहीं होगी क्योंकि प्रधानमंत्री ने कांग्रेस-मुक्त भारत की भविष्यवाणी की थी और आप का विस्तार हुआ है। इनके साथ, विपक्ष को 2023 में आगामी विधानसभा चुनावों और 2024 में अगले लोकसभा चुनावों का सामना करने के लिए कुछ नैतिक बल मिला। हिमाचल और दिल्ली नगर निगम चुनाव में बीजेपी को करारी शिकस्त मिली है। पार्टी के लिए हिमाचल की हार निराशाजनक थी, क्योंकि खुद प्रधानमंत्री ने जमकर प्रचार किया था. बेशक उसका हिसाब गड़बड़ा गया, लेकिन बीजेपी हार से नहीं झुकने वाली पार्टी है. पंचायत चुनाव भी संसद चुनाव जितने ही महत्वपूर्ण होते हैं!

बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 5 और 6 दिसंबर को दिल्ली में सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तर के पदाधिकारियों की बैठक बुलाई है. उन्होंने 2024 के लोकसभा और 2023 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की। बीजेपी 2019 की अपनी टैली में सुधार करने के लिए 2024 में 350 से अधिक सीटों पर नजर गड़ाए हुए है। पार्टी की ताकत उसके अपार संसाधनों, सुगठित कार्यबल और प्रतिबद्ध कैडर के कारण है। आरएसएस और बाकी संघ परिवार भी वोट जुटाने के लिए पार्टी के लिए काम करते हैं।

हिमाचल में अप्रत्याशित उपहार से कांग्रेस काफी उत्साहित है, हालांकि गुजरात और दिल्ली में उसका सफाया हो गया है। उसके पास जीतने के लिए कोई ठोस नीति या रणनीतिक योजना नहीं थी। प्रत्येक उम्मीदवार ने अपने लिए लड़ाई लड़ी, गांधी परिवार ने प्रचार से परहेज किया। हिमाचल की प्रभारी प्रियंका गांधी ने न्यूनतम किया। राहुल गांधी ने कुछ समय के लिए गुजरात में प्रचार किया और हिमाचल को पूरी तरह से छोड़ दिया। सोनिया गांधी ने अपने खराब स्वास्थ्य के कारण बिल्कुल भी प्रचार नहीं किया। यह गैर-गांधी पार्टी अध्यक्ष की मांग के लिए परिवार के विरोधियों का जवाब था। हिमाचल की जीत ने 2014 और 2019 में लगातार हार से हताश कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कुछ मनोबल बढ़ाया है। अगर 2024 में फिर से हार जाती है, तो पार्टी 15 साल तक सत्ता से बाहर हो जाएगी।

तीसरे, कांग्रेस को बाकी बचे लोगों को एक साथ रखना चाहिए, हालांकि कई वरिष्ठ नेता पहले ही छोड़कर अन्य पार्टियों में शामिल हो चुके हैं। युवा नेताओं को प्रोजेक्ट करना और वरिष्ठों को बनाए रखना इसका लक्ष्य होना चाहिए। साथ ही, दूसरी पंक्ति के नेतृत्व को विकसित करने की आवश्यकता है।

कांग्रेस को भी एक नया नैरेटिव तैयार करना चाहिए, जैसा कि उसने 2004 में किया था और आम आदमी का नारा गढ़ा था। लोग यह जानना चाहते हैं कि पार्टी ने अतीत में क्या किया है इसके बजाय वह भविष्य में क्या करेगी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा मदद कर सकती है, लेकिन गति को 2024 तक बनाए रखने की जरूरत है। गुजरात में पांच सीटें जीतकर और राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा पाकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का हौसला बढ़ा है।

आप एकमात्र ऐसी पार्टी है जो दो राज्यों – दिल्ली और पंजाब में शासन कर रही है। केजरीवाल 2024 के चुनावों में मोदी को चुनौती देने वाले के रूप में उभरना चाहते हैं। आप ने दिल्ली के प्रतिष्ठित नगर निगम को भी भाजपा से छीन लिया। उपचुनाव के नतीजों से विपक्ष को खुशी होनी चाहिए। यूपी में सत्तारूढ़ बीजेपी राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) से हार गई, लेकिन रामपुर सदर सीट पर जीत हासिल कर ली। समाजवादी पार्टी ने मैनपुरी लोकसभा सीट बरकरार रखी।

भाजपा ने नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले गठबंधन से बिहार में कुरहानी निर्वाचन क्षेत्र छीन लिया। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ और राजस्थान में अपनी दो विधानसभा सीटों को बरकरार रखा था।

ये एक सकारात्मक संदेश देते हैं कि विपक्ष को हार नहीं माननी चाहिए। कम से कम आधा दर्जन शक्तिशाली क्षेत्रीय क्षत्रपों ने अपने मतदाताओं को मजबूती से पकड़ रखा है। वे प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का विकल्प खुला रखना चाहते हैं। इसमें पश्चिम बंगाल (ममता बनर्जी), तेलंगाना (के. चंद्रशेखर राव), तमिलनाडु (एमके स्टालिन), बिहार (नीतीश कुमार) और दिल्ली (अरविंद केजरीवाल) शामिल हैं।

बंटा हुआ विपक्ष मोदी की सफलता का राज है. भाजपा विरोधी सभी पार्टियों को एक मंच पर लाना काफी मददगार साबित होगा। चुनावी योजनाओं की फिर से रणनीति बनाने और पुनर्मूल्यांकन करने के लिए अभी भी 18 महीने हैं। यह कांग्रेस और विपक्ष पर निर्भर है कि वे मौजूदा बढ़त के साथ 2024 में उस अंतिम लड़ाई की तैयारी करें। बीजेपी हर हाल में चुनाव के लिए तैयार है।

## आप की बात

### जी-20 अध्यक्षता

**जी-20** विकसित और विकासशील देशों का एक संगठन है, जिसको बनाने का उद्देश्य आर्थिक दृष्टिकोण से संपन्नता और समानता लाना है। जी 20 समूह, विश्व के 80 फीसद जीडीपी, 75 फीसद वैश्विक व्यापार और लगभग दो तिहाई दुनिया की आबादी को अपने में समेटता है। दुनिया को भारत से उम्मीद है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और विश्व व्यापार संगठन में भी समयानुसार बदलाव करने की मुहिम को मजबूत करेगा। थर्ड वर्ल्ड की परेशानियों को वैश्विक मंच पर लाने और समाधान निकालने की भी अपेक्षायें हैं। भारत ने महामारी के दौरान भी अपनी भूमिका को बखूबी निभाया है, अन्य देशों की तुलना में भारत ने मुफ्त वैक्सीन भेजकर वसुधैव कुटुंबकम के मंत्र को साकार किया है। भारत ने अपने लोगों और टैगलाइन के माध्यम से स्पष्ट कर दिया है, एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य। दिसम्बर 2022 से नवंबर 2023 तक, भारत को जी20 की अध्यक्षता करने की जिम्मेदारी मिली है। जी7 समेत दुनियाभर के देशों, संगठनों और नेताओं ने भारत पर विश्वास किया है। भारत के लिए जी 20 एक तरह से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी मेंबर बनने के लिए एक प्रयोग या लिटमस टेस्ट भी है।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली विवि

### विचलित करने वाली घटना

**देश** की राजधानी में एक नाबालिग छात्रा पर एसिड हमले से एक बेटी का पिता होने के नाते मेरा मन बहुत विचलित हुआ है। आखिर हम कैसा समाज बना रहे हैं? क्यों हम संस्कार युवा पीढ़ी को देने में असमर्थ रहे हैं आखिर क्यों कानून का डर हिंसक प्रवृत्ति के युवाओं पर नहीं है? टेलीविजन पर धार्मिक प्रवचन और बड़े-बड़े पंडाल लगाकर धर्म-कर्म, लोभ लालच, मोह माया, हिंसा क्रोध पर दिए जाने वाले बड़े-बड़े व्याख्यनो का क्या अर्थ है। देश का युवा आक्रामक ,क्रोधी, हिंसक और सबक सिखाने की प्रवृत्ति पाले बैठा है और वारदात को अंजाम देता है। 17 वर्षीय छात्रा के ऊपर सुनियोजित ढंग से तेजाब के हमला दिल्ली में कानून व्यवस्था की बिगड़ती हालत को बयां करता है व तेजाब के रूप यह हथियार आसानी से उपलब्ध होना गंभीर जांच का विषय है। दिल्ली के राज्यपाल एवम मुख्यमंत्री का इस घटनाक्रम पर संज्ञान एक राहत जरूर देता है और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया जाना भी सराहनीय है। इसके बावजूद एक देश की बेटी और उसके परिवार जो मानसिक पीड़ा यातना से गुजरेगा इसका मुआवजा मिले और फास्ट ट्रेक कोर्ट में मुकदमा चलाकर 6 महीने के अंदर सजा दिलाई जाए।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली


### भ्रष्टाचार पर वार

**हाल** ही में सुप्रीम कोर्ट ने भ्रष्टाचार पर वार करते हुए टिप्पणी करते हुए अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि भ्रष्टाचार के मामले में स्पष्ट साक्ष्य नहीं होने के बावजूद परिस्थितिजन्य सबूतों के आधार पर भी भ्रष्ट अधिकारियों को सजा दी जाना चाहिए! ऐसे ही एक मामले में शिकायतकर्ता की मृत्यु हो जाने के पश्चात निचली अदालत द्वारा दिए गए फैसले को पलटते हुए सुप्रीम कोर्ट ने दोषी अधिकारियों को सजा सुनाई है! और साथ ही जजों के पैनल ने कहा है कि देशभर में भ्रष्टाचार एक नासूर की तरह फैल चुका है! जिसे खत्म करने के लिए सख्त नियमों के साथ ही प्रशासनिक सुदृढ़ता भी जरूरी है! ताकि तकनीकी खामियां बताकर वकील लोग भ्रष्ट अधिकारियों को ना बचा सके! सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को नजीर मानते हुए निचली कोर्ट को भी अब भ्रष्टाचार के मामले में इस गाइडलाइन को अपनाना चाहिए! ताकि भ्रष्ट कर्मचारियों को उनके कृत्य की सजा मिल सके!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**मैं** पार्टी को संदेश देना चाहता हूं कि जो किया गया वह बहुत जरूरी नहीं था, जो किया जाएगा वह जरूरी होगा।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**कटे** बाल उस त्रासदी का प्रतीक हैं जिसका सामना हम रोज हर क्षण करते हैं।

– **महनाज़ मुहम्मदी**
ईरानी एक्टिविस्ट



**सरकार** में कोई भारत की एक इंच भूमि पर भी कब्जा नहीं कर सकता है।

– **अमित शाह**
केन्द्रीय गृह मंत्री

# डिजिटल इंडिया मिशन के उद्देश्यों का प्रतीक बनकर उभरा है यूपी: मुख्यमंत्री

● संचार सुविधाओं की बेहतरी व निवेश प्रस्तावों पर की चर्चा

## योगी से मिले एयरटेल के वाइस चेयरमैन राकेश भारती मित्तल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने ईज ऑफ लिविंग के अपने संकल्प पर बल देते हुए कहा कि राज्य सरकार का यह प्रयास है कि प्रदेश के हर गांव, हर कस्बे हर नगर में प्रत्येक नागरिक को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता हो। इस दिशा में इंटरनेट तकनीक के व्यापक उपयोग की महत्वपूर्ण भूमिका है। योगी बृहस्पतिवार को अपने सरकारी आवास पर भारती इंटरप्राइजेज (एयरटेल) के वाइस चेयरमैन राकेश भारती मित्तल से भेंट के दौरान उनसे डिजिटल मिशन क्रियान्वयन, संचार सुविधाओं की बेहतरी तथा भारती समूह के निवेश के प्रस्तावों पर चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने आगामी 10 से 12 फरवरी 2023 तक आयोजित होने वाले यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में सहभागिता के लिए भारती समूह को आमंत्रित भी किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री का डिजिटल इंडिया मिशन नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण आधारशिला है। प्रधानमंत्री की भावना के अनुरूप ही प्रदेश के दूर-दराज के गांवों तक पेपरलेस बैंकिंग सेवा उपलब्ध हो रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, बैंकिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में हमने तकनीक के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं में राज्य सरकार द्वारा डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) प्रणाली को लागू किया गया है। इसके क्रियान्वयन से न केवल लाभार्थी को त्वरित लाभ मिल रहा है, बल्कि व्यवस्था में पारदर्शिता भी आई है। भ्रष्टाचार को समाप्त करने में तकनीक की बड़ी भूमिका है। कोरोना काल की चुनौतियों का सामना करने में भी तकनीक बड़ा सहारा बना। आज उत्तर प्रदेश डिजिटल इंडिया मिशन के उद्देश्यों का प्रतीक बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में देश में प्रारम्भ 5-जी क्रान्ति को नए भारत के निर्माण की गति को तेज करने में अत्यन्त उपयोगी बताते हुए मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में संचार सुविधाओं की गुणवत्ता के साथ उपलब्धता के लिए भारती इंटरप्राइजेज के प्रयासों की सराहना की।

# केशव यूपी में निवेश करानें के लिए डेलीगेशन के साथ पहुंचे नीदरलैंड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** में निवेश और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य अपने कैबिनेट सहयोगी एमंत्री योगेंद्र उपाध्याय के साथ नीदरलैंड के एम्स्टर्डम पहुंचे तथा प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन, प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लूं व वरिष्ठ अधिकारियों के डेलीगेशन के साथ फिलिप्स इन्नोवेशन सेंटर आइंडहोवन के लिए प्रस्थान किए। उपमुख्यमंत्री ने एमस्टर्डम में नीदरलैंड की भारतीय राजदूत रीना संन्धू से के साथ विभिन्न विषयों पर वार्ता की। श्री मौर्य ने कहा कि भारत अर्थब्यवस्था की दृष्टि से विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है तथा विगत कुछ वर्षों से विश्व भर में सबसे पसंदीदा निवेश गंतव्य में से एक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन में भारत को 5 ट्रिलियन यूएस डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का विजन दिया था। इस विजन को साकार करने के लिए भारत वर्ष में सरकार द्वारा किए जा रहे व्यवसायिक कार्यों में व्यवसायिक विशेषज्ञ को जोड़कर पीपीपी माडल पर व्यवसायो को विकसित करने की योजना को मूर्त रूप दिया जा रहा है और उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन यूएस डॉलर इकोनामी भी बनाने का संकल्प लिया है इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं और इस बावत उत्तर प्रदेश में विदेशों से ज्यादा से ज्यादा इन्वेस्टमेंट कराने हेतु उत्तर प्रदेश लखनऊ में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन फरवरी माह में प्रस्तावित है।

# कांग्रेस मुख्यालय पर पटेल को किया गया याद



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**स्वतंत्रता** संग्राम सेनानी भारत रत्न, देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री और प्रथम गृह मंत्री रहे सरदार वल्लभभाई पटेल की 72वीं पुण्यतिथि पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन कर उनकी पुण्य स्मृतियों को याद किया। इस मौके पर राष्ट्र के लिए किए गए उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया। बारडोली आंदोलन में सफल होने पर वहां की महिलाओं द्वारा उन्हें सरदार की उपाधि दी थी। वे स्वतंत्र भारत के पहले गृहमंत्री एवं उप प्रधानमंत्री रहे। उन्हें भारत रत्न से भी सम्मानित किया। गृहमंत्री रहते हुए उन्होंने देश एकीकरण के लिए 565 रियासतों को एक सूत्र में बांधा और देश के विकास के कार्य के लिए योगदान दिया एवं अखंड भारत की योजना बनाकर उस पर काम किया।

# भाजपा सरकारें एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प को पूर्ण कर रहीं है

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने गुरूवार को भारत रत्न लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर कृतज्ञ श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने अटल चौक जीपीओ परिसर में स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पार्चन करते हुए कहा कि सरदार पटेल द्वारा प्रशस्त मार्ग पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की भाजपा सरकारें एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प को पूर्ण कर रहीं है। श्री चौधरी ने पुण्यतिथि पर लौह पुरूष को नमन करते हुए कहा कि आधुनिक भारत के शिल्पकार, राष्ट्रीय एकता व अखण्डता के प्रणेता सरदार वल्लभ भाई पटेल ने 565 से अधिक रियासतों का भारत में विलय करके एक भारत-श्रेष्ठ भारत का लौह संकल्प पूर्ण किया और देश को एकता व अखण्डता के सूत्र में पिरोया। राष्ट्र सदैव उनका ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के विराट व्यक्तित्व के अनुरूप ही विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफयूनिटी का निर्माण कराकर अपनी निष्ठा व कृतज्ञता प्रदर्शित की है।

## हमेशा याद रहेगा संगठित भारत की संरचना में सरदार पटेल का योगदान: सपा

● पार्टी मुख्यालय में सादगी से मनाई गई लौह पुरुष की पुण्यतिथि



**लखनऊ।** भारतरत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि बृहस्पतिवार को सपा मुख्यालय में सादगी के साथ मनाई गई। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। सपा प्रवक्ता के अनुसार अखिलेश यादव ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को सादर नमन करते हुए अपने बयान में उन्हें आधुनिक भारत का शिल्पकार, महान स्वतंत्रता सेनानी, भारतरत्न से सम्मानित लौहपुरुष बताते हुए कहा है कि जब ब्रिटिश सरकार की कूटनीति के चलते नव स्वतंत्र भारत के टुकड़ों में बंटने की आशंका थी, तब सरदार पटेल ने 562 देशी रियासतों को मिलाकर एक संगठित भारत की संरचना के लिए अथक प्रयास किया था। उनका यह योगदान हमेशा याद रहेगा।

## लौह पुरुष ने देश की 565 रियासतों का विलय कर अखंड भारत का निर्माण किया



**लखनऊ।** अपना दल एस के लखनऊ स्थित मॉल एवेन्यू स्थित कैम्प कार्यालय में आधुनिक भारत के शिल्पकार, एकता व अखंडता के प्रतीक, भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर अपना दल एस के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ओपी कटियार ने कहा कि देश की 565 रियासतों को भारत में विलय करना एक बड़ी चुनौती थी लेकिन लौह पुरुष सरदार पटेल ने अपनी कूटनीति से इस चुनौती को स्वीकार कर मजबूत भारत का निर्माण किया। देश के निर्माण में एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए जो ढ़ाचा उन्होंने तैयार किया था। उसके लिए आने वाली पीढ़ियां उन्हें युगों-युगों तक याद रखेंगी। दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रेखा पटेल ने कहा कि लौह पुरुष सरदार पटेल ने देश की 565 रियासतों को शांतिपूर्ण तरीके से भारत में विलय कराने का जो महान कार्य किया। वैसा उल्लेख दुनिया के किसी भी अन्य हिस्से में नहीं मिलती है।

## सभी को मिलकर संविधान व लोकतंत्र बचाने के लिए संघर्ष करने की आवश्यकता

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा है कि वर्तमान समय में देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार है और जनता इनकी जनविरोधी नीतियों से परेशन हो चुकी है। आज हमारे देश का लोकतंत्र एवं संविधान दोनों में खतरे में है। हम सबको मिलकर अपने संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए संघर्ष करने की आवश्यकता है आप लोगों को जहां कहीं भी मेरी आवश्यकता होगी मैं वहां उपस्थित रहूंगा। खाबरी बृहस्पतिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित सिविक एंड सोशल आउटरीच विभाग की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता विभाग के अध्यक्ष विक्रम पांडेय ने की। बैठक में विशेष रूप से नगर निकाय चुनाव और राहुल गांधी के नेतृत्व में चलाई जा रही भारत जोड़ो यात्रा के उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने की तैयारियों को लेकर गहन चर्चा हुई। खाबरी ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी द्वारा चलाई जा रही भारत जोड़ो यात्रा तमाम राज्यों से होते हुए उत्तर प्रदेश की सीमा में प्रवेश कर रही है तथा उत्तर प्रदेश में नगर निकाय की अधिसूचना भी जल्द जारी होने वाली है। उन्होंने कहा कि हमें दोनों की तैयारियां युद्ध स्तर पर करनी होगी। बैठक में विभाग के चेयरमैन विक्र म पांडेय ने विभाग के पदाधिकारियों का परिचय कराते हुए राज्य नेतृत्व टीम के साथ भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सोशल आउअरीच विभाग द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रम का प्रस्ताव खाबरी को सौंपा।

### कांग्रेस में शामिल

**लखनऊ।** वाराणसी से आए तमाम लोगों ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इनमें प्रमुख रूप से विभा पांडेय, रंजन सिंह, पूनम पांडेय तथा फजल शामिल रहे। प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने सभी सदस्यता दिलाई। कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने वालों का स्वागत करते हुए खाबरी ने कहा कि हमें आशा ही नहीं बल्कि पूरा विश्वास है कि आप कांग्रेस पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा पर चलते हुए कांग्रेस संगठन को गतिशीलता प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पांडेय, प्रदेश प्रवक्ता सचिन रावत आदि मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार में सड़क निर्माण की गुणवत्ता शून्य: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार में सराबोर है। निर्माणकार्यों में भ्रष्टाचार हर दिन नए रिकार्ड बना रहा है। प्रदेश में सड़कों के निर्माण और गड्ढामुक्त सड़कों के नाम पर बजट का ऐसा बंदरबांट कभी नहीं हुआ था। इस सरकार में सड़क निर्माण की गुणवत्ता शून्य है। अखिलेश ने कहा कि निर्माण और निर्माण अनुरक्षण के नाम पर बजट की लूट हो रही है। इसी तरह से पिछले 6 वर्षों से गड्ढामुक्त सड़क योजना में हजारों करोड़ रुपए का बजट का बंदरबांट हो गया लेकिन सड़कें गड्ढामुक्त नहीं हुई हैं। सरकार गड्ढामुक्त सड़क अभियान की तारीखें बढ़ाती रही लेकिन सड़कों को गड्ढामुक्त नहीं कर पायी। आज भी प्रदेश की सड़के गड्ढों से भरी पड़ी है, जिससे हर रोज दुर्घटनाओं में लोगों की जानें जा रही है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश की सड़कों का हाल छोड़िए राजधानी लखनऊ की सड़कों की हालत भी खस्ता है। सरकार लखनऊ की सड़कों को भी ठीक नहीं कर पा रही है। सड़कें टूटी हैं, गड्ढे हैं। विक्रमादित्य मार्ग पर जहां न्यायाधीश, मुख्य सचिव और कई मंत्री रहते हैं, उस सड़क का भी बुरा हाल है। विभागीय निर्माण कार्यों के चलते खुदाई से सड़कें ऊंची नीची बनाकर छोड़ दी गई, जिसमें चलने पर गाड़ी झूले का अहसास कराती है। यही हाल लखनऊ की अन्य सड़कों का भी है। जिलों में तो सड़क निर्माणकार्य में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। सड़क व अन्य निर्माण कार्यों में हो रहे घपले-घोटालों पर रोक लगाने के बजाए सरकार के मंत्री अपने नाम की पट्टिका लगाकर भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रहे हैं। पीलीभीत में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनी सड़क को लोगों ने हाथ से उखाड़ दिया। इससे पहले भी कई जगहों पर घटिया और फर्जी निर्माण की खबरे आ चुकी है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे के निर्माण को सभी ने देखा है। किस तरह प्रधानमंत्री के उद्घाटन के दूसरे ही दिन एक्सप्रेस-वे टूट गया। इस निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर हुए भ्रष्टाचार की जांच आवश्यक है।

## विलुप्तप्राय नदियों के पुनरूद्धार के लिए ग्राम्य विकास आयुक्त की नमी पहल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वर्ष 2022-23 में मनरेगा के अंतर्गत 75 विलुप्तप्राय नदियों के पुनरोद्धार का निर्णय डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा लिया गया है जिसके लिए सबसे महत्वपूर्ण कदम ऐसी छोटी नदियों का चिन्हांकन है। इस क्रम में आयुक्त ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी की पहल से तकनीकी संस्थाओं आईआईटी कानपुर, आईआईटी बीएचयू, एनआईएच रुड़की, बीबीएयू लखनऊ तथा जीआईजेड इंडिया का सहयोग प्राप्त किया जा रहा है। नई दिल्ली में आयोजित 7 वीं इण्डिया वाटर इम्पैक्ट समिट-2022 में आयुक्त ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी एवं प्रोफेसर विनोद तारे कम्पोजिट गंगा सेन्टर फार गंगा रीवर बेसिन मैनेजमेंट स्टडीज आईआईटी कानपुर द्वारा उत्तर प्रदेश की सभी विलुप्तप्राय छोटी नदियों का एटलस जारी किया गया। जिसकी मदद से इन नदियों को लोकेट करने एवं इन पर कार्य कराया जाना संभव हो सकेगा।

# समाज के उत्थान की जिम्मेदारी शिक्षाविदों के साथ-साथ शिक्षार्थियों की भी:राज्यपाल

● दीक्षार्थियों पर परिवार, समाज, देश के भरण संरक्षण का दायित्व: बजाज

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ




## सीसीएसयू में हो रहा 34 वें दीक्षांत समारोह का आयोजन

**चौधरी** चरण सिंह विवि के 34वें दीक्षांत समारोह में मेडल पाकर छात्र:छात्राओं के चेहरे खिले उठे। पहली बार विवि के इतिहास में राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल ने सभी टॉपर्स को अपने हाथ से मेडल पहनाए हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने शिक्षाविद और छात्रों का आह्वान किया कि समाज और देशहित में शोध पर ध्यान केन्द्रित किया जाए।

राज्यपाल वृहस्पतिवार को चौधरी चरण सिंह विवि के 34वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहीं थी। उन्होंने कहा कि शिक्षा में अरुचि और अनियमिता के कारण छात्रों के साथ-साथ देश की प्रगति भी रुक जाती है इसलिए छात्रों के साथ साथ अभिभावक भी विवि और उसकी शिक्षा को लेकर सकारात्मक फीडबैक दें। ऐशियाई रैंकिंग में 50 प्रतिशत अंक फीडबैक के आधार पर ही मिलते हैं। उन्होंने कहा कि विवि अपने कार्य और योजनानुसार दस साल का रोडमैप तैयार करें और संयुक्त प्रयास की नीति से ही आगे बढें। राज्यपाल ने कहा कि गत दिनों राजभवन में करीब 70 देशों के एम्बेसेडर के साथ साथ प्रदेश भर के विवि के कुलपतियों को बुलाया गया जिससे परस्पर आधुनिक व रोजगार परक शिक्षा का आदान प्रदान किया जा सके। कहा कि भविष्य में छात्रों को बहुउद्देशीय चॉइस को ध्यान में रखकर चलना होगा। राज्यपाल ने जल संरक्षण व संचयन पर विवि से आगे आने का आह्वान किया । मेडल पाने की संख्या में छात्राओं के मुकाबले छात्रों के घटते प्रतिशत पर राज्यपाल ने तंज कसने के साथ साथ चिंता जताई और कहा कि यह अनुपात बराबरी पर आना चाहिए। स्त्री के प्रति समाज में दहेज को लेकर फैल रहे दुराग्रह पर उन्होंने गहरी चिंता जताई । कहा कि गत वर्ष देश में 35 हजार महिलाओं की दहेज हत्या हुई जिनमें 11800 अकेले यूपी में दर्ज की गईं।

# यूपी में फिल्म सिटी, रिटेल, टूरिज्म, वेस्ट मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में होगा निवेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## टीम योगी को स्वीडिश बिजनेस कम्युनिटी की ओर से मिले निवेश के कई प्रस्ताव



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में निवेश के रास्ते आसान कर दिए हैं। दुनिया भर के निवेशक इसका लाभ उठाने को बेताब हैं। विभिन्न देशों में रोड शो और वन टू वन बिजनेस मीटिंग कर रही टीम योगी जब बड़े बिजनेस लीडर्स से मुलाकात करती है तो वो सहर्ष ही उत्तर प्रदेश में निवेश को तैयार हो जा रहे हैं। इसका उदाहरण स्वीडन है जहां से टीम योगी को 15 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। स्वीडन की कंपनियां उत्तर प्रदेश में फिल्म सिटी, रिटेल, टूरिज्म, वेस्ट मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में निवेश करने को तैयार हैं। वहीं कनाडा के वैंकूवर से भी टीम योगी को 1200 करोड़ रुपए के 6 एमओयू प्राप्त हुए हैं जिससे 600 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। अमेरिका और सिंगापुर जैसे देशों में भी टीम योगी की निवेशकों से व्यापक चर्चा हुई है जिसके बाद कई कंपनियां यूपी में निवेश को लेकर इच्छुक हैं। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी और लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद की अध्यक्षता वाला प्रतिनिधिमंडल स्टॉकहोम में रोड शो के दौरान स्वीडिश बिजनेस कम्युनिटी से मिला। इस अवसर पर विभिन्न बिजनेस टू बिजनेस और गवर्नमेंट टू गवर्नमेंट में डिफेंसए टेक्सटाइल व गारमेंट्स, फूड प्रोसेसिंग, ऑटोमोबाइल व ईवी, रीन्यूएबल एनर्जी, वेस्ट एवं वाटर मैनेजमेंट और ट्रांसपोर्टेशन जैसे क्षेत्रों में निवेश को लेकर चर्चा की गई। अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा मामले नवनीत सहगल व उत्तर प्रदेश सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रदेश की मजबूती के साथ ही स्वीडिश बिजनेस कम्युनिटी को रेड कॉर्पेट और समर्पित निवेश सुविधाओं के प्रति आश्वस्त किया। नोएडा में रिटेल स्टोर खोलने जा रही आइकिया के ग्लोबल एक्सटेंशन हेड जेन क्रिस्टिनसन और पब्लिक अफेयर मैनेजर जेन क्रेलिना ने यूपी में अपने रिटेल स्टोर्स की श्रंखला के विस्तार और लग्जरी मॉल्स के लिए 4300 करोड़ रुपए के निवेश का इरादा जताया। प्रतिनिधिमंडल ने स्टॉकहोम में आइकिया गैलेरियन का भी दौरा किया। इसी तरह स्वीडिश निर्माण कंपनी सेरनेक ने यूपी में फिल्म सिटी प्रोजेक्ट में 10 हजार करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया। वहीं बोसोन एनर्जी ने वेस्ट एनर्जी प्रोजेक्ट के लिए एक हजार करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया तो पर्यटन से जुड़े करीब 40 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव भी मिले। कनाडा के वैंकूवर में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह की अगुवाई में उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल को निवेश के कई प्रस्ताव मिले हैं। प्रतिनिधिमंडल ने यहां बिजनेस कम्युनिटी के साथ 6 निवेश प्रस्ताव साइन किए जिनकी कुल कॉस्ट 1200 करोड़ रुपए है। यह निवेश प्रस्ताव आईटी पार्क, एल्यूमिनियम व किचेन सप्लाई की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स, होटल्स आदि से जुड़े हैं। इन निवेश प्रस्तावों से 600 से ज्यादा लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। प्रतिनिधिमंडल ने ब्रिटिश कोलंबिया के स्पीकर राज चौहान से भी मिला और प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर बातचीत की। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह की अगुवाई वाला प्रतिनिधिमंडल अमेरिका में कई बड़े बिजनेस लीडर्स से मिला। न्यूयॉर्क में उनकी मुलाकात बिज2क्रेडिट के को.फाउंडर रोहित अरोड़ा से हुई जिन्होंने भारत में 500 मिलियन डॉलर का निवेश कर रखा है। उनसे प्रदेश में बिजनेस एक्सपैंशन को लेकर चर्चा की गई। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर में बिजनेस मीटिंग की। प्रतिनिधिमंडल विडा टेक्नोलॉजी के एमडी से मिला और उत्तर प्रदेश में ओईएमध्ओडीएम टेक्नोलॉजी में निवेश के विभिन्न माध्यमों पर चर्चा की। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने अर्जेंटीना में आयोजित रोड शो के दौरान प्रदेश में निवेश और साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए अर्जेंटीना के सरकारी और निजी प्रतिनिधियों का आह्वान किया। उन्होंने निवेश पर सार्थक चर्चा कर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए उन्हें ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आमंत्रित किया। इस अवसर पर अर्जेंटीना के खाद्य उत्पादों की प्रतिष्ठित लैटिन अमेरिकी कंपनी एरकोर, आईटी सेक्टर की ग्लोबैंट व कृषि से जुड़ी क्रेसुड के प्रतिनिधियों से उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए सार्थक चर्चा हुई।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 16 दिसंबर, 2022



# खीरी पहुंचे प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा, लिया जायजा

● निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की प्रगति देखी, दिए निर्देश

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**उप्र शासन** के प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को जनपद खीरी पहुंचे, जहां कलेक्ट्रेट स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

उन्होंने जिला चिकित्सालय के ध्वस्तीकरण, बनाए जा रहे मेडिकल कॉलेज की प्रगति जानी। उन्होंने मास्टर प्लान एवं नक्शा देखाए ब्लॉकवार निर्माण कार्य की समीक्षा की, संबंधित को निर्देश दिए। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने उन्हें चिकित्सालय के ध्वस्तीकरणए मेडिकल कॉलेज के निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर करते हुए किस प्रकार निर्माण कार्य शुरू करायाए इसकी पूरी जानकारी दी। प्रमुख सचिव ने सीएमएस को कार्यों के निरंतर निगरानी का निर्देश दिया। कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से कार्यों की गुणवत्ता के बारे में पूछताछ की। निर्देश दिया कि कालेज भवन का निर्माण निर्धारित समय पर पूर्ण हो जाना चाहिए।

इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था से पूछा कि जिला महिला अस्पताल में नर्सिंग हॉस्टल का काम अब तक क्यों नहीं शुरू हुआए निर्देश दिए तत्काल काम शुरू कराया जाए। इस दौरान उन्होंने सीएमओ, सीएमएस से एमसीएच विंग ओयल एवं जिला महिला चिकित्सालय की क्षमता, संशाधन एवं बेडो की संख्या जानी। इसके बाद प्रमुख सचिव आलोक कुमार डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के साथ देवकली के सैदापुर भाऊ में निर्माणाधीन मेडिकल कालेज का निरीक्षण करने पहुंचे। यहां उन्होंने कार्य स्थल पर घूम.घूम कर कार्यो का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज, हॉस्टल, रेजिडेंशियल ब्लॉक (टाइप टू, टाइप 3, टाइप 4, टाइप 5) डीन आवास, यूजी हॉस्टल (पुरुष एवं महिला) इंटर्न हॉस्टल (पुरुष एवं महिला) के निर्माण कार्यों का जायजा लेकर प्रगति देखी। इस दौरान उन्होंने मौके पर कार्य करा रहे लोगों से अब तक हुए निर्माण के बारे में जानकारी ली। साथ ही कार्यदायी संस्था पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन निर्माण खंड.1 लखनऊ अशोक कुमार से निर्माण की गुणवत्ता के बारे में पूछा। इस दौरान उन्होंने चेतावनी दिया कि मेडिकल कालेज के निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी की गई तो संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सीएमएस को कार्य की गुणवत्ता निरंतर परखने का निर्देश दिया।

प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने कहा कि वह आज खीरी के निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के निरीक्षण के लिए आए हैं, जहां मेडिकल कॉलेज के एकेडमी परिसर में तेजी से काम चल रहा है, वही हॉस्पिटल परिसर में कुछ काम रुका हुआ था, जिसमें आ रही बाधाओं को दूर कर लिया गया है। अब तेजी से काम कर इसे पूरा किया जाएगा। पूरा प्रयास किया जा रहा है कि सत्र 2023-24 के एकेडमिक सेशन में यहा पठन.पाठन शुरू कराया जाए।

निरीक्षण के दौरान डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एडीएम संजय सिंह, एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, सीएमएस डॉ. हर्षवर्धन, एसीएमओ डॉ. बीसी पंत, डीपीएम अनिल यादव, पीडब्ल्यूडी एक्सईएन निर्माण खंड-1 लखनऊ अशोक कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर एनकेजी इंफ्रा, डीडीएफपीएमसी व सिविल इंजीनियर सहित कांट्रेक्टर सहित निर्माण एजेंसी के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## 11 नगर निकायों में भाजपा से 129 ने किया आवेदन

● भाजपा में टिकट की मारामारी को लेकर कार्यालय पर उमड़ रही भीड़

संवाददाता। सीतापुर

**नगर** निकाय चुनाव के लिए भाजपा से टिकट के दावेदारों का प्रतिदिन नया नाम सामने आ रहा है, जो अन्य दावेदारों की धड़कनों को बढ़ा रहा है। सीतापुर में कुल 11 नगर निकायों में अब तक भाजपा से सिंबल पाने के लिए 129 टिकट के दावेदारों ने आवेदन किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने बताया कि सबसे ज्यादा सीतापुर नगर पालिका परिषद में 42 आवेदन आए है। इसके बाद दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा महोली नगर पंचायत से 20 आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। नगर पालिका बिसवां में 16, मिश्रिख में 13 और महमूदाबाद से 10 ने आवेदन किया है। जिलाध्यक्ष ने बताया इसके अलावा नगर पालिका खैराबाद से 8, नगर पंचायत हरगांव में 8, नगर पंचायत सिधौली के लिए 7 लोगों ने आवेदन किया है। नगर पालिका परिशद लहरपुर और नगर पंचायत तंबौर में सिर्फ दो-दो आवेदन पत्र जमा हुए है। नगर पंचायत पैंतेपुर के लिए सिर्फ एक आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है।



### रंजना शुक्ला ने बिसवां नगर पालिका से किया आवेदन

बिसवां नगर पालिका से समाजवादी पार्टी के सिम्बल पर चुनाव लड़ने के लिए रंजना षुक्ला ने भी अपना आवेदन कर दिया है, रंजना षुक्ला षिक्षक/लेखक व पत्रकार आराध्य षुक्ला की धर्मपत्नी है। यह समाजवादी पार्टी से लम्बे समय से जुड़ी है और लोकसभा, विधानसभा चुनावों समाजवादी पार्टी के लिए प्रचार करती नजर आती रहती थी। रंजना षुक्ला बिसवां के कैथी टोला की निवासी है और इन्होंने समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव को अपना आवेदन सौंप दिया है।

## गर्जना रैली में सीतापुर से शामिल होंगे सैकड़ों किसान

**सीतापुर।** कृषि यंत्रों व उर्वरक खाद को जीएसटी के दायरे से बाहर रखा जाए। केंद्र सरकार सभी प्रकार के जीएम, बीटी व जीएम सरसों को अनुमति देने के निर्णय को तुरंत वापस ले। किसान सम्मान निधि बढ़ाई जाए व प्रत्येक किसान को सम्मान निधि सुनिश्चित की जाए। फसल अवशेष जलाने पर किसानों पर हो रही कार्यवाही व आर्थिक दंड को समाप्त किया जाए। उक्त मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ के बैनर तले देष के 750 जनपदों से हजारों किसान दिल्ली में हुंकार भरेंगे। दिल्ली में 19 जनवरी को होने वाली किसान गर्जना रैली में षामिल होने के लिए सीतापुर जनपद से भी तमाम किसान 18 दिसंबर को कूच करेंगे। यह जानकारी भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष अवधेष त्रिपाठी ने दी। भारतीय किसान संघ के सीतापुर जिलाध्यक्ष अवधेष त्रिपाठी ने सिधौली स्थित अपने आवास पर आई इंडिया से मुखातिब होते हुए बताया कि प्रत्येक गांव में जानवरों के लिए बाड़ा बनाना सरकार अनिवार्य करे जहां पर बाड़े बनाने के लिए बजट मिला है वहाँ पर जिम्मेदारो की लापरवाही के कारण बाड़े नही बनवाये गए। उक्त जिम्मेदारों पर भी कार्यवाही हो। उन्होंने पिछली सरकारों पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि बीते वर्षों में किसी भी सरकार ने किसानों के हित के लिए कोई कार्य नहीं किया।

## चौथे दिन खेले गए दो सेमीफाइनल मैच

संवाददाता। सीतापुर

**हजरत** गुलजार शाह मेला एवं उर्स के मौके पर आयोजित प्रादेशिक हांकी टूर्नामेंट के चौथे दिन दो सेमी फ़ाइनल मैच खेले गए। इसमें पहला सेमी फाइनल मैच केडी सिंह सोसाइटी लखनऊ और गोण्डा के बीच हुआ। इसमें दोनो टीमें बराबर रहीं। प्लांटी शूट आउट में चार-दो से गोण्डा ने जीत हासिल की। दूसरा मैच शाहजहांपुर और एनईआर रेलवे लखनऊ के बीच हुआ इसमें पांच गोल मार कर लखनऊ ने जीत हासिल की। हांकी कन्वीनर इशरत अली ने बताया कि इन दोनो मैंचो में जीतने वाली टीमें शुक्रवार को फाइनल मैच खेलेंगी। टूर्नामेंट सेक्रेटरी असलम मास्टर, हाजी इसरार खान, नुसरत अली, जैनुल, शुएब खान, अध्यक्ष अब्दुल अतीक खान, सेक्रेटरी मौलाना अनवार हुसैन, मीडिया प्रभारी शावेज़ खान, अब्दुल जावेद खान, हुस्न नबी, सैयद हुसैन कादरी गुड्डू अंसारी, शरीफुल खां, इरशाद अंसारी, गोल्डन लारा आदि मौजूद रहीं।

### कमलापुर में खेला गया सेमीफाइनल मुकाबला

कमलापुर चीनीमिल ग्राउंड पर द्वितीय पंचायत स्तरीय ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन 12-12 ओवर के दो लीक व एक सेमी फाइनल मुकाबला खेला गया। पहला मुकाबला उसरी क्रिकेट क्लब व सरैया क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया जिसमे सरैया क्रिकेट क्लब विजई रहा। दूसरा मुकाबला पीरनगर क्रिकेट क्लब व लुधौरा क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया जिसमे लुधौरा क्रिकेट क्लब ने विजय हासिल की। सेमीफाइनल मुकाबला सरैया क्रिकेट क्लब व सुजौलिया क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया जिसमे सुजौलिया क्रिकेट क्लब ने जीत दर्ज की। सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाणियो को मैन आफ द मैच का पुरस्कार प्रधान ग्रामपंचायत सुजौलिया वैभव सिंह राजा द्वारा दिया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक जिलापंचायत सदस्य दीपक शुक्ला, प्रधान ग्रामपंचायत महोली धर्मेंद्र सिंह, विनोद प्रकाश मौर्या, अनुज बाजपेई, सुनील सिंह, मोनू सिंह, आसिफ खान, अरविंद मिश्रा, श्रीगोपाल शुक्ला, सुनील त्रिवेदी, वसीम अली, आदि मौजूद रहे।

## लखीमपुर सिविल कांट्रेक्टर्स वेलफेयर संघ के नीरज अध्यक्ष और भुवन बने महामंत्री



**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर सिविल कांट्रेक्टर्स एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी का गठन हुआ है। नीरज कुमार को जिलाध्यक्ष और भुवन कुमार गुप्ता को जिला महामंत्री बनाया गया है। साथ ही इस कार्यकारिणी में पत्रकार चमन सिंह राणा को जिला मीडिया प्रभारी जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गयी है। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव किया गया कि ई बिलिंग सहायक अभियंता से कराई जाएएएमएम 11 का सत्यापन सहायक अभियंता से कराया जाएएभुगतान प्रक्रिया एक हफ्ते के अंदर की जाएएअनुबंध में संदर्भित कार्य पर जितना धन आवंटित है उतना ही कार्य कराया जाएएठेकेदारों के देयक पैसे का तत्काल भुगतान कराया जाएएअप्रैल 2022 के पहले डिपॉजिट की गई धनराशि का ठेकेदारों को भुगतान हो और यदि किसी ठेकेदार के कार्य दोष की शिकायत है तो उसके खिलाफ विभाग के द्वारा पूर्व निर्धारित शर्तों के अनुसार ही कार्यवाही की जाए।

## पीएम स्वनिधि योजना: डीएम ने की समीक्षा बैंकर्स को दिए निर्देश

**लखीमपुर खीरी।** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैंकर्स के साथ पीएम स्वनिधि योजना की गहन समीक्षा की एवं संबंधित को जरूरी निर्देश दिए।बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना सरकार की फ्लैगशिप प्रोग्राम हैए जो पीएम की शीर्ष प्राथमिकताओं में है। उन्होंने बैंकवार योजना के तहत प्राप्त आवेदन के सापेक्ष स्वीकृति एवं धनराशि अंतरण की गहन समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन लाभार्थियों ने प्रथम लोन की अदायगी कर दी हैए उन्हें प्राप्त आवेदन के सापेक्ष दूसरी लोन स्वीकृत करें। वहीं दूसरी लोन अदा करने वालों को तीसरे लोन स्वीकृत करे। उन्होंने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के जिन लाभार्थियों ने पहला लोन अदा कर दिया हैए दूसरे लोन का आवेदन बैंक में लंबित हैए वह संबंधित बैंक जाकर निर्धारित प्रपत्र जमा करते हुए अपनी लोन धनराशि प्राप्त करें। इस दौरान किसी को कोई पैसा या धनराशि कदापि ना दें। यदि कोई असुविधा हो तो वह पीओ डूडा से संपर्क कर निदान कराए।डीएम ने बैंकर्स को निर्देश दिए कि पीएम स्वनिधि योजना के क्रियान्वयनए पात्रों को लाभान्वित करने में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## नेशनल स्पोर्ट्स मीट में शामिल होंगे जिले के 63 छात्र-छात्राएं

● डीएम-सीडीओ ने हरी झण्डी दिखाकर दल को किया रवाना



**लखीमपुर खीरी।** जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति के तत्वावधान में आचार्य नागार्जुन विश्व विद्यालय गुन्टूर, विजय बाड़ा, आन्ध्रप्रदेश में 17 से 22 दिसम्बर 2022 तक आयोजित 05 दिवसीय नेशनल स्पोर्ट मीट 2022-23 में प्रतिभाग करने हेतु एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय सोनहा खीरी में अध्ययनरत 63 सदस्यीय छात्र. छात्राओं के दल (बस) को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने एडीएम संजय सिंह, परियोजना अधिकारी यूण्केण् सिंह के साथ कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बच्चों को गुडलक कहते हुए सीख दी कि हार व जीत को पीछे रखते हुए गुड स्पोर्टस मैन स्प्रिट के साथ प्रतियोगिता में शामिल होकर जिले का नाम रोशन करें। कलेक्ट्रेट परिसर से दल को रवाना करने से डीएम व सीडीओ ने बच्चों का परिचय प्राप्त कर उनकी हौसला अफ़्ज़ाई करते हुए नेशनल मीट के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी यूके सिंह ने बताया आंध्र प्रदेश में आयोजित नेशनल स्पोर्ट मीट 2022-23 में सम्पूर्ण भारत के अलग.अलग प्रान्तों में संचालित माडल आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत जनजाति के छात्र/छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। श्री सिंह ने बताया कि नेशनल मीट में खीरी के सौनहा में संचालित विद्यालय के 63 छात्र.छात्राओं द्वारा उत्तर प्रदेश का नेतृत्व किया जाएगा। जनपद के छात्र.छात्राओं को भेजने हेतु जिलाधिकारी के कुशल मार्गदर्शन बच्चों के चयन के साथ अन्य तैयारियॉ पूरी की गई। श्री सिंह ने बताया कि लखनऊ तक बच्चे बस के माध्यम से जाएंगे। उसके बाद की यात्रा ट्रेन से की जाएगी। इस अवसर पर एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### जीडीसी में मिशन शक्ति को लेकर बैठक संपन्न

**सीतापुर।** दीनदयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीतापुर में मिशन शक्ति के अंतर्गत एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में महाविद्यालय के शिक्षकों व थाना खैराबाद के एंटी रोमियो टीम द्वारा छात्राओं को मिशन शक्ति के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। एंटी रोमियो टीम ने छात्राओं को 102, 108, 1090 ,तथा 181 नंबरों के बारे में बताया कि किन परिस्थितियों में किन नंबरों को आप अपनी सुविधा हेतु प्रयोग कर सकते हैं। थाना खैराबाद की टीम ने छात्राओं हेतु अपना मोबाइल नंबर भी शेयर किया गया ताकि किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति में छात्राएं तुरंत पुलिस को सूचना दे सकें। महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर लेटिनेंट शेखर सिंह ने छात्राओं को इंटरनेट का प्रयोग करते समय सावधानी बरतने की बात बताई। इस अवसर पर प्रोफ़ेसर ज्योति साह, चीफप्रॉक्टर डॉ राजीव द्विवेदी, डॉ रंजीत सिंह, अनूप कुमार, प्रीति सिंह तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**बरेली।** रात के समय थाने से घर लौट रहे थाने में खाना बनाने वाले युवक की ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कार्रवाई शुरू कर दी । नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव ग्राम जिओरा मकरंदपुर निवासी 30 वर्षीय सुनील कुमार पुत्र मढई लाल कि बीती रात हाफिज गंज थाने से कुछ ही दूरी पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि सुनील कुमार हाफिज गंज थाने में खाना बनाने जाता था और कल शाम को भी वह थाने में ही खाना बनाने गया था रात में जब वह मोटरसाइकिल से घर वापस लौट रहा था तभी उसकी बाइक को तेजी से आ रही ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी जिससे सुनील कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रैक्टर-ट्राली को रोक लिया लेकिन उसका चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी गई लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची सुनील की मौत हो चुकी थी।

### रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार युवक-युवती की मौत

**बरेली।** मोटरसाइकिल से इंटरव्यू देने के लिए जा रहे युवक युवती को रास्ते में ही तेजी से आ रही रोडवेज बस ने टक्कर मार दी दोनो को अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शवों को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा और कार्रवाई शुरू कर दी।मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव कुल्चा खुर्द में पेट्रोल पंप के पास आज सुबह लगभग दस बजे हुई सड़क दुर्घटना में फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव मड़ौली निवासी 24 वर्षीय कपिल गंगवार और भोजीपुरा के गांव चकदहा निवासी उसकी महिला मित्र सुमन गंगवार की मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतकों के परिजनों ने बताया कि कपिल बरेली के एक निजी अस्पताल में काम करता था जबकि सुमन रामपुर के शाहाबाद स्थित एक निजी अस्पताल में काम करती थी लेकिन कुछ दिन पूर्व कपिल ने अपनी नौकरी छोड़ दी थी और दोनों आज मुरादाबाद में किसी नौकरी का इंटरव्यू देने के लिए मोटरसाइकिल से जा रहे थे लेकिन मीरगंज के कुल्चा खुर्द गांव के पास सोहराब गेट डिपो की रोडवेज बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस दोनों घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले गई जहां पहुंचते ही डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया घटना की सूचना मिलने पर मृतकों के परिजन अस्पताल पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली।

### महिला को नशा देकर किया अपहरण और रेप

**बरेली।** गांव के रहने वाले दो युवकों और उनके साथी पर ने महिला को नशीला पदार्थ देकर अपरहण के बाद रेप करने का आरोप लगाया किसी तरह घर लौटी महिला ने पुलिस से शिकायत की और कार्रवाई न होने पर एडीजी से कार्रवाई की मांग की। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला ने एडीजी से शिकायत करते हुए बताया कि उसके गांव में रहने वाले दो युवक और उनके एक साथी ने कुछ दिन पूर्व शाम के समय उसके पास आए और उसे नशीला पदार्थ दे दिया जिससे वह बेहोश हो गई तीनों युवक उसका अपहरण करके हरिद्वार ले गए जहां पर उन्होंने उसके साथ रेप किया किसी तरह वह उनके चंगुल से छूट कर शनिवार को अपने घर वापस लौट आए और घटना की जानकारी अपने पति को दी और पति के साथ शिकायत करने थाने गई लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं थी तब आज उसने एडीजी से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की।

### मारपीट में घायल युवक की मौत

**बरेली।** ग्राम समाज की जमीन पर कब्जे को लेकर हुए विवाद के बाद पड़ोसियों ने एक युवक की जमकर पिटाई कर दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए इलाज के दौरान जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । आंवला थाना क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी मैकूलाल के 21 वर्षीय बेटे अजीत की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई मृतक के परिजनों ने बताया कि अजीत के पड़ोस में रहने वाला भूरे सिंह उसके मकान के पास पड़ी ग्राम समाज की खाली जमीन पर कब्जा करना चाहता है जिसको लेकर भूरे सिंह और अजीत के परिजनों के बीच अक्सर झगड़ा होता था 28 नवंबर को भी दोनों पक्षों में विवाद हुआ था लेकिन 11 नवंबर को जमकर मारपीट हुई जिसमें अजीत गंभीर रूप से घायल हो गयाथा।

### मानसिक स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे 128 मरीज

**पलियाकलां. खीरी।** गुरूवार को सीएचसी में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सीएचसी अधीक्षक डॉ भरत कुमार सिंह ने फीता काटकर किया गया। बृहस्पतिवार को आयोजित शिविर में जिला अस्पताल से आए मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश शुक्ला ने मरीजों का चेकअप किया और उनको दवाओं का वितरण किया। 128 मरीजों का चेकअप किया गया। साथ ही 78 नशे का पदार्थ सेवन करने वालों की कांउसलिंग की गई। इस दौरान डॉ सुभाष राणा, डॉ रामकिशोर, नैदानिक मनोवैज्ञानिक स्तुति कक्कड़ए अतुल पांडेयए विवेक मित्तलए कांउसलर अंकित दीक्षितए पंकज अस्थाना समेत स्टाफमौजूद रहा।

### इफको अस्पताल में लगा स्वास्थ्य शिविर

**बरेली।** पॉल पोथन नगर स्थित इफको चिकित्सालय में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं बुजुर्ग और पीड़ित लोगों ने नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इफको टाउनशिप निवासियों के लिए गंगाशील एडवान्स मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट, बरेली के सहयोग से ऑर्थोपीडीक एवं स्पाइनल सर्जन और नेफ्रोलोगिस्ट ( गुर्दा रोग विशेषज्ञ) द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श किया गया ।नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ आंवला इकाई के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक श्री राकेश पुरी जी ने शिविर का उद्घाटन करते हुए कहा कि जन सरोकार से जुड़े इफको के अधिकारी सदैव लोगों की मदद के लिए तत्पर रहते हैं। इस अवसर पर श्री राकेश पुरी जी , वरिष्ठ महाप्रबंधक श्री एस. के.गुप्ता श्री वेंकट एस.के श्री पी.वी.एल. शास्त्री सहित इफको चिकित्सालय की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ सुनीता गुप्ता एवं डॉक्टर वरुण पांड्या ,डॉक्टर नितेश भार्गव सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित हुए।

## पेज एक का शेष

### संसद में...

में आरक्षण नहीं होने का संदर्भ देते हुए रीजीजू ने कहा कि कैबिनेट में भी कोई आरक्षण नहीं होता है लेकिन प्रधानमंत्री कैबिनेट का गठन करते समय प्रयास करते है कि विभिन्न वर्गों व क्षेत्रों को उचित प्रतिनिधित्व मिले। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार कॉलेजियम को भी गौर करना चाहिए कि सबको प्रतिनिधित्व मिले।

### आईजीआई एयरपोर्ट...

अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तैनात किए जाएंगे, जहां तीन टर्मिनलों -1, 2 व 3 और कार्गो क्षेत्र का विस्तार किया जा रहा है। टर्मिनल एक का नवीनीकरण और विस्तार अगले साल दिसंबर या जनवरी 2024 तक पूरा होने वाला था, लेकिन सरकार चाहती है कि इसे तेजी से पूरा करते हुए नवंबर 2023 में खत्म कर दिया जाए। अधिकारियों ने कहा कि आईजीआई के विस्तार वाले क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त सीआईएसएफ कर्मियों की आवश्यकता होगी और इसलिए यह फैसला लिया गया है। नागर विमानन मंत्रालय ने बुधवार को कहा था कि दिल्ली हवाई अड्डे पर भीड़ को कम करने के लिए उठाए गए जरूरी कदमों के बाद अब यात्रियों को बोर्डिंग के लिए जांच चौकियों और प्रवेश द्वारों पर लगने वाले समय में कमी आई है। वहीं, नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को कहा था कि प्रमुख हवाईअड्डों पर भीड़भाड़ कम करने के लिए सभी एजेंसियां पिछले 24-36 घंटों से मुस्तैद हैं। टर्मिनल-3 के प्रवेश द्वार और चेक-इन काउंटरों पर भीड़ कम हो गई है। चार अतिरिक्त एक्स-रे मशीनें लगाई गई हैं, प्रतीक्षा समय के बारे में बताने के लिए डिस्प्ले बोर्ड लगाए गए हैं। सीआईएसएफ कर्मियों की तैनाती पहले ही शुरू हो चुकी है, और अगले कुछ दिनों में इसमें वृद्धि होगी। मालूम हो कि यात्रियों को फ्लाइट में सवार होने से पहले चेक-इन प्रक्रिया को पूरा करने में चार घंटे से अधिक का समय लग रहा है। कई यात्रियों के फ्लाइट छूटने की बात भी सामने आई है।

### गाजियाबाद में...

यह हादसा हुआ। पद्मावत एक्सप्रेस गाजियाबाद से मुरादाबाद की तरफ 80 किलोमीटर की स्पीड से जा रही थी। सात महीने पहले हुई थी शादी:-नदीम और जैनब मूल रूप से मेरठ के दिसौरा गांव के रहने वाले थे। करीब 7 महीने पहले दोनों ने लव मैरिज की थी। इसके बाद वे गाजियाबाद के कस्बा मसूरी में आकर रहने लगे। यहां नदीम ने अपने दोस्त शकील के साथ ड्राइवरी करने लगा था।

### जो शराब....

कि प्रभावित गांवों में उन घरों में मौत के मामले सामने आए हैं जहां ये लोग कुछ नशीला पदार्थ पीने के बाद बीमार पड़ गए थे, लेकिन कानून के दायरे में आने के डर से उन्होंने इसकी शिकायत नहीं की। इस घटना को लेकर लगातार दूसरे दिन भी राज्य विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नीत महागठबंधन सरकार और विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला। विपक्षी दल ने सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और शराबबंदी कानून के प्रावधानों की समीक्षा किए जाने और पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की मांग की। चुनावी रणनीतिकार एवं कार्यकर्ता प्रशांत किशोर ने इस कानून को वापस लेने का अनुरोध किया है। शिवहर जिले में उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, प्रतिबंध के कारण बिहार खिल्ली उड़ाए जाने का विषय बन गया है। कानून को किसी समीक्षा की जरूरत नहीं है, उसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। समय आ गया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उनके साथ चार साल सत्ता में रही भाजपा और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की राजद (राष्ट्रीय जनता दल) सहित सभी राजनीतिक दल पाखंड छोड़ें और वोट की चिंता किए बिना फैसला करें।

### भाजपा सांसदों...

बिहार के मुख्यमंत्री पर मानसिक संतुलन खोने का आरोप लगाते हुए केंद्र सरकार से राज्य की कानून व्यवस्था पर ध्यान देने, महागठबंधन सरकार के विरुद्ध उचित कदम उठाने और राज्य पुलिस पर भी कार्वाई करने का आग्रह किया। भाजपा के राजीव प्रताप रूड़ी ने शून्यकाल में कहा कि शराबबंदी की नीति बिहार सरकार ने बनाई तो उसका अनुपालन कराने की जिम्मेदारी भी उसकी है। उन्होंने कहा कि यदि शराबबंदी के बावजूद अवैध शराब पीने से लोगों की मौत होती है तो उसकी जिम्मेदारी भी बिहार सरकार की है।

### ब्रिटिश सुप्रीम...

कारोबारी की मानसिक स्वास्थ्य के आधार पर दायर की गई अपील खारिज कर दी गई थी। अदालत ने मनोरोग विशेषज्ञों के बयान के आधार पर कहा था कि उसे ऐसा नहीं लगता कि नीरव की मानसिक स्थिति अस्थिर है और उसके खुदकुशी करने का जोखिम इतना ज्यादा है कि उसे पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के दो अरब डालर ऋण घोटाला मामले में आरोपों का सामना करने के लिए भारत प्रत्यर्पित करना अन्यायपूर्ण और दमनकारी कदम साबित होगा। नीरव मोदी मार्च 2019 में प्रत्यर्पण वारंट पर गिरफ्तारी के बाद से लंदन की वैंड्सवर्थ जेल में बंद है। अब जब लंदन में उच्चतम न्यायालय में अपील दायर करने का नीरव मोदी का प्रयास विफल हो गया है, सैद्धांतिक रूप से, मोदी अपने प्रत्यर्पण को रोकने के लिए यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय (ईसीएचआर) में आवेदन कर सकता है। वह इस आधार पर आवेदन कर सकता है कि उसे निष्पक्ष सुनवाई की सुविधा नहीं मिलेगी और यह कि उसे उन स्थितियों में हिरासत में रखा जाएगा जो मानवाधिकारों पर यूरोपीय संधि के अनुच्छेद 3 का उल्लंघन करता है, जिसका ब्रिटेन एक हस्ताक्षरकर्ता है। ब्रिटेन के गृह विभाग के सूत्रों ने संकेत दिया है कि यह अभी भी पता नहीं है कि प्रत्यर्पण कब हो सकता है क्योंकि नीरव मोदी के पास अभी भी कानूनी उपचार हैं।

### गोधरा ट्रेन...

जमानत अर्जी मंजूर की जाती है। आवेदक को भारतीय दंड संहिता की धारा-302 (हत्या) के तहत दंडनीय अपराध का दोषी ठहराया गया था और आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। पीठ ने कहा, उच्च न्यायालय ने नौ अक्टूबर 2017 को उसकी अपील खारिज कर दी थी। आवेदक ने इस आधार पर जमानत मांगी है कि वह 2004 से हिरासत में है और लगभग 17 साल तक कारावास में रहा है। मामले के तथ्यों एवं परिस्थितियों और आवेदक की भूमिका को देखते हुए हम उसे ऐसे नियमों और शर्तों के अधीन जमानत देने का निर्देश देते हैं, जो सत्र अदालत द्वारा तय की जा सकती है। शीर्ष अदालत में मामले के कई दोषियों की दोषसिद्धि के खिलाफ दायर याचिकाएं विचाराधीन हैं। मेहता ने कहा कि ए याचिकाएं अंतिम सुनवाई के लिए तैयार हैं और अब इन्हें सूचीबद्ध किया जा सकता है। प्रधान न्यायाधीश ने तब शीर्ष विधि अधिकारी मेहता को सुझाव दिया कि वह उन मामलों का विवरण प्रदान करें, जिनकी सुनवाई की जानी चाहिए और आश्वासन दिया कि वह विवरणों की जांच करेंगे। 27 फरवरी 2002 को गुजरात के गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन के एस-6 कोच में आग लगा दी गई थी, जिससे 59 यात्रियों की मौत हो गई थी और राज्यभर में सांप्रदायिक दंगे फैल गए थे। फारूक समेत कई अन्य लोगों को साबरमती एक्सप्रेस के कोच पर पथराव करने का दोषी ठहराया गया था।

### मेस्सी बनाम...

खुशी है कि हमने मोरक्को और अफ्रीकी फुटबॉल की साख बनाई। हर्नांडिज का गोल इस विश्व कप में मोरक्को के खिलाफ किसी टीम का पहला गोल था। इससे पहले ग्रुप चरण में एक आत्मघाती गोल हुआ था। दूसरी ओर फ्रांस की टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करते हुए भी जीतने का शउर बखूबी सीख गई है। पिछले सात विश्व कप में वह चौथी बार फाइनल खेलेगी जो एक रिकॉर्ड है। फ्रांस के कोच दिदिएर देसचैंम्प्स ने कहा , यह आसान नहीं था। हमने अपना हुनर, अनुभव, टीम भावना का प्रदर्शन किया। अब तक पांच गोल कर चुके एमबाप्पे अपने गोलों की संख्या में इजाफा तो नहीं कर सके लेकिन पहले गोल में सूत्रधार रहे। मोरक्को को चोटिल डिफेंडर नाएफ अगुएर्ड की कमी खली और कप्तान रोमेस सेस भी 21 मिनट बाद हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बाहर हो गए। दोनों खिलाड़ियों का खेलना पहले ही संदिग्ध था लेकिन कोच ने उन्हें उतारने का जोखिम लिया। लेफ्ट बैक नूसैर माजराउइ भी फ्लू से जूझ रहे थे और हाफटाइम तक ही खेल सके। मोरक्को के पास 44वें मिनट में गोल करने का मौका था जब जावेद अल यामिक का हेडर पोस्ट से टकरा गया। फ्रांस को उन्हें रोकने के लिए डिफेंस में अपनी पूरी ताकत झोंकनी पड़ी। दूसरे हाफ में मोरक्को की टीम थकी हुई लगी जिससे फ्रांस की राह और आसान हो गई। एमबाप्पे ने दो डिफेंडरों को छकाते हुए मुआनी को गेंद सौंपी जो एक मिनट पहले ही मैदान पर उतरे थे। उनके गोल पर वीआईपी सीट पर बैठे राष्ट्रपति मैकरोन खड़े होकर जश्न मनाते नजर आए।

### ढाई लाख...

की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। उन्होंने कहा, आरोपी ने गुरुग्राम में पिछले साल हुई करोड़ों रुपए की डकैती की साजिश को कबूल किया है। उसने खुलासा किया कि उसे डकैती के लगभग 22 करोड़ रुपए मिले और उसने यह सब कई कार्यों के लिए इस्तेमाल किया।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय का दसवाँ दीक्षांत समारोह आज

**● राज्यपाल मंगु भाई पटेल पहुंचे चित्रकूट, करेंगे अध्यक्षता ● डॉ मोहन यादव उच्चशिक्षा मंत्री होंगे विशिष्ट अतिथि ● पाठ्यक्रमवार सर्वश्रेष्ठ 44 विद्यार्थियों को राज्यपाल देगें गोल्डमैडल ● 93 शोधकर्ताओं को राज्यपाल के हाथों मिलेगी पीएचडी डिग्री ● दीक्षांत कार्यक्रम का हुआ पूर्वाभ्यास**

**संवाददाता।** चित्रकूट

**महात्मा** गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के 10 वें दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए गुरूवार को राज्यपाल और कुलाधिपति मंगू भाई पटेल हेलीकॉप्टर से चित्रकूट पहुंच गए हैं। चित्रकूट पहुँचने आरोग्यधाम हेलीपैड में ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिवार की ओर से कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने महामहिम राज्यपाल का स्वागत और अभिनंदन किया। महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री पटेल 16 दिसम्बर को अपरान्ह 2.30 बजे से विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित दशम दीक्षांत समारोह के अवसर पर 93 पीएचडी धारकों एवं 44 स्वर्ण पदक विजेताओं को अलंकृत करेगे। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे। प्रख्यात राष्ट्रवादी चिंतक और राज्य सभा सासंद डा. सुधांशु त्रिवेदी दीक्षांत उद्बोधन देगें। कुलपति प्रो. भरत मिश्रा प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे और नवस्नातको को दीक्षांत शपथ दिलाएंगे। इसके पूर्व अतिथिगण ग्रामोदय के ललितकला के विद्यार्थियों द्वारा स्वाधीनता संग्राम में जनजातीय नायकों के योगदान पर कला प्रदर्शनी का अवलोकन करेगे। अतिथि गण विश्वविद्यालय के कृषि प्रक्षेत्र मे स्थित विवेकानंद छात्रावास और शोध छात्रों के लिए मुख्य परिसर मे बने वैदेही छात्रावास का लोकार्पण करेगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा उद्यमिता केन्द्र में प्रशिक्षण के दौरान बनाये गये उत्पादों का प्रर्दशिनी भी लगाई गई है। 10वें दीक्षांत समारोह अवसर पर पूरे विश्वविद्यालय परिसर को रचनात्मक साज-सज्जा और कलात्मक प्रस्तुतियों से सजाया सवारा गया है। छात्रों और अभिभावकों सहित पूरे विश्वविद्यालय मे उत्साह का माहौल है। दीक्षांत समारोह के संयोजक प्रो. आई.पी. त्रिपाठी ने बताया कि संकायवार उपाधि वितरण के डेस्क से आज विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है। कुलसचिव डा. अजय कुमार के अनुसार दीक्षांत कार्यक्रम से पूर्व विश्वविद्यालय प्रबंध मंडल की बैठक कुलपति प्रो भरत मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी। उपकुलसचिव डा. ललित कुमार सिंह एवं डॉ नीलम चौरे ने बताया कि स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले छात्रों को दीक्षांत मंच में आमंत्रित कर गोल्डमैडल दिए जाएंगे। उप कुलसचिव अकादमी डॉ ? कुसूम सिंह ने बताया कि विद्वत शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र होगी। डॉ कुसुम सिंह ने बताया कि दीक्षांत समारोह में यूजी-पीजी रेगुलर पाठ्यक्रम के 965 विद्यार्थियों को उपाधियां दी जाएगी।पूर्व वर्षों की भांति सत्र 2021 -22 के दूरवर्ती माध्यम के पाठ्यक्रमों और सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को भी दीक्षांत समारोह में उपाधियां दी जाएगी।



राज्यपाल का स्वागत करते कुलपति

## भाकियू नेताओं ने किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील में की जमकर नारेबाजी

**खागा (फतेहपुर)।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक दल के सैकड़ों किसानों ने जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह के नेतृत्व में लंबित अनेकों समस्याओं को लेकर उप जिलाधिकारी मनीष कुमार एवं तहसीलदार इवेंद्र कुमार से मिलकर समस्याओं को त्वरित समाधान कराया और उपजिलाधिकारी में अन्य शेष विभागों की शिकायतों को संबंधित अधिकारियों के माध्यम से निस्तारित कराने का आश्वासन दिया।

भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक दल के जिला अध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम ने बताया कि किसानों की लंबित विभिन्न शिकायतों को लेकर अफसरों के चक्कर लगाकर थक चुके किसानों को लेकर तहसील में पैदल नारेबाजी करते हुए उपजिलाधिकारी के कार्यालय पहुंचकर शिकायतों को निस्तारित कराने हेतु प्रेषित किया गया। जिस पर उपजिलाधिकारी व तहसीलदार मीटिंग हॉल में बैठकर किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए समस्याएं सुनी । जिस पर अधिकांश शिकायतें बिजली विभाग एवं राशन कार्ड और लेखपालों से संबंधित रही। जिसमें किसानों के फोन ना उठाने पर आरोप अधिकांश रहे। और इन्होंने बताया कि गांव में नाप हेतु जब लेखपाल जाते हैं तो जरीब लेकर नहीं जाते, अपने पैर से नाप करके चले आते हैं। जिनकी शिकायतें की जाती है तो कहते हैं कि हमारा पैर ही जरीब है। वही किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी व तहसीलदार ने लेखपालों की रवैया को सुधारने के निर्देश दिया और बताया कि अन्य विभागों की शिकायतों को सम्बन्धित अफसरों के माध्यम से शीघ्र निस्तारित कराया जाएगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष राज कुमार सिंह गौतम महेंद्र सिंह, छोटू सिंह परिहार, प्रवीण सिंह, दिनेश सिंह, सर्वेश सिंह यादव, लालता सिंह सहित अन्य पदाधिकारी व किसान मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### हादसे की घटनाओं में बाइक सवार समेत दो की मौत

**घाटमपुर।** कोतवाली क्षेत्र के मूसानगर रोड पर गांव रुपनगर के पास ट्रक की टक्कर से वाइक सवार युवक की मौत हो गयी। वही महाराजपुर थाना क्षेत्र के कुलगांव मोढ़ पर बिक्रम पलटने से चालक की मौत हो गयी तथा एक अन्य घायल हो गया। बताया जाता है कि कोतवाली क्षेत्र के गांव भैरमपुर निवासी शुभम सचान ( 27 ) बुद्यवार को मोटर साइकिल से कानपुर देहात के कस्बा मूसानगर गया था, शांम को वो मूसानगर से गांव लौट रहा था कि शांम साढ़े 7 बजे के करीब जैसे ही रुपनगर के पास पंहुचे की तभी ट्रक की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गयी। कोतवाली प्रभारी रामबाबू सिंह ने बतायाट्रक की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गयी। कोतवाली प्रभारी रामबाबू सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी।

### सास-ससुर पति के खिलाफ दहेज उत्पीडन की रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा (हमीरपुर)।** जनपद जालौन के आटा थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव निवासी ग्रामीण ने बहन को प्रताड़ित करने व अतिरिक्त दहेज में कार व नकद रुपया की मांग करने व बहन से बात न कराये जाने की तहरीर थाने में दी है। पीड़ित की तहरीर पुलिस ने सास ससुर व पति के खिलाफदहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। जनपद जालौन के आटा थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव निवासी प्रवेश कुमार पुत्र रामसेवक ने पुलिस को बताया कि पांच साल पहले अपनी बहन नीलम यादव की शादी कुरारा थाना क्षेत्र के कुसमरा गांव के अमित यादव के साथ हुई थी। शादी में यथा संभव दान दहेज देकर बिदा किया गया था। इसके बाद अमित सरकारी अध्यापक हो गया।तो ससुराली जन चार पहिया गाड़ी व पांच लाख रुपए की मांग करने लगे। तथा यह लोग ललितपुर के बिरधा में रहने लगेवहां पर में 22 फरवरी को गया तो इन्होंने बहन को नही भेजा। तथा तब से न यह लोग मिलते हैं। न फोन से बात कराते हैं। इसके माता पिता से पता कि जानकारी की तो वह नही बता रहे हैं। इससे बहन के साथ अनहोनी की आशंका जताई है। पीड़ित की तहरीर परपति अमित यादव , सास चंद्र श्री, ससुर मान सिंह के खिलाफदहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### डीएम व एसपी ने झुलसे लोगो का जाना हाल-चाल

**राठ (हमीरपुर)।** बुधवार की रात कोतवाली के लींगा गांव में गैस सिलेंडर के रिसाव होने पर लगी आग में 22 लोग झुलस गए थे। जिसमें आठ की हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया गया था। घटना की जानकारी होने पर देर रात जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां अधिकारियों ने आग से झुलसे लोगों का हालचाल जाना। लींगा गांव के हेमराज अहिरवार की बारात की तैयारियां गुरुवार को चल रही है। बुधवार रात की प्रतिभोज कार्यक्रम के दौरान खाना बनते समय गैस सिलेंडर रिसाव होने पर लगी आग से 22 लोग झुलस गए थे। जिसमें खाना खाने आए ग्रामीण, हलवाई सहित बर्तन साफकरने वाले मजदूर झुलस गए थे। आग से झुलसे लोगों को आनन-फानन में सीएचसी लाया गया। यहां पर महिपत, कस्तूरी, पार्वती, तारा रानी, शशि, लाड़कुंवर, आनंद की हालत हालत नाजुक होने पर डॉक्टर सत्येंद्र यादव ने मेडिकल कॉलेज उरई कर दिया था। बुधवार रात घटना के बाद एसडीएम पवन प्रकाश पाठक सीएचसी पहुंचे और देर रात डीएम डा.चंद्रभूषण त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक शुभम पटेल सीएचसी पहुंचे और आग से झुलसे मरीजों का हालचाल जाना अधिकारियों ने सीएचसी अधीक्षक डा.अखिलेश कुमार सिंह को समुचित इलाज करने के दिशा निर्देश दिए। गुरुवार शाम हेमराज की बारात मप्रके जनपद छतरपुर थाना क्षेत्र के गढ़ी मलहरा रवाना हुई।

### आर्थिक तंगी के चलते पीआरडी जवान ने फांसी लगाकर दी जान

**राठ (हमीरपुर)।** मझगवां थाने के नौरंगा गांव में आर्थिक तंगी से परेशान पीआरडी के जवान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नौरंगा गांव निवासी ज्ञान सिंह राजपूत ने बताया कि उसका बड़ा भाई जय सिंह राजपूत(55) पीआरडी में कार्यरत था। उसके पास करीब 7 बीघा जमीन थी। खेती कर वह परिवार का भरण पोषण करते थे। बताया कि इस वर्ष दलहन की फसल खराब होने के कारण परेशान थे। साथ ही वह आर्थिक तंगी से परेशान थे। बुधवार को परिजन खेत पर गए थे। तभी रात को सूना घर पाकर कमरे में अपने गमछे का फंदा गले में डालकर झूल गए। जब तक स्वजन मौके पर पहुंचे तब तक उसकी मौत हो गई थी। भाई जयसिंह ने बताया कि काफी समय से फसल खराब होने से मानसिक रूप से परेशान रहने लगे थे। मृतक अपने पीछे एक पुत्र जयनारायण छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी मालती का रो रोकर बुरा हाल है।

### ठेकेदार ने महिला के साथ अभद्रता की,रिपोर्ट दर्ज

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे में दरवाजे पर मिट्टी खोदने से मना करने पर हुए विवाद पर ठेकेदार के लोगों ने गाली गलौज कर महिला के साथ मारपीट कर दी इसकी शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। कस्बे के द्वारकापुरी मोहल्ला निवासी हर्ष कुमारी पत्नी रामेश्वर प्रसाद ने पुलिस को बताया है कि शाम को ठेकेदार के मिस्त्री शिव बरदानी को मिट्टी खोदने से मना किए जाने पर वह गाली गलौज पर उतारू हो गया और उसने ईट से वार कर घायल कर जान से मारने की धमकी दी है। तहरीर मिलते ही कोतवाली पुलिस ने आरोपी शिव वरदानी उर्फफौजी निवासी पाटनपुर के खिलाफधारा 323, 504, 506 के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### एग्रोफॉरेस्ट्री को लेकर अभियान

**लखनऊ।** आयुर्वेद कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड ने आज सेंटर फॉर इंटरनेशनल फॉरेस्ट्री रीसर्च एवं वर्ल्ड एग्रोफॉरेस्ट्री के साथ मिलकर उत्तर प्रदेशए हरियाणाए राजस्थानए उड़ीसाए आन्ध्र प्रदेशए असम और तमिलनाडु में एग्रोफॉरेस्ट्री का उपयोग करते हुए वनों के बाहर और खेतों में पेड़ों एवं पौधों में सुधार लाने के लिए विशाल अभियान की शुरूआत की। इस अभियान के द्वारा मेडिसिनल एवं एरोमेटिक पौधों और फलों वाले पौधों पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा। डाबर के द्वारा शुरू किया गया यह अभियान वनों के बाहर एवं खेतों में पेड़ों की संख्या बढ़ाने में कारगर साबित होगाए जिससे वानिकी क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन में कमी लाने के लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिलेगी। साथ ही आस.पास के समुदायां को आजीविका के स्थायी अवसर भी मिलेंगे। डाबर इंडिया लिमिटेड के चीफ़एक्ज़ क्टिव ऑफिसर मोहित मल्होत्रा ने कहा कि डाबर में प्रकृति हमारे कारोबार का मुख्य आधार है।

### ट्रेन की चपेट में आने से किसान की दर्दनाक मौत

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के यमुना साउथ बैंक रेलवे स्टेशन के समीप गुरूवार को एक किसान की ट्रेन की चपेट में आ जाने से मौत हो गई। है। पुलिस के अनुसार पत्योरा गांव निवासी किसान सुरेन्द्र निषाद (50) गुरूवार की सुबह खेतो में पानी लगाने के लिए खेतो की ओर जा रहा था तभी रेलवे स्टेशन के पास पटरी पार करते समय अचानक ट्रेन की चपेट में आ जानें से उसकी मौत हो गई।

## दोहरे हत्याकांड में दोनों पक्षों के सात लोगों को उम्रकैद

**हमीरपुर।** करीब 21 साल पूर्व दो हत्याओं के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फौजदारी चंद्रभान सिंह की अदालत ने सात आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व प्रत्येक को 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। वहीं साक्ष्यों के आधार पर दोनों पक्षों के पांच आरोपियों को दोषमुक्त किया है। सुमेरपुर थानाक्षेत्र के इंगोहटा गांव में पिछले सात अगस्त 2001 को वर्चस्व को लेकर हुए संघर्ष में दोनों पक्षों के एक-एक व्यक्ति की मौत हुई थी। तब एक पक्ष के योगेंद्र कुमार दीक्षित ने बताया था कि गांव निवासी अशोक निगम, राजीव निगम, सोम निगम व सत्तीदीन कोरी से पुरानी रंजिश चल रही है। बताया करीब डेढ़ वर्ष पूर्व आरोपियों ने जवारा निकलने के समय उनके चचेरे भाई कल्लू दीक्षित को गोली मारकर घायल कर दिया था। घटना की शाम करीब साढ़े छह बजे वह बड़े भाई महंत राममनोहर दास, रामकिशोर दीक्षित, दिलीप कुमार, राजन दीक्षित, कल्लू दीक्षित, पुत्री मनीषा व प्रतीक्षा के साथ खलिहान से घर आ रहे थे। तभी लुखरू कहार के मकान के पास पहुंचे तो अशोक निगम, शिक्षक राजीव निगम, सोम निगम, सत्तीदीन कोरी, मलखान प्रजापति, देवेंद्र दीक्षित, फणींद्र दीक्षित, मुनव्वर, सुरेश व रमेश विश्वकर्मा ने तमंचा, बंदूक प फरसा से जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में चचरे भाई कल्लू दीक्षित की हत्या कर दी। वहीं अन्य को लोगों को फरसे व गोली मारकर घायल कर दिया। बताया कि सभी आरोपी जान माल की धमकी देते हुए अशोक निगम के दरवाजे से अंदर घुसकर पीछे के दरवाजे से निकलकर भाग गए। पुलिस ने दस आरोपियों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था।

## शपथ पत्र को ठेंगा दिखा पट्टाधारक नदी की जलधारा से करा रहा खनन

**● मामला मौरम खंड संख्या एक खरका से जुड़ा**

**संवाददाता।** उरई (जालौन)



**जिले में** मौरम खनन का कार्य शुरू होते ही पट्टाधारकों ने अपनी स्वेच्छाचारिता दिखानी शुरू कर दी। मसलन जलधारा से मौरम खनन पर प्रतिबंध तो है ही जलधारा से दस फिट की दूरी से मौरम खनन करने की अनुमति रहती है। लेकिन खरका मौरम पट्टाधारक द्वारा खनिज कार्यालय में दिये गये शपथ पत्र को ही ठेगा दिखो हुये नदी की जलधारा से मौरम खनन करने के लिये पॉकलैंड मशीनों को मैदान में उतार कर जिम्मेदार अधिकारियों को अपनी ताकत का एहसास कराता देखा जा रहा है। गौरतलब हो कि उरई तहसील क्षेत्र के गाटा संख्या 2513, 2559 खंड संख्या एक जिसका रकवा 20.242 हैक्टेयर का जो 20 फरवरी 2020 से 19 फरवरी 2025 तक की समयावधि बतायी जा रही है जिसका पट्टा रामकुमार सिंह पुत्र हरपाल सिंह निवासी गुरसरांय जिला झांसी के नाम उरई तहसील क्षेत्र के गाटा संख्या 2513, 2559 खंड संख्या एक स्वीकृत हुआ था। मौरम खनन का पट्टा स्वीकृत होने के बाद पट्टाधारक रामकुमार सिंह पुत्र हरपाल सिंह निवासी गुरसरांय जिला झांसी ने खनिज कार्यालय में मौरम खनन करने से पूर्व शपथ पत्र जमा किया था जिसमें नदी की जलधारा से दस फिट की दूरी से मौरम खनन करने, नदी की जलधारा से किसी भी कीमत पर मौरम खनन न करने, दिन ढलने के बाद मौरम खनन न करने सहित अनेकों शर्तें शामिल रहती है यह हर मौरम पट्टाधारक को जमा करना होता इसके बाद ही वह मौरम खनन शुरू करवाता है। लेकिन खरका पट्टाधारक खुद के द्वारा दिये गये शपथ पत्र को ही नजरंदाज करते हुये भारी भरकम पॉकलैंड मशीनों को सदानीरा बेतवा नदी की जलधारा में उतारकर बेखौफ तरीके से मौरम खनन करवाना शुरू कर दिया है। हैरानी की बात तो यह है कि खनिज कार्यालय के सर्वेयर की यह जिम्मेदारी रहती है कि वह समय-समय पर संबंधित पट्टा स्वीकृत क्षेत्र का भ्रमण कर यह देखने की जिम्मेदारी होती है कि कहीं पट्टाधारक नियमों का उल्लंघन तो नहीं कर रहा है। तो वहीं क्षेत्रीय ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि खरका पट्टाधारक आसपास के किसानों को भी उनके खेतों तक पहुंचने में रोकटोक इस मंशा से करते हैं कि कहीं उनके अनैतिक कृत्यों की वीडियो व फोटो सोशल मीडिया पर वायरल न हो जाये।

## सीतापुर चौकी प्रभारी ने नाबालिग से छेड़खानी के आरोपी को 24 घंटे के अन्दर किया गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला' के निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली कर्वी अवधेश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी सीतापुर प्रवीण कुमार सिंह तथा उनकी टीम द्वारा नाबालिग बालिका से छेड़खानी करने वाले आरोपी अभियुक्त को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार मिश्र ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बताया कि सीतापुर चौकी में अभियुक्त अरूण कुमार पटेल पुत्र भगवानदीन पटेल उर्फ बंगा निवासी मैनहाई थाना कोतवाली कर्वी के विरूद्ध चौकी सीतापुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम निवासी व्यक्ति द्वारा अपनी नाबालिग बालिका के साथ छेड़खानी करने के सम्बन्ध में कोतवाली कर्वी में मु0अ0सं0 528/2022 धारा 354क,506 भादवि0 व 7/8 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत कराया गया था।

## प्रतिस्पर्धा की भावना से बच्चे शिक्षा में और निपुण होंगे: डीएम

**● नोडल अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर एक दिन का वेतन रोकने के दिये निर्देश**

**संवाददाता।** उरई (जालौन)

**गुरुवार** को जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने निपुण भारत के तहत बालक-बालिका प्रतियोगिता की परीक्षा विकास खण्ड कुठौंद के अंतर्गत मदारीपुर बीआरसी में चल रही परीक्षा का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि निपुण भारत बालक-बालिका प्रतियोगिता की परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये।

निरीक्षण के दौरान विकास खण्ड स्तर पर परीक्षा के नोडल अधिकारी जिला पूर्ति अधिकारी अनुपस्थित मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिये। परीक्षा में कक्षा-1, कक्षा-2, कक्षा-3 के बालक-बालिकाओं ने द्वितीय चरण में ब्लाक स्तरीय निपुण भारत प्रतियोगिता में प्रतिभावान बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने कहा कि निपुण भारत अंतर्जनपदीय प्रतियोगिता शुरू की गयी थी जिस पर पहले न्याय स्तर पर प्रतियोगिता करायी गयी थी जिसमें प्रतिभावान बच्चें पास होकर आये, ऐसे सभी बच्चों की ब्लाक स्तर पर परीक्षा करायी जा रही है जो बच्चें इस प्रतियोगिता में पास होगे ऐसे बच्चे जिला स्तर पर परीक्षा में सम्मिलित होगे। जिलाधिकारी ने कहा कि बहुत ही खुशी हो रही है कि परीक्षा को बच्चे बहुत ही गंभीरता से हल कर रहे है।

उन्होंने कहा कि इस प्रतिर्स्पधा की भावना से बच्चे शिक्षा में और निपुण होंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों को जिस परिषदीय विद्यालय से बालक-बालिकायें परीक्षा में प्रतिभाग कर रहे है सभी संबंधित अध्यापकों को निर्देशित किया कि ऐसे सभी प्रतिभावान बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान कराये ताकि बच्चों को निपुण बनाया जा सके। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय मदारीपुर में निरीक्षण किया। उन्होने कक्षा-6, कक्षा-7 के बच्चों से सबाल-जबाव किये जिस पर छात्रों ने सरलतापूर्वक जबाव दिये जिस पर जिलाधिकारी ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। उन्होने प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया कि बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता नही किया जाये, यह सुनिश्चित किया जाये कि अध्यापकों द्वारा छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्रदान करायी जाये।

उन्होंने यह भी कहा कि छात्र-छात्राओं को जिस विषय में रुचि हो ऐसे छात्र-छात्राओं को उसी विषय पर उच्च शिक्षा दी जाये ताकि छात्र-छात्रायें अपने लक्ष्य को हासिल कर सके। इस दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र पर ताला लगा हुआ देख नाराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित सीडीपीओ का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिये साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायका के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिये।



परीक्षा देते बच्चों की गतिविधियां देखती डीएम चांदनी सिंह

## विकास कार्य में लापरवाही बरतने वालों को डीएम की कड़ी चेतावनी

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने शासन के प्राथमिकता वाले विकास कार्यों की समीक्षा विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में की गयी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियो को निर्देशित किया कि अपने विभाग की योजनाओं के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा करें। उन्होंने आयुष्मान कार्ड की प्रगति धीमी पाए जाने पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देशित किया योजना में रणनीति बनाकर कार्य किया जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगा, जो भी कार्य में लापरवाही बरतेगा ऐसी समस्त संबंधित अधिकारियों के खिलाफ तत्काल वेतन रोकने के साथ साथ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि हेल्थ वेलनेस सेंटर के निर्माण होने के बाद उसका उद्घाटन किया जाए साथ ही व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी भ्रमण कर कराये जा रहे निर्माण कार्यो की क्रॉस चैकिंग करे। उन्होंने निर्माणाधीन ड्रग्स बेयर हाउस के कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र अधिकतर बन्द रहने पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देशित किया कि अगर कही भी आंगनबाड़ी केंद्र बन्द पाया गया तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने आधार सीडिंग कम होने पर सबंधित को निर्देशित किया कि जो भी आधार सीडिंग नहीं कराएगा उसकी पेंशन रुक जाएगी साथ ही आधार सीडिंग कराने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार कराये। उन्होंने कहा कि समस्त पेंशन संबंधित योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाकर लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के अनुश्रवण के साथ ही एक रणनीति बनाकर निर्धारित लक्ष्य निर्धारित अवधि में प्राप्त किया जाए।

## ट्रैक्टर पलटने से एक की मौत, दो लोग घायल

**संवाददाता।** सुमेरपुर (हमीरपुर)

**थाना सुमेरपुर** क्षेत्र के ग्राम टेढ़ा में भूसा लेने जा रहा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर तालाब में पलट गया तो उसमे सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो घायल हो गए गंभीर रूप से घायल एक को उपचार के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार गुरूवार को सनत शुक्ला का ट्रैक्टर भूसा लेने के लिए खेतो की ओर जा रहा था तभी रैपुरा रोड में गल्ला मंडी मोड़ के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर बगल के तालाब में पलट गया तो ट्रैक्टर में सवार अशोक (20) पुत्र रामसजीवन की मौके पर ही मौत हो गई जबकि ट्रैक्टर में सवार सीताराम पुत्र कल्लू शर्मा तथा दयालु पुत्र सनत शुक्ला घायल हो गए, ट्रैक्टर ट्राली पलटने की खबर मिलते ही वहां लोगो का हुजूम लग गया लोगो ने प्रयास करके घायल सीताराम को बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेज दिया जहां उसका उपचार चल रहा है। वही घटना में हुई मौत की खबर मृतक के पिता रामसजीवन ने पुलिस को दी, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, युवक की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।



तालाब के किनारे पलटा ट्रैक्टर

## सर्किट हाउस व एयरपोर्ट का निर्माण कार्य जल्द करें पूरा: अभिषेक आनंद

**● डीएम ने अधिकारियों के साथ किया विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण**

**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने हनुमान धारा रोड पर मप्र व उप्र सीमा पर निर्माणाधीन अन्तर्राज्जीय प्रवेश द्वार एवं देवांगना घाटी के नीचे निर्माणाधीन सर्किट हाउस का निरीक्षण कर लोनिवि के प्रान्तीय खण्ड एक्सईएन सत्येन्द्रनाथ को निर्देश दिये कि कार्य तेजी से कराया जाये। गुरुवार को जिलाधिकारी ने कहा कि प्रवेश द्वार पर अच्छे ढंग से लाइटिंग कराई जाये। एक्सईएन विद्युत को निर्देश दिये कि गेट निर्माण में जो विद्युत पोल पड रहे हैं, उन्हें तत्काल शिफ्ट करा दें। सर्किट हाउस के निर्माण को देखकर कहा कि चहारदीवारी का निर्माण कार्य चल रहा है। कार्यदायी संस्था से कहा कि कार्य में तेजी लाई जाये। शासन से निर्धारित समय सीमा के अन्दर कार्य गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने राइट्स संस्था के अधिकारी अतुल प्रकाश को हवाई पट्टी का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि एप्रोच रोड का निर्माण तेजी से कराया जाये। टर्मिनल बिल्डिंग के पहले चार सौ मीटर मिट्टी फीडिंग का कार्य सडक पर हो गया है। शेष कार्य भी तेजी से कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने एक्सईएन विद्युत से कहा कि देवांगना मार्ग में प्रकाश के लिए स्ट्रीट लाइट लगाई गई हैं, विभाग से सम्पर्क कर विद्युतीकरण करायें। एक्सईएन ने बताया कि विद्युत कनेक्शन हो गया है। संचालन लोनिवि को करना है। जिलाधिकारी ने एक्सईएन लोनिवि से कहा कि लोक निर्माण विभाग झांसी डिवीजन ने विद्युतीकरण किया है। उनसे सम्पर्क कर मुख्य सडक पर प्रकाश की व्यवस्था की जाये। उन्होंने एक्सईएन विद्युत से कहा कि एप्रोच रोड टर्मिनल बिल्डिंग की ओर जा रही है। उसके लिए भी सडक किनारे विद्युत पोल लगाकर प्रकाश व्यवस्था करायें। एडीएम से कहा कि एयरपोर्ट एथार्टी से शासन को पत्र भेजा जाये कि मेन रोड से टर्मिनल बिल्डिंग तक प्रकाश एवं सडक किनारे तार फेन्सिंग की व्यवस्था करायें। निरीक्षण में उनके साथ एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम सदर राजबहादुर, एसडीएम न्यायिक रामजन्म यादव, एक्सईएन लोनिवि सत्येन्द्रनाथ, विद्युत एक्सईएन आरएस वर्मा समेत राइट्स संस्था के अधिकारी मौजूद रहे।



निर्माणाधीन सर्किट हाउस को देखते डीएम आदि   पायनियर

# कश्मीर मुद्दा उठाने पर भारत ने पाकिस्तान को चेताया

भाषा। संयुक्त राष्ट्र




**भारत ने** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में कश्मीर मुद्दा उठाने के लिए पाकिस्तान पर पलटवार करते हुए कहा कि जिस देश ने अल-कायदा के पूर्व सरगना ओसामा बिन लादेन को सुरक्षित पनाहगाह दी और अपने पड़ोसी देश की संसद पर हमला किया, उसे संयुक्त राष्ट्र की शक्तिशाली संस्था में उपदेश देने का कोई अधिकार नहीं है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने बुधवार को संशोधित बहुपक्षवाद पर परिषद की खुली बहस में कश्मीर का मुद्दा उठाया था, जिसके जवाब में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यह कड़ी टिप्पणी आई है। जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की विश्वसनीयता हमारे समय की प्रमुख चुनौतियों, फिर चाहे वह महामारी हो, जलवायु परिवर्तन हो, संघर्ष हो या आतंकवाद हो, के खिलाफ प्रभावी प्रतिक्रिया देने पर निर्भर करती है। संशोधित बहुपक्षवाद पर भारत के अहम कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जयशंकर ने कहा, आज हमारा ध्यान स्पष्ट रूप से बहुपक्षवाद में सुधार की तात्कालिकता पर केंद्रित है। स्वाभाविक रूप से हमारे पास विशेष विचार होंगे, लेकिन कम से कम एक सहमति बन रही है कि इसमें और देरी नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा, हम जब सबसे अच्छे समाधान की खोज करते हैं, तब हमें अपनी बातों से कभी भी इस तरह के खतरों का सामान्ईकरण नहीं करना चाहिए। दुनिया जिसे अस्वीकार्य मानती है, उसे सही ठहराने का सवाल ही नहीं उठना चाहिए। यह निश्चित रूप से राज्य प्रायोजित सीमापार आतंकवाद के मुद्दे पर भी लागू होता है। न तो ओसामा बिन लादेन को सुरक्षित पनाहगाह देना और न ही पड़ोसी देश की संसद पर हमला करना, इस परिषद के सामने उपदेश देने की प्रमाणिकता के रूप में काम कर सकता है। जयशंकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की भारत की वर्तमान अध्यक्षता के तहत आतंकवाद और संशोधित बहुपक्षवाद पर दो प्रमुख कार्यक्रमों की अध्यक्षता करने के लिए मंगलवार को यहां पहुंचे। 15 देशों के शक्तिशाली निकाय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के निर्वाचित सदस्य के रूप में भारत का दो साल का कार्यकाल इस महीने समाप्त होने वाला है। विदेश मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बनाए रखना : संशोधित बहुपक्षवाद के लिए नया अभिविन्यास विषय पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की खुली बहस की अध्यक्षता की, जो 15 देशों वाले परिषद में भारत की अध्यक्षता में आयोजित एक हस्ताक्षर कार्यक्रम है। बहस के लिए सूचीबद्ध 60 से अधिक वक्ताओं में भुट्टो शामिल थे, जिन्होंने अपने संबोधन में कश्मीर मुद्दा उठाया। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज उस समय बहस की अध्यक्षता कर रही थीं, जब भुट्टो परिषद में अपनी बात रख रहे थे। बाद में बहस की अध्यक्षता कर रहे जयशंकर ने भुट्टो की टिप्पणियों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने अमेरिका में 11 सितंबर 2001 को हुए आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड बिन लादेन का जिक्र किया, जो पाकिस्तान के एबटाबाद शहर में रह रहा था और मई 2011 में अमेरिकी नौसैनिकों की कार्रवाई में मारा गया था। पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और जैश-ए-मोहम्मद (जेएम) के आतंकवादियों ने 2001 में भारत के संसद परिसर पर हमला किया था, जिसमें नौ लोग मारे गए थे। पांच अगस्त 2019 को भारत द्वारा जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने के लिए संविधान के अनुच्छेद-370 को निरस्त करने के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। भारत के फैसले पर पाकिस्तान ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की, उसने राजनयिक संबंध घटा दिए और भारतीय दूत को निष्कासित कर दिया। भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से स्पष्ट रूप से कहा है कि अनुच्छेद-370 को खत्म करना उसका आंतरिक मामला है। भारत ने पाकिस्तान को वास्तविकता को स्वीकार करने और भारत विरोधी सभी दुष्प्रचार बंद करने की सलाह भी दी है।

# फ्रांस, ब्रिटेन का संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थाई सदस्यता का फिर समर्थन

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**फ्रांस और** ब्रिटेन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत की स्थाई सदस्यता का एक बार फिर समर्थन किया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा तथा बहुपक्षीय सुधार के लिए नई दिशा विषय पर खुली बहस के दौरान संयुक्त राष्ट्र में फ्रांस के राजदूत निकोलस डी. रिविएरे ने कहा, फ्रांस स्थाई सदस्यों के रूप में जर्मनी, ब्राजील, भारत और जापान की उम्मीदवारी का समर्थन करता है। वह स्थाई एवं गैर-स्थाई दोनों सदस्यों के बीच अफ्रीकी देशों की मजबूत उपस्थिति भी देखना चाहता है। इस बैठक की अध्यक्षता विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने की। रिविएरे ने कहा कि सुरक्षा परिषद हमेशा हमारे सामूहिक सुरक्षा ढांचे का मुख्य आधार रहेगा। ब्रिटेन के राजदूत बारबरा वुडवर्ड ने कहा कि ब्रिटेन के विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली ने इस सप्ताह सार्वजनिक रूप से यह बात दोहराई थी कि हम ब्राजील, जर्मनी, भारत तथा जापान की स्थाई सदस्यता और अफ्रीकी देशों की स्थाई उपस्थिति का समर्थन करते हैं। वुडवर्ड ने इस बात पर जोर दिया कि दुनिया 1945 के मुकाबले अब काफी बदल गई है, जब संयुक्त राष्ट्र की स्थापना की गई थी। यह उचित है कि हम इस बात पर विचार करें कि संयुक्त राष्ट्र और बहुपक्षीय व्यवस्था कैसे विकसित होनी चाहिए।

## नीरव मोदी को प्रत्यर्पण आदेश के खिलाफ ब्रिटेन के उच्चतम न्यायालय में अपील की अनुमति नहीं मिली

भाषा। लंदन

**भगोड़े हीरा** व्यापारी नीरव मोदी को बृहस्पतिवार को उसके प्रत्यर्पण के खिलाफ कानूनी लड़ाई में तब एक और झटका लगा जब लंदन स्थित उच्च न्यायालय ने उसके प्रत्यर्पण आदेश के खिलाफ उसे ब्रिटेन के उच्चतम न्यायालय में अपील करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। नीरव मोदी धोखाधड़ी और धनशोधन के आरोप में मुकदमे का सामना करने के लिए भारत में वांछित है। लंदन में रॉयल कोर्ट्स ऑफ जस्टिस में न्यायमूर्ति जेरेमी स्टुअर्ट-स्मिथ और न्यायमूर्ति रॉबर्ट जे ने फैसला सुनाया कि अपीलकर्ता की उच्चतम न्यायालय में अपील करने की अनुमति के अनुरोध वाली अर्जी खारिज की जाती है। यह फैसला 51 वर्षीय हीरा व्यापारी की अपील दायर करने की दाखिल अर्जी पर भारत सरकार की ओर से ब्रिटेन की क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस द्वारा जवाब दायर करने के करीब एक सप्ताह बाद आया।

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client Yes bank Ltd. that Mr. Suresh Kumar Gangwani is owner of Residential Plot bearing no. 138 land area measuring 291.67 sq. yds. in Block No. A, in the layout plan of C.P.W.D. Govt. Servants C.H.B.S. Ltd. situated at Shakurpur and Seelam Pur Majra, Madipur Pitampura Delhi; hereinafter referred to as the "said property", vide a will dated 16.05.2014, executed by Mr. Tota Ram Gangwani and registered disclaimer deed dated 28.02.2018, Registration No. 275, executed by Mrs. Anuradha Mehta, Mrs. Kamal Pinyani, Mrs. Nisha Bhambhani alias Anita Bhambhani and Mrs Shnata Ramrakhiani, all legal heirs of late Mr. Tota Ram Gangwani. All persons are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said property to Mr. Vikas Rana or his nominee who is taking a Loan from our client for purchase of the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owners over the said property, or the said property its Sale/Mortgage/Litigation, and any kind of dispute, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

# कमिशन ऑन द स्टेटस ऑफ वीमेन से ईरान को बाहर करने के प्रस्ताव पर मतदान में शामिल नहीं हुआ भारत

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**भारत, लैंगिक** समानता व महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने से संबंधित वैश्विक अंतर सरकारी निकाय से ईरान को बाहर करने के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद के एक मसौदा प्रस्ताव पर मतदान के दौरान अनुपस्थित रहा। ईरान में महिलाओं के उत्पीड़न का हवाला देते हुए उसे कमिशन ऑन द स्टेटस ऑफ वीमेन के 2022-2026 के शेष कार्यकाल से हटाने के अमेरिका द्वारा पेश एक मसौदा प्रस्ताव को आर्थिक एवं सामाजिक परिषद ने बुधवार को स्वीकार किया। प्रस्ताव को आठ के मुकाबले 29 रिकार्ड मतों से स्वीकार किया गया। प्रस्ताव का विरोध करने वालों में बोलीविया, चीन, कजाकिस्तान, निकारागुआ, नाइजीरिया, ओमान, रूस, जिम्बाब्वे शामिल थे जबकि बांग्लादेश, भारत, इंडोनेशिया, मॉरीशस, मैक्सिको और थाईलैंड सहित 16 देशों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। कमिशन ऑन द स्टेटस ऑफ वीमेन के 2022-2026 के शेष कार्यकाल से ईरान को हटाने के मसौदे के जरिए आर्थिक एवं सामाजिक परिषद ने सितंबर 2022 से ईरान सरकार द्वारा की गई कार्वाइयों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। मसौदे में कहा गया कि ईरान ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सहित महिलाओं के मानवाधिकारों का लगातार हनन किया। प्रस्ताव के जरिए कमिशन ऑन द स्टेटस ऑफ वीमेन के 2022-2026 के शेष कार्यकाल से ईरान को तत्काल प्रभाव से हटाने का फैसला किया गया।

## अमेरिकी सांसद कृष्णमूर्ति ने भारत के खिलाफ आक्रामकता के लिए चीन की आलोचना की

भाषा। वाशिंगटन

**भारतीय**-अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने बुधवार को भारत के खिलाफ चीन की हालिया आक्रामकता की आलोचना की और अमेरिका के भारत के साथ काम करना जारी रखने की जरूरत पर जोर दिया। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल में संसद में एक बयान में कहा था कि चीनी सैनिकों ने नौ दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर के यांग्त्से क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर यथास्थिति को एकतरफा बदलने की कोशिश की, लेकिन भारतीय सेना ने अपनी दृढ़ एवं साहसिक प्रतिक्रिया से उन्हें पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया। कृष्णमूर्ति ने एक बयान में कहा, मैं चीनी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा अपने सशस्त्र बलों के माध्यम से भारतीय सीमा का उल्लंघन कर आक्रामकता के उनके हालिया प्रदर्शन के बारे में जानकर निराश हूं।

# हांगकांग लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारी पर हमला: चीन ने ब्रिटेन से अपने छह राजनयिकों को वापस बुलाया

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन के** विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली ने बृहस्पतिवार को बताया कि चीन सरकार ने ब्रिटेन के मैनचेस्टर स्थित चीनी वाणिज्य दूतावास में हांगकांग लोकतंत्र समर्थक एक प्रदर्शनकारी पर हमले के बाद एक चीनी महावाणिज्यदूत और पांच अन्य कर्मचारियों को वापस बुला लिया है। क्लेवरली ने बृहस्पतिवार को बताया कि ब्रिटिश पुलिस प्रदर्शनकारी बॉब चेन पर हुए हमले के सिलसिले में इन छह अधिकारियों से पूछताछ करना चाहती थी। बॉब चेन ने आरोप लगाया है कि अक्टूबर में शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन के दौरान कुछ नकाबपोश लोग वाणिज्य दूतावास की इमारत से बाहर आए और उन्हें खींचकर दूतावास परिसर में ले गए, जहां उनके साथ मारपीट की गई। पुलिस ने बताया कि मौके पर मौजूद अधिकारियों के दखल के बाद चेन को बचाया गया। चेन के मुंह और पीठ पर चोटें आई हैं। क्लेवरली ने बताया कि ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय ने इन अधिकारियों को मिली राजनयिक छूट वापस लेने का चीन से आग्रह किया था, ताकि उनसे पूछताछ की जा सके। उन्होंने कहा, इस अनुरोध के जवाब में चीनी दूतावास ने चीन के निर्देश पर जानकारी दी कि मैनचेस्टर के महावाणिज्यदूत की तैनाती का कार्यकाल पूरा हो गया है और वह चीन लौट आए हैं। उन्होंने बताया कि अन्य कर्मचारी भी या तो ब्रिटेन से जा चुके हैं या जल्द जाने वाले हैं। वहीं चेन ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा, मैनचेस्टर में चीन के वाणिज्य दूतावास के कर्मचारियों द्वारा किए हमले को दो महीने हो गए हैं।

## नेपाल-भारत संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास करेंगे

**काठमांडू।** भारत और नेपाल दोनों देशों की सेनाओं के बीच दोस्ताना संबंध को और मजबूत बनाने के लिए शुक्रवार से 16 वां संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास सूर्य किरण का आयोजन करेंगे। सैन्य अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए भारतीय सेना का दल नेपाल पहुंचा। यह अभ्यास भारत-नेपाल सीमा के पास रूपनदेही के सालझंडी में होगा। काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने बुधवार को ट्वीट किया, भारतीय सेना का दल 16वां भारत-नेपाल सैन्य अभ्यास सूर्य किरण में हिस्सा लेने के लिए आज नेपाल के सालझंडी पहुंचा। यह अभ्यास पेशेवर अनुभवों को आपस में साझा करने और दोनों देशों की सेनाओं के बीच दोस्ती को मजबूत बनाने के लिहाज से एक प्रतिमान है।

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Ravindra Jain @ Ravinder Kumar Jain is the owner of Built-up Property bearing No. C-121/14, area measuring 33 Sq.,Yds., out of Khasra No. 188, Situated in the area of Village Chauhan Khadar, in the abadi of Bhagat Singh Colony, New Usman Pur, Illaqa Shahdara, Delhi, by virtue of a Sale Deed dated 03.03.2022, Doc. No. 462. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to mortgage the said property and intend to obtain a loan from our client with the name of Mr. Raj Kumar Shah against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owners over the said property, its mortgage/ litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

PUBLIC NOTICE
Public notice to be known to all that, I Sujeet Kumar S/o Shri Hare Ram Singh R/o DDA MIG Flat No.51-B, First Floor, Site-II, Pocket-6, Dwarka Ph-1, New Delhi-45, are the owners of DDA MIG Flat No.51-B, First Floor, Site-II, Pocket-6, Dwarka Ph-1, New Delhi-110045, has applied conversion of aforesaid property from lease hold to free hold in DDA. The original (1) Possession Letter (2) NOC for Water & Electricity Connection issued by DDA of the above said flat have been lost, An FIR / NCR No.LR1081973/2022, Date 14 Dec. 2022. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contract with above named person at above address/phone no.9891196231, within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director LAB(H) MIG, D-Block, Second Floor, or Director (H) MIG, DDA Vikas Sadan INA, New Delhi-110023.

SALE NOTICE
The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS ISHAR KHAN, CS (COMM) NO. 2441/21 | Vehicle No. DL8CAF8216, Make and Model- RENAULT DUSTER, Manu Year- 2014 |
| ICICI BANK LTD VS SALEEM , CS No. 50/22 (DJ No. 1564/17 | Vehicle No. DL1ZA1981, Make and Model- HONDAAMAZE, Manu Year- 2016 |
| ICICI BANK LTD VS SANCHIT, CS(Comm) - 785/2019 | Vehicle No. UP14GT1840, Make and Model- MARUTICELERIO, Manu Year- 2017 |
| ICICI BANK LTD VS VIMLESH PRASAD, CS (Comm.) No. 2784/19 | Vehicle No. HR51BM1959, Make and Model- HYUNDAI MOTORS LTD CRETA, Manu Year- 2016 |

**Auction Date: December 26, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:-** Godara Yard, Khewat No.166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec- 17, Sukhrali, Gurugram- 122022
**Contact Person- Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS ASLAM KHA, CS(Comm) No.3444 of 2021 | Vehicle No.UP14HT7751, Make and Model- ASHOK LEYLAND LTDPARTNER, Manu Year- 2019 |

Auction Date: **December 26, 2022** From 11:00 am to 2:00 pm.
Place of Auction: Mahakal Parking yard,Khasra No 527 Village Banthla Near Indane Gas Plant Loni Ghaziabad-UP, 201102
Contact Person- Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS AKSHAY GIRI, OA 494/2019, IA 2240/2019 | Vehicle No. UP14GT8288, Make and Model- SWARAJ MAZDA LTDSAMRAT, Manu Year-2017. Reserve Price- 2,25,000/-, EMD- 22,500/- |

**Auction Date: January 02, 2023 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:-** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec- 17, Sukhrali, Gurugram- 122022
**Contact Person- Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

**Terms of Sale**
The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents to participate in the auction.
Successfully bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT.
The intending bidders may visit **ICICI Bank Ltd, Shal Towers, Plot No. 23, New Rohtak Road Karol Bagh Delhi- 110005** for details and inspection of the said hypothecated vehicles.

# फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख से सहमा बाजार

भाषा। मुंबई

## सैंसेक्स 879 अंक टूटकर 62,000से नीचे




**घरेलू शेयर** बाजारों में बृहस्पतिवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स करीब 879 अंक लुढ़क गया। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा नीतिगत दरें बढ़ाने तथा आगे आक्रामक रुख के संकेतों के साथ वैश्विक बाजारों में गिरावट के बीच दोनों प्रमुख मानक सूचकांक...सेंसेक्स और निफ्टी नुकसान में रहे। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 878.88 अंक यानी 1.40 प्रतिशत का गोता लगाकर 61,799.03 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 245.40 अंक यानी 1.32 प्रतिशत टूटकर 18,414.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में टेक महिंद्रा सबसे ज्यादा 3.98 प्रतिशत नीचे आया। इसके अलावा इन्फोसिस, टाइटन, एचडीएफसी, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक, टाटा स्टील और टीसीएस प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। केवल दो शेयर एनटीपीसी और सन फार्मा 0.08 प्रतिशत तक लाभ में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख ने बाजार को चौंकाया है क्योंकि निवेशक मुद्रास्फीति का आंकड़ा उम्मीद से बेहतर रहने से उदार रुख की उम्मीद कर रहे थे। उन्होंने कहा, फेडरल रिजर्व के बयान के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी की आशंका से घरेलू बाजार में आईटी शेयरों की अगुवाई में बिकवाली ने निराशा का माहौल पैदा किया। बाजार को अब बैंक ऑफ इंग्लैंड (बीओई) और यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) के फैसलों की प्रतीक्षा है। ए दोनों भी नीतिगत दर आधा प्रतिशत बढ़ा सकते हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने उम्मीद के अनुरूप प्रमुख नीतिगत दर में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि की और साथ में यह भी संकेत दिया कि महंगाई को काबू में लाने के लिए आने वाले दिनों में ब्याज दर में और वृद्धि की जा सकती है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने ब्याज दर को बढ़ाकर 4.25-4.50 प्रतिशत कर दिया है। यह 15 साल का उच्चस्तर है। कोटक सिक्योरिटीज लि. के इक्विटी शोध प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के बयान के बाद बाजार में भारी बिकवाली हुई। निवेशकों ने बैंक, आईटी, धातु और रियल्टी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली की। उन्होंने कहा, फेडरल रिजर्व के अगले साल भी नीतिगत दर में वृद्धि के संकेत से बाजार को निराशा हुई है। इससे पहले से प्रभावित बाजार धारणा पर प्रतिकूल असर पड़ा और फलस्वरूप निवेशकों ने निवेश घटाया। एशियाके अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी शेयर बाजार बुधवार को नुकसान में रहे थे।

इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.77 प्रतिशत घटकर 82.06 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक बुधवार को शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने 372.16 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे।

# चालू और अगले साल 10-12 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा एनबीएफसी क्षेत्र : रिपोर्ट

भाषा। मुंबई

**खुदरा** ऋण देने वाली कंपनियों के साथ गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की मौजूदा और अगले वित्त वर्ष में कर्ज वृद्धि 10-12 प्रतिशत रह सकती है। इसके अलावा उनकी लाभप्रदता में भी 0.50 प्रतिशत के सुधार की उम्मीद है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया इक्रा रेटिंग्स की रिपोर्ट के मुताबिक, खुदरा क्षेत्र पर केंद्रित एनबीएफसी की वृद्धि 12 से 14 प्रतिशत के बीच रह सकती है। वहीं आवास वित्त कंपनियां (एचएफसी) 10 से 12 प्रतिशत की दर से वृद्धि कर सकती हैं। यह अनुमान परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार और कर्ज की मांग में कुल वृद्धि पर आधारित है। हालांकि, 25 लाख करोड़ रुपए के शैडो बैंकिंग क्षेत्र में एक-चौथाई हिस्सेदारी रखने वाले सूक्ष्म वित्त और व्यक्तिगत ऋण की तीव्र गति से वृद्धि जारी रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया कि चालू वित्त वर्ष में क्षेत्रवार लाभप्रदता में 0.40-0.50 प्रतिशत का सुधार आ सकता है और इसकी वजह स्थिर मार्जिन तथा कर्ज लागत में कमी होगी। यह लाभप्रदता महामारी-पूर्व के स्तर पर पहुंच जाएगी। विभिन्न उप-क्षेत्रों में वृद्धि व्यापक होगी लेकिन यह सबसे ज्यादा सूक्ष्म वित्त और व्यक्तिगत कर्ज में होगी। इसके अलावा वाहन वित्त कर्ज (वाणिज्यिक वाहन वित्त, यात्री वाहन वित्त) में 2019-20 से नरमी बनी हुई थी लेकिन अब इस क्षेत्र में भी अच्छी वृद्धि रहने की उम्मीद है। इक्रा रेटिंग्स के उपाध्यक्ष एवं क्षेत्र प्रमुख (वित्तीय क्षेत्र) मनुश्री सागर ने कहा एनबीएफसी तथा एचएफसी का वितरण लगातार तीन तिमाहियों में महामारी से पहले के स्तर से अधिक रहा है जो इस बात का संकेत है कि उद्योग का मुश्किल समय बीत चुका है। उएनबीएफसी-एचएफसी के लिए 2022-23 में वृद्धि परिदृश्य 10 से 12 प्रतिशत रहने वाला है।

## इसुजु आई केयर विंटर कैम्प चलाएगा

**नई दिल्ली।** इसुजु मोटर्स इंडिया पूरे देश में इसुजु आई केयर विंटर कैम्प चलाएगा। यह कैम्प कंपनी की इसुजु डी-मैक्स पिकअप्स और एसयूवी रेंज के लिये है। इस सर्विस कैम्प का उद्देश्य ग्राहकों को बेहतरीन लाभ और देशभर में इस मौसम में परेशानी मुक्त ड्राइविंग का अनुभव प्रदान करने के लिये प्रीवेंटिव मेंटेनेंस चेक्स प्रदान करना है। 16 दिसंबर से 31 दिसंबर दोनों दिन शामिल, के बीच इसुजु केयरकी एक पहल विंटर कैम्प का इंतजाम इसुजु के सभी अधिकृत डीलर सर्विस आउटलेट्स पर किया जायेगा। इस अवधि के दौरानए ग्राहक अपने वाहनों के लिये विशेष ऑफर्स और लाभ भी ले सकते हैं। इसुजु की सभी अधिकृत सर्विस फैसिलिटी पर यह आयोजित किया जायेगा। सर्विस बुकिंग के लिये ग्राहक नजदीकी इसुजु डीलर आउटलेट पर कॉल कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये ग्राहक 1800 4199 188 टोल फ्री पर संपर्क कर सकते हैं।

## डीलशेयर ने कमलदीप सिंह को बनाया प्रेज़ीडेन्ट रीटेल बिज़नेस

**मुंबई।** भारत के अग्रणी सोशल ई.कॉमर्स प्लेयर डीलशेयर ने कमलदीप सिंह को प्रेज़ीडेन्ट रीटेल नियुक्त करने की घोषणा की है। कमलदीप के पास रीटेल उद्योग में 20 साल से अधिक का अनुभव है। कंपनी में वे रीटेल कारोबार का नेतृत्व करेंगे और उपभोक्ताओं को बेहतर अनुभव प्रदान करने एवं कंपनी के विकास को सुनिश्चित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ रीटेल प्रथाओं को बढ़ावा देंगे। कमलदीप सिंह बिग बाज़ार के पूर्व सीईओ के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके हैं, जहां वे रीटेल संचार, संगठन में बदलाव और कारोबार रणनीति के निष्पादन की ज़िम्मेदारी संभाल रहे थे। उनके पास भारतीय उपभोक्ताओं के व्यवहार, सोर्सिंग संगठन के निर्माणए ब्राण्ड्स के नेटवर्क के विस्तार का व्यापक अनुभव है, ऐसे में डीलशेयर के विकास के अगले चरण के लिए पूरी तरह से फिट बैठते हैं।

## महिला उद्यमियों को ऑनबोर्ड करने की योजना

**नई दिल्ली।** महिला उद्यमिता मंच 3.0 के लिए डिजाइन थिंकिंग वर्कशॉप गत दिनों आयोजित की गई। डब्ल्यूइपी को पूरे स्पेक्ट्रम में संभावित और मौजूदा महिला उद्यमियों की अपूर्ण जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह महिला उद्यमियों के अखिल भारतीय के लिए सूचना विषमता और विविध आवश्यकताओं को संबोधित करने के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी के साथ एक अनूठा एग्रीगेटर मंच है। एक एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म के रूप मेंए ॅम्च् महिला उद्यमियों के लिए प्रासंगिक जानकारी और सेवाओं की मेजबानी करता है। यह उद्योग में ट्रेलब्लेज़र से अपने उपयोगकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण सामग्रीए कार्यशालाओं, अभियानों और सीखने और विकास के अन्य रास्ते लाने के लिए महत्वपूर्ण साझेदारी को सक्षम बनाता है। इसकी साझेदारी के माध्यम सेए 6 मुख्य फोकस क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान की जाती है। इस अवसर पर सुश्री अन्ना रॉय, वरिष्ठ सलाहकार नीति आयोग और की डब्ल्यूइपी के मिशन निदेशक ने कहा कि भारत में कुल उद्यमियों में महिला उद्यमियों की संख्या केवल 13.76 प्रतिशत है , कुल 58.5 मिलियन उद्यमियों में से केवल 8.05 मिलियन महिलाएं हैं।

# सिंधिया ने मुंबई, सैन फ्रांसिस्को के बीच एयर इंडिया की सीधी उड़ान को दिखाई हरी झंडी




भाषा। नई दिल्ली

**नागर** विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मुंबई से सैन फ्रांसिस्को के बीच एयर इंडिया की पहली सीधी उड़ान को बृहस्पतिवार को हरी झंडी दिखाई। इस उड़ान सेवा का परिचालन हफ्ते में तीन दिन होगा। टाटा समूह ने इस वर्ष जनवरी में एयर इंडिया का अधिग्रहण किया था। उसके बाद से एयरलाइन अपनी सेवाओं और बेड़े का विस्तार करने की दिशा में निरंतर काम कर रही है। उड़ान सेवा शुरू करने के बाद सिंधिया ने कहा कि देश का नागर विमानन क्षेत्र परिवर्तन और वृद्धि की दिशा में बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, हमें और बढ़ावा, मजबूती और गति देने की जरूरत है। पिछले महीने, एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने कहा था कि एयरलाइन घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाकर 30 फीसदी तक करेगी।

## श्रमिकों की चिकित्सा सेवाओं तक सुगम पहुंच बनाने के लिए काम कर रही सरकार: श्रम मंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ऐसी अवसंरचना बनाने पर ध्यान दे रही है जिसमें श्रमिकों की चिकित्सा सेवा तक सुगम पहुंच हो। श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव ने बृहस्पतिवार को यह कहा। यादव नई दिल्ली के रोहिणी स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। श्रम मंत्रालय के बयान के मुताबिक श्रम मंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना समाज की सेवा करने का सबसे अच्छा तरीका है।

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी
[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]
अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा अचल आस्तियों की बिक्री हेतु यह ई-नीलामी बिक्री सूचना (दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित अधोवर्णित समूह के संबंध में) डीएचएफएल तथा निम्नलिखित कर्ज़दार(रों) के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत जारी की जा रही है। एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्ज़दार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल संपत्ति जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, जैसी है जहाँ है', जैसी है जो भी है तथा 'जो भी है वहाँ है आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी।

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्रीमती मनोरमा देवी (कर्ज़दार), श्री राकेश कुमार (सह-कर्ज़दार) QZDWA00005021560 | डीडीए जनता फ्लैट नंबर-198, तीसरी मंज़िल, पॉकेट-7, फेज-1, नासिर पुर, द्वारका, दिल्ली, क्षेत्रफल 236.81 वर्गफीट | रु. 15,25,884/- (दिसंबर 12, 2022 तक) | रु. 10,50,000/- / रु. 1,05,000/- | जनवरी 02, 2023 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | जनवरी 09, 2023 को सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था मैसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड की, वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **जनवरी 07, 2023** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में **जनवरी 07, 2023** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित **जनवरी 07, 2023** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **जनवरी 07, 2023** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।
सम्पति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9599281817/ 8584874809.** पर संपर्क करे।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. मैसर्स नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओगीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।
बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।

तिथि : दिसंबर 16, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# शुभेंदु के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने संबंधी याचिका पर न्यायालय का सुनवाई से इनकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल सरकार की उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें राज्य के पश्चिम बर्धमान जिले में एक कंबल वितरण कार्यक्रम में मची भगदड़ के मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया गया था। शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार से कहा कि वह अपनी उस याचिका के साथ कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का रुख करे, जिसमें उच्च न्यायालय की एकल न्यायाधीश पीठ के पहले के आदेश को संशोधित करने का अनुरोध किया गया है। एकल पीठ ने राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता अधिकारी के खिलाफ कोई भी प्राथमिकी दर्ज करने पर ैपूर्ण रोकै लगाई थी।

राज्य सरकार की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ए. एम. सिंघवी ने प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा की पीठ से कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत में एक अपील इस तथ्य के कारण दायर की गई है कि संबंधित उच्च न्यायालय के न्यायाधीश उपलब्ध नहीं हैं और न्यायिक कार्य के लिए पोर्ट ब्लेयर में हैं। शीर्ष अदालत ने आदेश में कहा, कलकत्ता उच्च न्यायालय की एकल न्यायाधीश पीठ द्वारा एक निर्देश जारी किया गया था। एकल न्यायाधीश कलकत्ता में न्यायिक कार्य के लिए उपलब्ध नहीं हैं। यह प्रस्तुत किया गया है कि इस अदालत के समक्ष एक विशेष अनुमति याचिका शुरू की जानी है। यदि एकल न्यायाधीश उपलब्ध नहीं हैं, तो भी याचिकाकर्ता के पास निर्देश के लिए उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का रुख करने का विकल्प है।

सिंघवी ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का रुख करने की स्वतंत्रता के साथ याचिका वापस ले ली। हाल में, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अधिकारी की दलीलों पर गौर किया था और राज्य पुलिस द्वारा उनके खिलाफ दर्ज की गई लगभग 17 प्राथमिकियों पर रोक लगा दी थी। उच्च न्यायालय ने राज्य पुलिस को निर्देश दिया था कि वह उसकी पूर्व अनुमति के बिना अधिकारी के खिलाफ कोई प्राथमिकी दर्ज न करे। उच्च न्यायालय के इस आदेश में संशोधन के लिए राज्य सरकार ने अदालत का रुख किया था। सिंघवी ने कहा, हम एक प्राथमिकी दर्ज करने की स्वतंत्रता चाहते हैं। उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश द्वारा एक व्यापक संरक्षण प्रदान किया गया है। हम प्राथमिकी भी दर्ज नहीं कर सकते हैं। पश्चिम बर्धमान जिले में कंबल वितरण कार्यक्रम में बुधवार को भगदड़ मचने से तीन लोगों की मौत हो गई थी। जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन अधिकारी सहित भाजपा नेताओं ने किया था।

# लोकसभा व विस चुनाव एक साथ कराने से पैसों की बचत होगी : सरकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कहा कि चुनाव बड़े बजट वाले और खर्चीले हो गए हैं और लोकसभा व विधानसभा चुनाव एक साथ कराने से पैसों की बचत होगी। विधि और न्याय मंत्री किरेन रीजीजू ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं के चुनाव साथ-साथ कराए जाने की आवश्यकता महसूस की गई है क्योंकि चुनाव बड़े बजट वाले और खर्चीले हो गए हैं। विधि आयोग ने अपनी एक रिपोर्ट में शासन में स्थिरता के लिए लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव साथ-साथ कराने का सुझाव दिया है। रीजीजू ने कहा कि एक साथ निर्वाचन कराने से सरकारी खजाने में भारी बचत होगी वहीं बार-बार चुनाव कराने में प्रशासनिक और विधिक व्यवस्था तंत्र के प्रयासों की पुनरावृत्ति से बचा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही राजनैतिक दलों तथा उम्मीदवारों को उनके चुनाव अभियानों में भी काफी बचत होगी तथा चुनावों के दौरान आदर्श आचार संहिता के लंबे समय तक लागू रहने के कारण पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव पर भी रोक लगेगी।



जम्मू में बीएसएफ के जवान भारत-पाकिस्तान बार्डर पर पोट्रोलिंग करते हुए।

# मोदी और शाह का गृह राज्य होने के कारण गुजरात चुनाव में भाजपा जीतीः कमलनाथ

**छिंदवाड़ा (मप्र)।** कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि हाल के गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा इसलिए जीती है, क्योंकि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह दोनों का गृह राज्य है जिससे उस राज्य के मतदाता प्रभावित हुए। भाजपा ने गुजरात में शानदार जीत दर्ज की है। भाजपा ने विधानसभा की कुल 182 सीट में से 156 जीती है, जबकि कांग्रेस केवल 17 सीट पर सिमट गई। गुजरात में दो चरण में एक और पांच दिसंबर को मतदान हुआ था और आठ दिसंबर को परिणाम आया था।

एक सवाल के जवाब में कमलनाथ ने यहां संवाददाताओं से कहा, गुजरात मोदीजी और अमित शाह जी दोनों का गृह राज्य है। उससे उस राज्य के मतदाता प्रभावित हुए, जिसके कारण वहां भाजपा जीती है। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ अपने बेटे और छिंदवाड़ा से कांग्रेस के लोकसभा सदस्य नकुलनाथ के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए यहां आए हुए थे। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा राज्य के विभिन्न हिस्सों में अपने दौरे के दौरान मंच से अधिकारियों को निलंबित करने की घोषणा के बारे में पूछे जाने पर कमलनाथ ने इसे नाटक करार दिया।

उन्होंने कहा, यह नाटक-नौटंकी है और कुछ नहीं। दिखाने के लिए वह अधिकारियों को निलंबित करने की मंच से घोषणा करते हैं, लेकिन क्या उन्होंने उन्हें कागजों पर निलंबित कर दिया है? कमलनाथ ने आरोप लगाया कि चौहान मीडिया में सुर्खियां बटोरने के लिए मंच से अधिकारियों को निलंबित करने की घोषणा कर रहे हैं। इस महीने की शुरुआत में चौहान ने आदिवासी बहुल बैतूल जिले में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया था।

# कोई भी राजनीतिक तौर पर मुझे खत्म नही कर सकताः एदि

**भाषा।** बेंगलुरु/कोप्पल

**कर्नाटक में** भाजपा के कद्दावर नेता बी.एस. एदियुरप्पा ने पार्टी में नजरअंदाज किए जाने की खबरों को बृहस्पतिवार को खारिज करते हुए कहा कि वह खुद शक्तिशाली हैं और कोई भी उन्हें राजनीतिक तौर पर खत्म नहीं कर सकता। इस बीच, मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने अपने पूर्ववर्ती एदियुरप्पा के साथ मतभेदों की खबरों को खारिज कर दिया। कोप्पल जिला मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और बोम्मई के साथ एक कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद वहां से रवाना होने से पहले एदियुरप्पा ने पत्रकारों से कहा, इस बात में कोई सच्चाई नहीं है कि मुझे नजरअंदाज किया जा रहा है। मैं सभी कार्यक्रमों में शिरकत कर रहा हूं।

एदियुरप्पा के करीबी सूत्रों के अनुसार पहले उन्होंने कोप्पल में हुए कार्यक्रम में शिरकत नहीं करने का फैसला लिया था। बृहस्पतिवार सुबह उन्होंने कहा कि वह कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। एदियुरप्पा कहा कि उन्हें आमंत्रित करने की कोई जरूरत नहीं थी क्योंकि पार्टी के कार्यक्रमों में शिरकत करना उनका कर्तव्य है। एदियुरप्पा से पूछा गया कि क्या वह इसलिए वहां नहीं जाना चाहते थे क्योंकि उन्हें आखिर तक निमंत्रण नहीं मिला था। इसपर उन्होंने कहा, इसमें कोई सच्चाई नहीं है। कल मैं इस स्थिति में नहीं था कि वहां जा सकूं। क्योंकि मुझपर कार्यक्रम में शरीक होने का दबाव था, इसलिए मैंने शिरकत करने का फैसला किया।

यह पूछे जाने पर क्या उन्हें राजनीतिक रूप से खत्म करने का कोई प्रयास किया जा रहा है तो एदियुरप्पा ने कहा, इसमें कोई सच्चाई नहीं है। मुझे कोई खत्म नहीं कर सकता। मेरे पास ताकत है। मैंने भाजपा को मजबूत बनाया है और पार्टी को सत्ता में लाने के लिए बहुत मेहनत की है। पूरा राज्य यह बात जानता है। उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि वह उन महत्वपूर्ण लोगों में से हैं, जिन्होंने दिन-रात भाजपा के लिए काम किया। इसलिए इन बातों का कोई मतलब नहीं है कि उनकी उपेक्षा की जा रही है।

कोप्पल में पत्रकारों से बात करते हुए एदियुरप्पा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा कर्नाटक में 140 सीट जीतकर सत्ता में वापस आएगी। बोम्मई ने अपने और एदियुरप्पा के बीच किसी भी मतभेद से इनकार किया। मुख्यमंत्री ने कहा, यह सब झूठ है। वह (एदियुरप्पा) हमारे सर्वोच्च नेता हैं। हम उन्हें सबसे आगे रखते हुए अपनी सभी गतिविधियां कर रहे हैं। उनका आशीर्वाद हमारे साथ है। बोम्मई ने कहा कि उनके और एदियुरप्पा के बीच कोई मतभेद नहीं हो सकता। ऐसी बातें करने वालों को निराशा ही मिलेगी। उन्होंने कहा, (एदियुरप्पा के साथ) के साथ मेरा बेटे और पिता का रिश्ता है। इसलिए, कभी भी किसी भी कारण से यह (मतभेद) नहीं होगा। जो इसकी उम्मीद कर रहे हैं उन्हें निराशा ही हाथ लगेगी।

# किरीट सोमैया, उनके बेटे के खिलाफ आईएनएस विक्रांत वित्त मामला बंद

**भाषा।** मुंबई

**मुंबई पुलिस** की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने आईएनएस विक्रांत बचाओ अभियान के तहत जुटाए गए धन की कथित हेराफेरी को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता किरीट सोमैया और उनके बेटे नील के खिलाफ दर्ज धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात के मामले को बंद कर दिया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मामले की जांच करने वाले ईओडब्ल्यू अधिकारियों ने बुधवार को एक स्थानीय अदालत के समक्ष क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की।

सोमैया और कुछ अन्य लोगों पर आरोप था कि उन्होंने सेवा से बाहर किए गए नौसैनिक विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत की मरम्मत के लिए 57 करोड़ रुपए से अधिक धनराशि जुटाई थी। हालांकि, उक्त राशि को महाराष्ट्र के राज्यपाल के सचिव कार्यालय में जमा कराने के बजाय सोमैया ने कथित तौर पर उसकी हेराफेरी की थी।

अधिकारी ने कहा, जांच में पुलिस को सोमैया और उनके बेटे के अपराधी होने के कोई संकेत नहीं मिले, जिसके बाद क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी गई। एक पूर्व सैन्यकर्मी की शिकायत के आधार पर सोमैया और उनके बेटे के खिलाफ ट्रॉम्बे थाने में इस साल अप्रैल में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सैन्यकर्मी ने दावा किया था कि उसने अभियान के लिए वर्ष 2013 में 2,000 रुपए दान किए थे। शिकायतकर्ता ने आईएनएस विक्रांत को बचाने के अभियान के तहत जुटाए गए धन में हेराफेरी का आरोप लगाया था।

# हवाई अड्डे पर दो करोड़ रुपए से अधिक का सोना जब्त किया

**जयपुर।** जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने अलग अलग विमानों से आए दो यात्रियों से दो करोड़ रुपए से अधिक मूल्य का तस्करी का सोना जब्त किया है। विभाग के एक अधिकारी के अनुसार बीती रात दुबई से जयपुर पहुंचे एक यात्री के पास से तीन किलो 497 ग्राम सोना बरामद किया गया जिसकी कीमत एक करोड़ 95 लाख 48230 रुपए आंकी गई हैं। उनके अनुसार यात्री इस सोने को स्पीकर के अंदर छुपा कर लाया था और अब यात्री को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को दुबई से जयपुर पहुंचे एक यात्री के जूते से 254 ग्राम सोना बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि बरामद सोने की बाजार में कीमत 14 लाख 19860 रुपए आंकी गई हैं। उनके अनुसार यात्री से पूछताछ की जा रही है।



नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में हिमांचल प्रदेश के राज्यपाल विश्वनाथ आर्लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करते हुए।

# सीआईसी में 22 हजार से अधिक दूसरी अपील, शिकायतें लंबित

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने बताया कि पांच दिसंबर, 2022 की स्थिति के अनुसार, केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के पास 22,000 से अधिक दूसरी अपील और शिकायतें लंबित हैं। अगर आरटीआई आवेदक अपनी शिकायतों पर सरकारी विभागों की प्रतिक्रियाओं से असंतुष्ट है तो वह दूसरी अपील दायर कर सकता है और सीआईसी उस अपील को या शिकायत को देखता है।

केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि सीआईसी के समक्ष कुल लंबित 22,442 अपीलों में से 19,178 दूसरी अपील और 3,264 शिकायतें थीं। यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार कुछ आरटीआई आवेदकों की निजी जानकारी कथित तौर पर सार्वजनिक किए जाने के मामलों से अवगत है, मंत्री ने कहा कि केंद्र ने समय-समय पर दिशा-निर्देश या कार्यालय ज्ञापन जारी किए हैं कि एक आरटीआई आवेदक की व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा नहीं किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 की धारा 8(1) (जे) में प्रावधान है कि सार्वजनिक सूचना अधिकारियों के लिए नागरिकों को ऐसी कोई भी निजी जानकारी देना अनिवार्य नहीं है, जिसके खुलासे का किसी भी सार्वजनिक गतिविधि से कोई संबंध नहीं है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में सिंह ने कहा कि सूचना आयुक्त और केंद्रीय सूचना आयोग समय-समय पर केंद्रीय लोक सूचना अधिकारियों को अपने आदेशों के तहत आरटीआई अधिनियम, 2005 के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए परामर्श जारी करते हैं।

# गुजरात व केंद्र के प्रयासों से एशियाई शेरों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है : भूपेंद्र यादव

**नई दिल्ली।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कहा कि गुजरात और केंद्र सरकार के प्रयासों से एशियाई शेरों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। यादव ने उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, देश को इस बात का गर्व है कि 100 प्रतिशत एशियाटिक शेर केवल हमारे देश में है। वे सभी गिर के क्षेत्र में हैं। इसमें न केवल गिर क्षेत्र, बल्कि विशेष रूप से सौराष्ट्र, जिसमें जूनागढ़, गिर सोमनाथ, अमरेली, भावनगर, पोरबंदर, जामनगर, सुरेंद्रनगर आदि मिलाकर ऐसी 53 तहसीलों में करीब 30 हज़ार वर्ग किलोमीटर एरिया है। गुजरात सरकार और केंद्र सरकार के द्वारा जो प्रयास किए गए हैं, उन प्रयासों में इन शेरों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। मंत्री ने कहा कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने एक समिति का गठन किया है और इनका प्राकृतिक फैलाव इनके संरक्षण और संवर्द्धन के लिए काफी आवश्यक है।

# पवार को धमकी मामलाः गिरफ्तार युवक बोला-पत्नी के राकांपा कार्यकर्ता के साथ भागने पर उसने ऐसा किया

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अध्यक्ष शरद पवार को टेलीफोन पर कथित तौर पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में गिरफ्तार युवक ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि वह राकांपा कार्यकर्ता के साथ पत्नी के भाग जाने के मामले में पवार द्वारा हस्तक्षेप नहीं किए जाने से नाराज था। उसने बताया कि इसी वजह से इस अपराध को अंजाम दिया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि बिहार जाने से पहले आरोपी युवक पुणे में पत्नी के साथ 10 साल तक रहा। एक अधिकारी ने कहा कि मुंबई पुलिस ने आरोपी को बुधवार को पटना से गिरफ्तार किया। युवक पर आरोप है कि उसने टेलीफोन पर फोन करके पवार को जान से माने की धमकी दी थी। अधिकारी ने कहा, आरोपी युवक को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में पूछताछ के बाद उसे यहां एक अदालत में पेश किया गया जिसने उसे दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

अधिकारी ने कहा कि पूछताछ के दौरान आरोपी युवक ने दावा किया कि बिहार आने से पहले वह पुणे में अपनी पत्नी के साथ 10 साल तक रहा। उसने यह भी दावा किया कि पुणे में रहने के दौरान उसकी पत्नी ने उसे छोड़कर दूसरे व्यक्ति से शादी कर ली जो एक रांकपा कार्यकर्ता है। अधिकारी ने कहा कि आरोपी ने जांचकर्ताओं को बताया कि उसने दक्षिण मुंबई स्थित पवार के आवास पर टेलीफोन पर फोन किया, लेकिन उन्होंने इस मामले में कोई हस्तक्षेप नहीं किया जिसके कारण उसने उन्हें मौत की धमकी दी। पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोपी युवक के दावे की सत्यता की अभी जांच बाकी है और आगे की जांच जारी है।

# जम्मू-कश्मीर में नई भूमि नीति बिना मकसद के नहीः सज्जाद लोन

**भाषा।** श्रीनगर

**पीपुल्स कांफ्रेंस** के प्रमुख सज्जाद लोन ने बृहस्पतिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन की नई भूमि नीति बिना मकसद के नहीं है और यह कश्मीरियों को अलग-थलग करने का प्रयास है। लोन की यह टिप्पणी जम्मू-कश्मीर में भूमि पट्टा धारकों द्वारा सरकार को कब्जा वापस करने के लिए कहे जाने के मद्देनजर आई है। लोन ने एक ट्वीट में कहा, नई भूमि नीति देश के बाकी हिस्सों जैसी नहीं है। यह कश्मीरियों को स्पष्ट रूप से अलग-थलग करने का काला अध्याय शुरू कर सकती है। दुनियाभर में और भारत में किराए के लिए अनुबंध के नियम काफी सरल और समान तर्ज पर हैं। लेकिन कश्मीर में ए अलग हैं और ऐसा बिना मकसद के नहीं हैं। नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने भी सरकार के इस कदम की आलोचना की।

# आगामी कर्नाटक चुनाव की वजह से ईडी मुझे निशाना बना रहीः शिवकुमार

**नई दिल्ली।** कर्नाटक कांग्रेस के नेता डी के शिवकुमार ने बृहस्पतिवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से कहा कि उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले के बाद शुरू की गई एक धन शोधन जांच को जारी नहीं रखा जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि अगले साल मई में होने वाले कर्नाटक विधानसभा चुनाव के कारण प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दो साल के इंतजार के बाद कार्वाई कर रहा है। शिवकुमार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि इस मामले में ना तो कोई संपत्ति जब्त की गई थी और ना ही धन शोधन रोकथाम कानून के संदर्भ में कोई अपराध किया गया था।

न्यायमूर्ति मुक्ता गुप्ता और न्यायमूर्ति पूनम ए बांबा की पीठ के समक्ष दलील देते समय सिब्बल ने सवाल किया कि इस मामले में कार्वाई करने में उन्होंने क्यों दो साल तक इंतजार किया, जबकि वे इन तथ्यों के बारे में वर्ष 2020 में भी जानते थे...क्योंकि मई में चुनाव हैं। अदालत शिवकुमार की याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उन्हें जारी समन समेत पूरी जांच को रद्द करने का अनुरोध किया गया है। ईडी ने वर्ष 2020 में दर्ज इनफोर्समेंट केस इंफॉर्मेशन रिकॉर्ड (ईसीआईआर) के तहत उन्हें यह समन जारी किया है।

उन्होंने ईडी की कार्वाई का कई आधार पर विरोध किया जिसमें यह दलील भी शामिल है कि एजेंसी एक ही अपराध की दोबारा जांच कर रही थी जिसकी जांच यह पूर्व के एक मामले में पहले ही कर चुकी थी जिसे वर्ष 2018 में दर्ज किया गया था। शिवकुमार ने अंतरिम राहत के तहत दंडात्मक कार्वाई से संरक्षण प्रदान करने का अनुरोध किया है। लेकिन ईडी ने याचिका का विरोध करते हुए दावा किया कि दो ईसीआईआर दर्ज की गई है जिनका संबंध दो अलग-अलग मामलों से है और कुछ ऐसे तथ्य हैं जो दोनों मामलों में शामिल हैं।

# सीमा विवादः केंद्र सरकार को फर्जी ट्विटर हैंडल के मास्टरमाइंड का पता लगाना चाहिएः अजित पवार

**मुंबई।** राकांपा नेता अजित पवार ने बृहस्पतिवार को मांग किया कि केन्द्र सरकार महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच सीमा विवाद को लेकर कथित तौर पर तनाव को बढ़ावा देने वाले फर्जी ट्विटर अकाउंट के पीछे के मास्टरमाइंड का पता लगाए। वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के दावों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे कि महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों पर दावेदारी के संबंध में कर्नाटक के मुख्यमंत्री के नाम पर किए जा रहे ट्वीट वास्तव में बसवराज बोम्मई ने नहीं किए हैं। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों से मुलाकात की थी और कहा था कि शीर्ष नेताओं के नाम से किए जा रहे फर्जी ट्वीट के कारण भी मुद्दा बड़ा बन गया है। महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता पवार ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सीमा विवाद का मुद्दा उच्चतम न्यायालय में लंबित है और अगर कर्नाटक के मुख्यमंत्री बोम्मई ने कोई अनुचित टिप्पणी नहीं की होती तो तनाव नहीं बढ़ा होता। महाराष्ट्र के सीमावर्ती गांवों में रहने वाले ग्रामीण विकास की कमी के कारण कर्नाटक में शामिल होने की बात करने लगे। पवार ने कहा, इन फर्जी ट्विटर अकाउंट के मास्टरमाइंड का पता लगाया जाना चाहिए जिनके ट्वीट से भावनाएं आहत हो रही हैं और प्रदर्शन भड़क रहे हैं। राकांपा नेता ने उच्चतम न्यायालय में सीमा विवाद मुद्दे पर महाराष्ट्र का पक्ष रखने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता हरिश साल्वे को नियुक्त करने की बात कही।

# शिवसेना विवादः पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न पर रोक के खिलाफ उद्धव की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की उस याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसमें शिवसेना के नाम और चुनाव चिन्ह के इस्तेमाल पर रोक लगाने के चुनाव आयोग के अंतरिम आदेश के खिलाफ दायर उनकी अर्जी को खारिज करने के एकल न्यायाधीश के निर्णय को चुनौती दी गई थी। उद्धव ने दावा किया कि एकल न्यायाधीश वाली पीठ का 15 नवंबर का फैसला त्रुटिपूर्ण है और इसे रद्द किया जाना चाहिए। इस फैसले के तहत न्यायाधीश ने निर्वाचन आयोग को कार्यवाही में तेजी लाने का निर्देश भी दिया था। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद कहा, हम उपयुक्त आदेश पारित करेंगे।

ठाकरे की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि चुनाव चिन्ह पर रोक लगाने संबंधी आदेश जारी करते समय निर्वाचन आयोग ने उनके मुवक्किल का पक्ष नहीं सुना। उन्होंने कहा, आयोग के इतिहास में कभी किसी पक्ष को सुने बिना कोई आदेश पारित नहीं किया गया है। एकल न्यायाधीश वाली पीठ ने अपने आदेश में कहा था कि पार्टी में फूट के बाद शिवसेना के नाम और चुनाव चिह्न पर रोक लगाने के निर्वाचन आयोग के फैसले में प्रक्रियात्मक उल्लंघन जैसी कोई बात नहीं है।

पीठ ने कहा था कि निर्वाचन आयोग ने उपचुनावों की घोषणा के कारण चुनाव चिह्न के आवंटन की आवश्यकता को देखते हुए यह आदेश पारित किया था और याचिकाकर्ता, जिसने जरूरी दस्तावेज पेश करने के लिए बार-बार समय मांगा, अब न्याय के सिद्धांतों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए आयोग की आलोचना नहीं कर सकता। एकल न्यायाधीश ने अपने आदेश में कहा था, महाराष्ट्र में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल शिवसेना के सदस्यों के बीच फूट है। एक गुट का नेतृत्व एकनाथराव संभाजी शिंदे कर रहे हैं, जबकि दूसरे गुट की कमान उद्धव ठाकरे संभाल रहे हैं। दोनों खुद को मूल शिवसेना का अध्यक्ष बताते हैं और पार्टी के धनुष एवं बाण चुनाव चिन्ह पर दावा जताते हैं।

उद्धव ने अपनी अर्जी में दावा किया है कि पार्टी के नेतृत्व को लेकर कोई विवाद नहीं है और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने खुद स्वीकार किया था कि उद्धव शिवसेना के उचित तरीके से चुने गए अध्यक्ष हैं और बने रहेंगे। उन्होंने दलील दी कि ऐसे में यह नहीं कहा जा सकता कि शिवसेना के दो प्रतिद्वंद्वी गुट हैं।

आठ अक्टूबर को निर्वाचन आयोग ने एक अंतरिम आदेश पारित करते हुए शिवसेना के दोनों गुटों पर अंधेरी प्रूव विधानसभा उपचुनाव में पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न का इस्तेमाल करने पर रोक लगा दी थी। आयोग ने शिंदे द्वारा दायर एक विवाद याचिका पर यह आदेश दिया था। शिंदे ने साल की शुरुआत में उद्धव पर कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के साथ अस्वाभाविक गठबंधन करने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ बगावत का बिगुल फूंक दिया था। राज्य में शिवसेना के 55 में से 40 से अधिक विधायकों ने शिंदे के प्रति समर्थन जताया था, जिसके चलते उद्धव को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था।

# कुलदीप-सिराज ने बांग्लादेश को झकझोरा

## ●स्कोर आठ विकेट पर 133 रन किया

**भाषा**। चटगांव



**निचले क्रम** के बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज ने मिलकर सात विकेट चटकाए जिससे भारत ने गुरुवार को यहां पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में बांग्लादेश का स्कोर आठ विकेट पर 133 रन करके अपना पलड़ा भारी रखा।
कुलदीप यादव (33 रन पर चार विकेट) और सिराज (14 रन पर तीन विकेट) ने बांग्लादेश का स्कोर आठ विकेट पर 102 रन कर दिया था जिसके बाद मेहदी हसन मिराज (नाबाद 16) और इबादत हुसैन (नाबाद 13) ने दूसरे ही दिन बांग्लादेश की पारी को सिमटने से बचाया। दोनों नौवें विकेट के लिए 31 रन जोड़ चुके हैं। बांग्लादेश की टीम अब भी भारत के पहली पारी के 404 रन के स्कोर से 271 रन पीछे है और उसे फॉलोऑन टालने के लिए 72 रन की और दरकार है। इससे पहले रविचंद्रन अश्विन (58) और कुलदीप (40) के बीच आठवें विकेट की 87 रन की साझेदारी से भारत 400 रन से ऊपर का स्कोर खड़ा करने में सफल रहा। कुलदीप ने टेस्ट करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। चेतेश्वर पुजारा (90) भारत की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे जबकि श्रेयस अय्यर ने भी 86 रन की पारी खेली। बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही। सिराज ने पारी की पहली ही गेंद पर बाएं हाथ के बल्लेबाज नजमुल हसन शंटो (00) को विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया।मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी में टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई कर रहे उमेश यादव ने इसके बाद यासिर अली (04) को बोल्ड के बांग्लादेश का स्कोर चौथे ओवर में दो विकेट पर पांच रन किया। लिटन दास (24) ने कुछ आकर्षक शॉट खेले और सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन (20) के साथ मिलकर चाय के विश्राम तक बांग्लादेश को और झटके नहीं लगने दिए। ब्रेक के बाद चौथे ही ओवर में सिराज की नीची रहती गेंद को लिटन विकेटों पर खेल बैठे जबकि इस तेज गेंदबाज ने जाकिर को पंत के हाथों कैच कराके बांग्लादेश का स्कोर चार विकेट पर 56 रन किया। कप्तान शाकिब अल हसन (03) 25 गेंद की अपनी पारी के दौरान जूझते दिखे और लगभग 20 महीने में अपना पहला टेस्ट खेल रहे कुलदीप की दूसरी ही गेंद पर स्लिप में कोहली को कैच दे बैठे। विकेटकीपर बल्लेबाज नुरुल हसन (16) ने कुलदीप पर दो चौके मारे लेकिन फिर बाएं हाथ के इसी स्पिनर की गेंद को शॉर्ट लेग पर शुभमन गिल के हाथों में खेल गए। कुलदीप ने इसके बाद अनुभवी बल्लेबाज मुशफिकुर रहमान (28) को फिरकी में उलझाकर पगबाधा किया जबकि इसी ओवर में ताइजुल इस्लाम (00) को बोल्ड करके बांग्लादेश का स्कोर आठ विकेट पर 102 रन किया। मेहदी हसन और इबादत ने इसके बाद कुछ उपयोगी रन जोड़े। मेहदी हसन ने कुलदीप जबकि इबादत ने अश्विन पर छक्का जड़ा। मेहदी हालांकि आठ रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब कुलदीप की गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेकर विकेटकीपर और स्लिप के बीच से चार रन के लिए चली गई। सुबह का सत्र अश्विन और कुलदीप के नाम रहा। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एक शतक और छह अर्धशतक जड़ने वाले 28 साल के कुलदीप ने 18वीं गेंद पर खाता खोला लेकिन मजबूत डिफेंस का नजारा पेश किया। उन्होंने स्लॉग और रिवर्स स्वीप खेलकर काफी रन जुटाए। वेस्टइंडीज के खिलाफ चार टेस्ट शतक सहित कुल पांच शतक जड़ने वाले अश्विन अपने 13वें अर्धशतक के दौरान काफी एकाग्र दिखे। छह विकेट पर 278 रन से आगे खेलते हुए भारत ने श्रेयस अय्यर (86) का विकेट आठवें ओवर में ही गंवा दिया जिन्हें इबादत हुसैन (70 रन पर एक विकेट)ने बोल्ड किया। अय्यर एक बार फिर शतक से वंचित रह गए और कल के स्कोर में चार रन ही जोड़ पाए। उन्होंने 192 गेंद की अपनी पारी में दस चौके लगाए। अय्यर ने पहला टेस्ट शतक पिछले साल नवंबर में अपने पदार्पण मैच में लगाया था और तभी से दूसरे शतक का इंतजार कर रहे हैं। शाकिब ने स्टार स्पिनर मेहदी हसन (112 रन पर चार विकेट) और तेज गेंदबाज खालिद अहमद (43 रन पर एक विकेट) को अश्विन और कुलदीप की साझेदारी तोड़ने की जिम्मेदारी सौंपी लेकिन भारतीय बल्लेबाजों ने उनका डटकर सामना किया। अश्विन ने लंच के बाद ताइजुल इस्लाम (133 रन पर चार विकेट) पर अपना दूसरा छक्का मारा और फिर अगली गेंद पर एक रन के साथ अर्धशतक पूरा किया।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पहली पारीः** राहुल बो खालिद 22,गल का यासिर बो ताइजुल 20,पुजारा बो ताइजुल 90,कोहली पगबाधा बो ताइजुल 01, पंत बो मेहदी हसन 46,अय्यर बो इबादत 86,पटेल पगबाधा बो मेहदी हसन 14,अश्विन स्टं नुरुल बो मेहदी हसन 58 , यादव पगबाधा बो ताइजुल 40, यादव नाबाद 15, सिराज का मुशफिकुर रहीम बो मेहदी हसन 04 ,**अतिरिक्तः** 08,**कुलः** (133.5 ओवर में सभी विकेट खोकर) 404 रन,**विकेट पतनः** 1-41, 2-45, 3-48, 4-112, 5-261, 6-278, 7-293, 8-385, 9-393 ,**गेंदबाजीः** इबादत 21-2-70-1,खालिद 20-3-43-1, शाकिब 12-4-26-0, ताइजुल 46-10-133-4, हसन 31.5-6- 112-4, यासिर 1-0-7-0, नजमुल 2-0-7-0
**बांग्लादेश पहली पारीः** शंटो का पंत बो सिराज 00, हसन का पंत बो सिराज 20,अली बो उमेश 04, दास बो सिराज 24,रहीम पगबाधा बो कुलदीप 28,हसन का कोहली बो कुलदीप 03,नुरुल का गिल बो कुलदीप 16,मेहदी मिराज नाबाद 16,इस्लाम बो कुलदीप 00, हुसैन नाबाद 13, **अतिरिक्तः** 09, **कुलः** 44 ओवर में आठ विकेट पर 133 रन, **विकेट पतनः** 1-0, 2-5, 3-39, 4-56, 5-75, 6-97, 7-102, 8-102, **गेंदबाजीः** सिराज 9-1-14-3, उमेश 8-1-33-1, अश्विन 10-1-34-0, कुलदीप 10-3-33-4, अक्षर 7-3-10-0

# जीत के जश्न में डूबा फ्रांस, मोरक्को को भी टीम पर गर्व



**भाषा**। पेरिस

**फ्रांस** के विश्व कप फाइनल में पहुंचते ही देश भर में फुटबॉल की दीवानगी चरम पर पहुंच गई और हर शहर में जश्न की शुरूआत भी हो गई जबकि मोरक्को के समर्थकों के चेहरों पर मायूसी तो थी लेकिन टीम के ऐतिहासिक प्रदर्शन पर उन्हें फख्र है। पेरिस में चैम्प्स एलिसीस पर फुटबॉलप्रेमियों का हुजूम उमड़ पड़ा जिन्होंने आतिशबाजी की और फ्रांस के झंडे लहराए। चारों तरफ कार के हॉर्न का शोर सुनाई दिया। शहर भर में दंगा रोकने वाली पुलिस गश्त करती दिखाई दी। पेरिस के बोलवाडर्स से लेकर मोरक्को की राजधानी रबात तक, फ्रांस के नीस से लेकर मोरक्को के मराकेश तक दोनों टीमों के समर्थक बड़ी संख्या में इस मैच को सार्वजनिक स्थलों पर देख रहे थे। बास्तिले स्क्वेयर पर जीत का जश्न मनाते 22 वर्ष के एड्रियन विगनाउ ने कहा , फ्रांस की महान जीत। लेकिन मोरक्को की भी तारीफ करनी होगी। यह जीत सिर्फ फ्रांस की नहीं बल्कि बोलने वाले हर व्यक्ति की है। हम सभी साथ हैं और रविवार को फाइनल में मोरक्को भी हमारे साथ होगा। मैड्रिड में मैच के बाद सोल स्क्वेयर पर जश्न मनाया गया। कुछ प्रशंसक मोरक्को के लाल रंग में रंगे थे तो कुछ फ्रांस के झंडे के तीन रंगों में। बेल्जियम के ब्रसेल्स में मैच के बाद झड़प देखने को मिली और अधिकारियों को तेज पानी की बौछार के साथ आंसूगैस के गोले छोड़ने पड़े। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार करीब 40 लोगों को हिरासत में लिया गया है। एंटवर्प में भी तनाव की खबरें मिली हैं। मोरक्को पर 1912 से 1956 के बीच फ्रांस का शासन था जिससे मैच की राजनीतिक और जज्बाती पृष्ठभूमि भी थी। मोरक्को ने अपेक्षा से कहीं बेहतर प्रदर्शन करते हुए ग्रुप चरण में दूसरी रैंक वाली बेल्जियम टीम को हराया और नॉकआउट में स्पेन तथा पुर्तगाल जैसे यूरोपीय दिग्गजों को मात दी। वह विश्व कप सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम बनी। फ्रांस में रह रहे दोहरी नागरिकता वाले कई प्रशंसकों में दुविधा थी कि इस मैच में किसका समर्थन करें।

### गौरवान्वित हैं मैकरोन

**अल खोर।** मोरक्को के खिलाफ फ्रांस का सेमीफाइनल मैच देखने कतर पहुंचे फ्रांस के राष्ट्रपति एमैन्युल मैकरोन ने कहा कि टीम के विश्व कप फाइनल में पहुंचने से वह गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। मैकरोन फीफा अध्यक्ष जियान्नी इनफेंटिनो के साथ अल बायत स्टेडियम में मौजूद थे जब फ्रांस ने मोरक्को को 2-0 से हराया। अब फाइनल में फ्रांस का सामना रविवार को अर्जेंटीना से होगा। मैकरोन ने मैच के बाद पत्रकारो से कहा , मुझे अपने देश पर गर्व है।

### फ्रांस–इंग्लैंड क्वार्टर फाइनल को अमेरिका में एक करोड़ से अधिक ने देखा

**न्यूयॉर्क।** फ्रांस और इंग्लैड के बीच विश्व कप फुटबॉल क्वार्टर फाइनल मैच को अमेरिका में 13 . 5 मिलियन (एक करोड़ 35 लाख) लोगो ने देखा। फ्रांस ने वह मैच 2-1 से जीता। इसे फॉक्स पर 83 लाख दर्शक, स्पेनिश भाषा के टेलेमुंडो पर 31 लाख, फॉक्स डिजिटिल प्लेटफॉर्म पर 560000 और स्ट्रीमिंग पर 15 लाख दर्शक मिले। नीदरलैंड और अर्जेंटीना के मैच को एक करोड़ 11 लाख लोगों ने देखा। वही मोरक्को और पुर्तगाल के बीच क्वार्टर फाइनल को 88 लाख दर्शकों ने देखा। क्रोएशिया और ब्राजील के बीच क्वार्टर फाइनल मैच को 74 लाख लोगो ने अमेरिका में देखा।

### बोरिस बेकर जेल से रिहा, जर्मनी लौटे

**लंदन।** जर्मनी के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी बोरिस बेकर ब्रिटेन की जेल मे आठ महीने की सजा काटने के बाद स्वदेश लौट गए है। बेकर के वकील ने गुरुवार को यह जानकारी दी। ब्रिटेल में 2012 से रह रहे जर्मनी के 55 साल के बेकर को गुरुवार सुबह रिहा किया गया और इसके कुछ देर बाद वह जर्मनी रवाना हो गए। बेकर के वकील क्रिस्टियन ओलिवर मोसर ने बयान में कहा कि बेकर ने अपनी सजा काट ली है और जर्मनी मे उसके खिलाफ दंड संहिता के तहत कोई कार्वाई नही होगी। मोसर ने हालांकि इसकी कोई जानकारी नही दी कि जर्मनी मे बेकर कहां है।

### यूपी की बालक व बालिका खो–खो टीम को पहला स्थान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की खो.खो टीम ने वाराणसी में चल रहे काशी तमिल संगमम के दौरान आयोजित खो.खो के मुकाबले में जीत दर्ज की। उत्तर प्रदेश ने बालक व बालिका दोनों वर्गो में तमिलनाडु को हराकर पहला स्थान हासिल किया। तमिलनाडु को दूसरा स्थान मिला। भारतीय खेल प्राधिकरण क्षेत्रीय केंद्र के कार्यकारी निदेशक संजय सारस्वत ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साह बढ़ाया।

### स्पोटर्स डे कल

**लखनऊ।** गुरुकुल एकेडमी आगामी 17 दिसंबर को अपना वार्षिक स्पोटर्स डे मनाएगा। कोरोना महामारी की वजह से दो साल बंद रहा यह कार्यक्रम केडी सिंह बाबू स्टेडियम मे खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन एथलीट सुधा सिंह करेगी। इस आयोजन में 4 साल से इंटर तक बच्चे भाग लेंगे। यह जानकारी विद्यालय की प्रधानाचार्या ने दी।

### सहुल का शानदार प्रदर्शन, पिंक पैंथर्स फाइनल में

**मुंबई।** जयपुर पिंक पैंथर्स ने शानदार प्रदर्शन की बदौलत गुरुवार को यहां बेंगलुरू बुल्स को 49-29 से हराकर प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के नौवे सत्र के फाइनल में प्रवेश किया। सहुल कुमार पैंथर्स के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे जिन्होंने सेमीफाइनल मैच मे 10 टैकल अंक जुटाए। जयपुर की टीम ने पहले हाफ मे 24-15 की बढ़त बनाई हुई थी।

### स्वियातेक, नडाल बने आईटीएफ विश्व चैम्पियन

**लंदन।** इगा स्वियातेक और राफेल नडाल को अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) ने गुरुवार को अपने 2022 आईटीएफ विश्व चैम्पियन के तौर पर सम्मानित किया। दोनों ने इस सत्र मे दो ग्रैंडस्लैम खिताब जीते है। आईटीएफ अपने पुरस्कार का फैसला करने के लिए सभी प्रतियोगिताओ को शामिल करता है जिसमें विशेष तवज्जो चार मेजर चैम्पियनशिप तथा दो टीम स्पर्धाएं बिली जीन किंग कप और डेविस कप को दी जाती है। ,

### चूके सालेट, लंबी कूद में उम्मीद

**नई दिल्ली।** गुजरात के स्प्रिंटर खुशाल सालेट दृष्टिबाधित खिलाड़ियों के लिए आयोजित की जा रही राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के 100 मीटर क्वालीफिकेशन में चूक गए और अब उनकी निगाहें अपनी पसंदीदा स्पर्धा लंबी कूद मे पदक जीतने पर लगी है।

# दिल्ली के खिलाफ महाराष्ट्र का पलड़ा भारी



किशन

**भाषा**। पुणे

**महाराष्ट्र** ने गुरूवार को यहां रणजी ट्राफी ग्रुप बी मैच के तीसरे दिन स्टंप तक यश धुल की अगुआई वाली दिल्ली के पांच विकेट झटककर अंतिम दिन के लिए अपना पलड़ा भारी रखा। दिल्ली ने दिन का खेल समाप्त होने तक पांच विकेट पर 233 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त महज 100 रन की है और उसके पांच बल्लेबाज पवेलियन लौट चुके हैं जिससे अंतिम दिन अगर टीम बचे हुए विकेट जल्दी गंवा देती है तो वह मुश्किल में पड़ सकती है। महाराष्ट्र के गेंदबाज चौथे दिन सुबह विकेट का फायदा उठाने का प्रयास करेंगे ताकि प्रतिद्वंद्वी टीम की बढ़त 200 रन से कम ही रखें जिससे वह जीत के लिए प्रयास कर सके। तीसरे दिन महाराष्ट्र की टीम अपने रात के स्कोर में महज 19 रन जोड़कर बचे हुए तीन विकेट गंवाते ही 324 रन पर आउट हो गई। 33 वर्षीय अक्षय पालकर अपना पहला प्रथम श्रेणी शतक पूरा करने में सफल रहे जिन्होंने 94 रन से आगे खेलना शुरू किया और वह पूरे 100 रन पर आउट हुए। दिल्ली के लिए तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 69 रन देकर चार विकेट झटके जबकि मयंक यादव और विकास मिश्रा ने दो दो विकेट हासिल किए। पहली पारी के आधार पर 133 रन की बढ़त लेने वाली महाराष्ट्र के गेंदबाजों ने ध्रुव शौरे को शून्य और अनुज रावत को पांच रन पर आउट कर जल्द ही दिल्ली को दबाव में ला दिया। लेकिन कप्तान धुल (57 रन) और नीतिश राणा (40 रन) सतर्कता से खेलते हुए दिल्ली को पटरी पर लाने में सफल रहे। पर राणा के 35वें ओवर में आउट होने के 10 रन बाद ही धुल भी पवेलियन लौट गए जिससे दिल्ली की टीम फिर मुश्किल में आ गई, तब उसका स्कोर चार विकेट पर 109 रन हो गया। वैभव रावल (55 रन) और हिम्मत सिंह (नाबाद 67 रन) ने स्कोरबोर्ड चलायमान रखा जिससे लगा की दिल्ली और विकेट नहीं गंवाएगी। लेकिन रावल के आउट होने से स्कोर पांच विकेट पर 213 रन हो गया। स्टंप होने तक टीम ने अपने स्कोर में 20 रन और जोड़े। विजयनगर में मुंबई ने आंध्र को नौ विकेट से हरा दिया। मुंबई ने अरमान जाफर (116 रन) के शतक से पहली पारी में 331 रन बनाए थे। टीम ने आंध्र को पहली पारी में 238 रन और दूसरी पारी में 131 रन पर समेट दिया। मुंबई ने एक विकेट पर 40 रन बनाकर जीत हासिल की।

### किशन का शतक, अर्जुन के दो विकेट

**रांची।** इशान किशान ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए दूसरे मैच मे दूसरा शतक जड़ा जिससे झारखंड ने गुरुवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच मे केरल के खिलाफ वापसी की लेकिन मेहमान टीम को पहली पारी में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल करने से नही रोक पाई। बांग्लादेश के खिलाफ सबसे तेज एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय दोहरा शतक जड़ने के एक हफ्ते से भी कम समय मे किशन ने 195 गेंद मे नौ चौकों की मदद से 132 रन की पारी खेली जिससे झारखंड की टीम चार विकेट पर 114 रन से उबरते हुए 340 रन बनाने में सफल रही। सौरभ तिवारी ने किशन का अच्छा साथ निभाते हुए जलज सक्सेना की गेंद पर बोल्ड होने से पहले 97 रन बनाए। दोनों ने पांचवे विकेट के लए 202 रन की साझेदारी की। पहली पारी मे 475 रन बनाने वाले केरल ने 135 रन की बढ़त हासिल की। टीम की ओर से सक्सेना ने 75 रन देकर पांच, बासिल थंपी ने 55 रन पर तीन जबकि वैशाख चंद्रन ने 81 रन देकर दो विकेट चटकाए। केरल ने दूसरी पारी मे एक विकेट पर 60 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त को 195 रन तक पहुंचाया। पोरवोरिम में अपने पदार्पण मैच मे शतक जड़कर अपने महान बल्लेबाज पिता सचिन तेंदुलकर की बराबरी करने वाले अर्जुन ने राजस्थान के खिलाफ तीसरे दिन 77 रन देकर दो विकेट चटकाए। अर्जुन ने महिपाल लोमरोर (63) और सलमान खान (40) को आउट किया। मोहित रेडकर ने भी 46 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। राजस्थान की टीम ने पहली पारी में 245 रन पर छह विकेट गंवा दिए है और टीम अब भी गोवा से 302 रन से पीछे है। गोवा ने पहली पारी नौ विकेट पर 547 रन बनाकर घोषित की थी। बेंगलुरू में कर्नाटक ने सेना के खिलाफ पहली पारी के आधार पर महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की।

### उप्र के खिलाफ बंगाल जीत से 101 रन दूर

**कोलकाता।** सलामी बल्लेबाज कौशिक घोष (नाबाद 69) और अनुस्तुप मजूमदार (नाबाद 44) की नाबाद पारियों से बंगाल गुरुवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के तीसरे दिन उत्तर प्रदेश के खिलाफ जीत के करीब पहुंच गया। बंगाल ने दूसरी पारी मे दो विकेट पर 156 रन बना लिए है और वह लक्ष्य से 101 रन दूर है। शुक्रवार को मैच का अंतिम दिन है। घोष ने 121 गेंद की अपनी पारी के दौरान 10 चौके मारे जबकि मजूमदार ने छह चौके जड़े इन दोनो के अलावा सुदीप कुमार घरामी ने भी 22 रन की पारी खेली। दो विकेट दाएं हाथ के तेज गेंदबाज शिवम मावी (46 रन पर दो विकेट) के खाते मे गए। इससे पहले उत्तर प्रदेश ने दिन की शुरुआत दूसरी परी मे चार विकेट पर 122 रन से की। रिंकू सिंह ने अपने कल के स्कोर में 45 रन जोड़ते हुए 89 रन बनाए जबकि आकाशदीप नाथ ने 53 रन की पारी खेली। इन दोनो के अलावा उत्तर प्रदेश की ओर से सलामी बल्लेबाज माधव कौशिक (19) ही दोहरे अंक मे पहुंच पाए। उत्तर प्रदेश की टीम ने आज 105 रन जोड़कर अपने बाकी बचे छह विकेट भी गंवा दिए जिससे टीम 65.3 ओवर मे 222 रन पर सिमट गई। बंगाल की ओर से तेज गेंदबाज आकाश दीप ने 52 रन देकर तीन विकेट चटकाए जबकि सायन मंडल, प्रीतम चक्रवर्ती और इशान पोरेल ने दो-दो विकेट हासिल किए। सोविमा ने उत्तराखंड ने दूसरी पारी मे एक विकेट पर 127 रन बनाकर नगालैड पर 20 रन की बढ़त हासिल कर ली है।

# कोहली जानते हैं, कब आक्रामक होना है और कब खेल पर दबदबा बनाना है : द्रविड़

**चटगांव।** मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का कहना है कि खेल की इतनी बेहतरीन समझ रखने वाले विराट कोहली आसानी से मैच के दौरान जान सकते हैं कि कब आक्रामक होना है और कब खेल पर नियंत्रण करना है। द्रविड़ इस बात से भी प्रभावित दिखे कि कोहली ट्रेनिंग के दौरान भी इसी मजबूत जज्बे को बरकरार रखते हैं। कोहली ने लंबे समय तक खराब फॉर्म के बाद इस साल के शुरू में संयुक्त अरब अमीरात में एशिया कप के दौरान फॉर्म में वापसी की। उन्होंने आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप में भी यही शानदार लय जारी रखी। पिछले हफ्ते पूर्व भारतीय कप्तान ने अपना 44वां वनडे शतक पूरा किया। द्रविड़ ने बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) द्वारा अपनी वेबसाइट पर एक वीडियो विज्ञप्ति में कहा, वह (विराट) जानता है कि कब आक्रामक होना है और कब खेल पर नियंत्रण करना है, उन्हें देखना शानदार है और अगर वह पारी को बढ़ा सकते हैं तो यह हमारे लिए अच्छा संकेत है।

### लगातार एक ही जगह पर गेंदबाजी करने की रणनीति का फायदा मिलाः सिराज



**चटगांव।** भारत के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने गुरूवार को कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ यहां शुरूआती टेस्ट में उन्हें लगातार एक ही जगह पर गेंदबाजी करने की रणनीति का फायदा मिला। बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव (33 रन देकर चार विकेट) और सिराज (14 रन देकर तीन विकेट) की अगुआई में भारतीय गेंदबाजी इकाई ने बांग्लादेश का स्कोर दूसरे दिन स्टंप तक पहली पारी में आठ विकेट पर 133 रन कर दिया। भारतीय टीम ने पहली पारी में 404 रन बनाए। सिराज ने अपनी सफलता का श्रेय निरंतर लाइन एवं लेंथ से गेंदबाजी करने को दिया। उन्होंने दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, लाल गेंद मेरी पसंदीदा है। मैं लाल गेंद से ज्यादा निरंतर गेंदबाजी करता हूं क्योंकि इसमें लाइन एवं लेंथ अहम होती है। श्रेय सभी गेंदबाजों को दिया जाना चाहिए।

# राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में डेविड और गौरव ने जीते स्वर्ण पदक



**लखनऊ।** इंडस इंटरनेशनल एकेडमी लखनऊ के खिलाड़ियों ने गाजियाबाद के महामाया स्टेडियम में गत 9 से 11 दिसंबर तक ओपन नेशनल ताइक्कांडो चैंपियनशिप में यूपी टीम का प्रतिनिधत्व करते हुए दो स्वर्णए तीन रजत व तीन कांस्य पदक जीतकर तीसरा स्थान हासिल किया। इसमें गौरव मिश्रा व डेविड यादव ने स्वर्ण पदक जीते। इन पदक विजेताओं को वापसी के बाद स्कूल परिसर में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि आनंद किशोर पाण्डेय सह सचिव उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ एवं निदेशक स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडियाद्ध एवं विद्यालय के चेयरमैन अतुल श्रीवास्तव ने पदक विजेताओं का सम्मान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि आनंद किशोर पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान में केंद्र सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार खेलों व खिलाड़ियों का पूरा ख्याल रख रही है। इससे खेलों में भविष्य काफी उज्जवल है और आप खेल को भी एक कॅरियर के तौर पर अपना सकते है। इस टीम के कोच अमरीश राठौर थे जबकि टीम मैनेजर मिस रिया सिंह थी।

### आनन्देश्वर पाण्डेय को मिला भारत गौरव अवार्ड

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के खेल पुरोधा डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ;कार्यकारी निदेशक हैंडबॉल एसोसिएशन इंडियाए महासचिव उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघए महासचिव उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघद्ध को खेलों के प्रसार में उल्लेखनीय योगदान के लिए भारत गौरव अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। सर छोटूराम की स्मृति में नयी दिल्ली में कांस्टीट्यूशन क्लब में हाल ही में आयोजित इस सम्मान समारोह में कलाए साहित्यए खेलए गायनए सौंदर्यए संस्कृतिए समाजसेवा व शिक्षा के क्षेत्र में किये गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए 21 विभूतियों को सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर डाण्आनन्देश्वर पाण्डेय को हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष मनीष कक्कड़, कराटे एसोसिएशन ऑफ़ यूपी के अध्यक्ष टीपी हवेलिया व महासचिव जसपाल सिंह, उत्तर प्रदेश ताइक्कांडो संघ के सचिव चंद्र कुमार शर्मा, उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के सचिव सुधीर शर्मा, वोवीनाम एसोसिएशन ऑफइंडिया के अध्यक्ष प्रवीण गर्ग, लखनऊ ओलंपिक संघ के महासचिव डा.सैयद रफ्त जुबैर रिजवी सहित विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों व खेल प्रेमियों ने बधाई दी।



### लखनऊ के पदक विजेता खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

**लखनऊ।** हाल ही में हुई कराटे की विभिन्न राष्ट्रीय व जोनल प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले लखनऊ के खिलाड़ियों को गुरुवार को कराटे एसोसिएशन ऑफ लखनऊ द्वारा आलमबाग स्थित कराटे टाउन अकादमी में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया गया। इन खिलाड़ियों ने इन प्रतियोगिताओं में 8 स्वर्ण, 3 रजत व 6 कांस्य सहित 17 पदक जीते थे। पदक विजेताओं को सम्मानित करते हुए कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के महासचिव व कराटे एसोसिएशन ऑफ लखनऊ के अध्यक्ष जसपाल सिंह ने बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा खेलों को लगातार प्रोत्साहन दिया जा रहा है जिसका परिणाम है कि लोगों का रुझान खेलों की ओर बढ़ रहा है। कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के अध्यक्ष टीपी हवेलिया ने कहा कि हम प्रदेश में प्रतिभाशाली कराटे खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इन खिलाड़ियों ने नई दिल्ली में एक दिसंबर को हुई नार्थ जोन कराटे चैंपियनशिप में एक रजत व एक कांस्यए दो दिसंबर को ऑल इंडिया इंटर जोनल कराटे चैंपियनशिप में चार स्वर्णए एक रजत व दो कांस्य पदक और तीन व चार दिसंबर को हुई आल इंडिया सब जूनियर कराटे चैंपियनशिप में चार स्वर्णए एक रजत व एक कांस्य पदक जीते थे।

# बिहार ने अरुणाचल को पारी और 221 रन से हराया

**भाषा**। पटना

**सचिन** कुमार के ऑलराउंड प्रदर्शन और मलय राज (35 रन पर पांच विकेट) के पांच विकेट से बिहार ने गुरुवार को यहां रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप मैच में अरुणाचल प्रदेश को पारी और 221 रन से रौंद दिया। पहली पारी में 29 रन पर तीन विकेट चटकाने के बाद बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर सचिन ने 198 गेंद में तीन छक्कों और 17 चौकों से 156 रन की पारी खेली जिससे बिहार ने 517 रन बनाकर पहली पारी के आधार पर 305 रन की बढ़त हासिल की। सकीबुल गनी अपने कल के 66 रन के स्कोर में बिना कोई रन जोड़े पवेलियन लौट गए जिसके बाद सचिन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम का स्कोर 500 रन के पार पहुंचाया। वह आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज रहे। दूसरी पारी में अरुणाचल की टीम 29.4 ओवर में सिर्फ 84 रन पर ढेर हो गई। मलय की धारदार गेंदबाजी के सामने अरुणाचल के सिर्फ तीन बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंच पाए। बिहार को इस जीत से बोनस अंक सहित सात अंक मिले। रंगपो में सिक्किम को मणिपुर के खिलाफ अंतिम दिन जीत के लिए 139 रन की और दरदार है। टीम ने दूसरी पारी में बिना विकेट खोए 21 रन बनाए हैं।

### मध्य प्रदेश ने जम्मू कश्मीर को पारी और 17 रन से हराया

**जम्मू।** मध्य प्रदेश के गेंदबाजों ने आवेश खान की अगुआई में गुरूवार को यहां रणजी ट्राफी ग्रुप डी मैच में एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए जम्मू कश्मीर पर पारी और 17 रन से विशाल जीत दर्ज की। खान ने 53 रन देकर तीन विकेट झटके जिससे मध्य प्रदेश ने फॉलोऑन खेल रही जम्मू कश्मीर को एक दिन रहते तीसरे दिन दूसरी पारी में 60.5 ओवर में 193 रन पर समेटकर जीत हासिल की। जम्मू कश्मीर की टीम मध्य प्रदेश के 308 रन के जवाब में पहली पारी में बुधवार को महज 98 रन पर सिमट गई थी। भारत के लिए पांच वनडे और 15 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले खान ने पहली पारी में 33 रन देकर पांच विकेट के शानदार प्रदर्शन से जम्मू कश्मीर को इस स्कोर पर समेटने में अहम भूमिका निभाई थी। दूसरी पारी में जम्मू कश्मीर 22वें ओवर में सात विकेट पर 45 रन बनाकर जूझ रही थी लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाज युद्धवीर सिंह (30 रन), साहिल लोटरा (66 रन) और ऑकिब नबी (44 रन) ने हार को कुछ देर के लिए टाला।

### मनोज प्रभाकर ने नेपाल पुरूष टीम के मुख्य कोच का पद छोड़ा

**काठमांडू।** पूर्व भारतीय आल राउंडर मनोज प्रभाकर ने गुरूवार को नेपाल क्रिकेट टीम के मुख्य कोच पद से हटने का फैसला किया। नेपाल क्रिकेट बोर्ड ने इसकी घोषणा की। 59 वर्षीय प्रभाकर ने इस पद पर चार महीने तक काम किया। भारत के लिए 1984 से 1995 तक 39 टेस्ट में 1600 रन और 96 विकेट चटकाने वाले प्रभाकर को अगस्त में नेपाली टीम का कोच नियुक्त किया था। वह देश के लिए 130 वनडे में 157 विकेट भी चटका चुके हैं। नेपाल क्रिकेट संघ ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर घोषणा की, मनोज प्रभाकर नेपाल पुरूष राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच पद से 15 दिसंबर 2022 को तुरंत प्रभाव से हट गए हैं।

### विलियमसन ने छोड़ी न्यूजीलैंड की टेस्ट कप्तानी, साउदी नए कप्तान

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड को पहली विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप जिताने वाले उसके सबसे कामयाब टेस्ट कप्तान रहे केन विलियमसन ने टेस्ट कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने बृहस्पतिवार को यह ऐलान किया। तेज गेंदबाज टिम साउदी को नया टेस्ट कप्तान बनाया गया है। 32 वर्ष के विलियमसन विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेलेंगे।